# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

# कच्ची शराब के अड्डे पर छापेमारी, लहन नष्ट

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरी चौरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा इब्राहिमपुर(ढोलहा) के पास स्थित फरेंन नाला के किनारे कुछ लोगों द्वारा अवैध अपमिश्रित,जहरीली शराब बनाने की मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव मय फोर्स के साथ शराब के अड्डों पर किया छापेमारी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से फरेन नाला के किनारे 110 लीटर अवैध कच्ची अपमिश्रित शराब,कच्ची शराब बनाने का उपकरण,भारी संख्या में भरे बड़े बड़े डब्बे, पांच भठ्ठिया,दस कुंतल महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। पुलिस की छापेमारी के दौरान शराब कारोबारी नाले में पानी होने के कारण कूदकर भाग निकले। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि कच्ची शराब के अड्डे पर छापेमारी किया गया110 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से पांच भठ्ठिया,दस कुंतल महुआ लहन नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि शराब कारोबारियों का नाम पता नोट किया गया है उनकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है,पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही होगी,मौके पर शांति व्यवस्था कायम है ।



# गोरखनाथ मंदिर में महामहिम ने की गुरु गोरक्षनाथ की पूजा










पैरामेडिकल
DMLT BMLT MSc (MLT) BPT
DRIT/BRIT B.Sc (Optometry) D.Pharma
CMS-ED,O.T. Tech. Ultrasound Tech., ANM,GNM
☎ : 0551-2203245
IIEIT PARAMEDICAL INSTITUTE

# पाक्सो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**रुकहट (एसएनबी)।** गगहा पुलिस ने शुक्रवार को मुखवीर की सूचना पर तीन वर्षो से अधिक समय से मुकदमा अपराध संख्या 227/19धारा363, 366, 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट का आरोपी अभियुक्त विजयमल अपनी मां के साथ गोरखपुर के पैडलेगंज बस स्टैंड से बस पकड़ कर कहीं जाने के फिराक में है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी विजय मल पुत्र शिवलाल निवासी अहिरौली को शुक्रवार को शाम साढ़े छह बजे हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

# लूट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने लूट के आरोपी को घटना में प्रयुक्त स्कूटी व लूट के साथ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि शनिवार को क्षेत्र के टेढ़िया बंधे से महाराजगंज जनपद के फरेंदा थाना क्षेत्र के शनीचरहीया आनंदनगर निवासी मंदीप कुमार पुत्र प्रदीप कुमार को गिरफ्तार के जेल भेज दिया गया। उसके पास से लूट की एक मोबाइल, एक पायल, आभूषण बिक्री किए तीस हजार नगद, घटना में प्रयुक्त स्कूटी, दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पिपराइच(एसएनबी)।** पिपराइच क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी मुसम्मी मोहम्मद अंसारी निवासी स्थानीय थाना के बरईपुर को वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह ने दोपहर बारह बजे घर से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने 376(2)एन , 323, 506 के तहत मुकदमा बीते इकत्तीस मई को दर्ज कराया था। पीड़िता ने मुस्समी मोहम्मद पर यह आरोप लगाया था कि उसके साथ उसने मारपीट और धमकी देकर दुष्कर्म किया।

# किराने की दुकान में आग लगाने का आरोप

**हाटा बाजार (एसएनबी)।** गगहा क्षेत्र के महुराई भुसवल निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने गगहा थाने में तहरीर देकर अपने किराना की दुकान में आग लगने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिये तहरीर में उन्होंने लिखा है कि उनकी मकान रावत पार चौराहे पर है जिसमें किराने की दुकान भी है। शुक्रवार की रात अज्ञात व्यक्ति ने दुकान में आग लगा दी। घटना की जानकारी डेढ़ बजे रात को मिली तबतक दुकान में रखा दो पहिया वाहन और इलेक्ट्रनिक कांटा, सामान त काउंटर में रखा नकदी राख हो गया । पीड़ित ने गगहा पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। हल्का दरोगा अनित राय का कहना है कि तहरीर मिली है छानबीन की जा रही है।

# 250 सीसीटीवी कैमरे से हो रही महामहिम की सुरक्षा की निगरानी

## फ्लीट के लिए 300 बैरियर लगे, चौकी इंचार्ज ने निकलवाया मरीज की गाड़ी

### शहर के अधिकांश हिस्से में सुबह से शाम तक पुलिस रही मुस्तैद

गोरखपुर (एसएनबी)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शनिवार दोपहर को करीब 1,15 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट से सर्किट हाउस, सर्किट हाउस से गीता प्रेस और गीता प्रेस से गोरखनाथ मंदिर और गोरखनाथ मंदिर से सर्किट हाउस तक की सड़क पर जगह -जगह पुलिस का पहरा रहा। राष्ट्रपति की सुरक्षा पूरी तरह फूल प्रुफ रही। तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई। सड़क किनारे घरों और दुकानों की छतों पर भी पुलिसकर्मी तैनात होकर निगरानी करते रहे। वहीं 250 सीसीटीवी कैमरों से महामहिम की सुरक्षा की निगरानी की जा रही है। साथ ही करीब 300 चौराहों, मोड़ पर बैरियर लगाया गया है ताकि फ्लीट गुजरने के समय कोई घुस न पाए। राष्ट्रपति , राज्यपाल और सीएम की फ्लीट गुजरने से आधा घंटे पहले से ही सड़क पर आवागमन बंद कर दिया गया। पुलिसकर्मी सुबह 9 बजे से ही ड्यूटी स्थल पर तैनात रहे।

**धूप ने पुलिसवालों को किया परेशान :** इधर कड़ी धूप ने पुलिसवालों को खूब परेशान किया। सुबह से राष्ट्रपति की फ्लीट गुजरने तक पुलिसकर्मी इधर -उधर छांव में बैठे नजर आए। लेकिन जैसे ही एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति पहुंचे पुलिसकर्मी सतर्क हो गये और सड़क पर पुलिस की गाड़ी दौड़ने लगी। जगह -जगह राहगीरों को रोका गया।

**सड़क से लेकर कार्यक्रम स्थल पर**

**250 कैमरा लगा :** राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए पुलिसफोर्स के अलावा कैमरों से भी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा के लिहाजा से 250 सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा कैमरा सर्किट हाउस इलाके में लगाया गया है। सर्किट हाउस में ही राष्ट्रपति सबसे ज्यादा वक्त रहेंगे यहीं उन्हें रात में भी रुकना है लिहाजा सबसे ज्यादा निगरानी इसी इलाके में रखा गया है। इसी इलाके में ड्रोन जैमर भी लगाया जा रहा है जिससे किसी तरह की साजिश को भी नाकाम की जा सके।

**जब चौकी इंचार्ज ने निकलवाया मरीज की गाड़ी**

कूड़ाघाट से राष्ट्रपति की फ्लीट गुजरने वाली थी। बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया गया था। सड़क खाली करा लिया गया था। इस दौरान देवरिया से एक मरीज कार से हास्पीटल जा रहा था। वह भी जाम में फंस गया। जैसे ही इसकी जानकारी चौकी इंचार्ज इंजीनियरिंग कालेज अमित कुमार चौधरी को मिली तो उन्होंने अन्य गाड़ियों को हटवाकर मरीज की गाड़ी को आगे जाने दिया। वहीं दूसरी ओर एक व्यक्ति बाइक से अपनी दो बेटियों को परीक्षा दिलवाने एमजी कालेज जा रहे थे। फ्लीट के नाते वह फंस गए चौकी इंचार्ज ने उन्हें भी निकलवाया। इसके अलावा एक छात्रा भी साइकिल से परीक्षा देने जा रही थी जिसके बाद उसे भी जाने दिया गया।

# धनंजय हत्याकांड में चार के खिलाफ हत्या का केस

गोरखपुर (एसएनबी)। शुक्रवार की रात नौ वजे गुलरिहा इलाके के वनगाई निवासी 17 वर्षीय धनंजय के हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार को अजय साहनी, राजेश साहनी, सजन साहनी और रवि के खिलाफ हत्या और मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पूर्व जिला पंचायत सदस्य लालू साहनी की तहरीर पर की है। उधर ग्रामीणों की पिटाई से घायल आरोपी अजय का मेडिकल कालेज में पुलिस कस्टडी में उपचार चल रहा है। आरोपी को वचाने में दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। गांव में एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात कर दी गयी हैं। शुक्रवार की रात पूर्व जिला पंयायत सदस्य लालू साहनी के भतीजे धनंजय की गोली मारकर हत्या कर दी थी

**गुलरिहा इलाके के बनगाई गांव में शुक्रवार की रात गोली मारकर की गई थी युवक की हत्या**

वनगाई गांव में ही एक व्रह्मभोज में शामिल होने लालू साहनी के भाई राजेश साहनी जा रहे थे। रास्ते में मनवढ़ों ने उसकी पिटाई कर दी थी। व्रह्मभोज में शामिल होने गए धनंजय को इसकी जानकारी हुई तो वह दौड़कर चाचा राजेश के पास पहुंच गया और वीच वचाव करने लगे। इसी से नाराज होकर अजय ने पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। ग्रामीणों ने दौड़ाकर अजय को दवोच लिया। उसकी पिटाई शुरू कर दी।

भटहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार सूचना पर थाने के सिपाही दयाशंकर पटेल और अनिल पहुंच गए। अजय के वचाव के दौरान सिपाही दयाशंकर का हाथ टूट गया तो वहीं अनिल भी चोटिल हो गए थे। इन दोनों ने आरोपी को वचाकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। वहीं पर इनका भी उपचार हुआ। पुलिस ने शनिवार को हत्या और मारपीट का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**कच्ची शराब का धंधेबाज है आरोपी अजय**

आरोपी अजय कच्ची शराव का धंधेवाज है। गांव के लालू साहनी और उनका परिवार उसका विरोध करते थे। कई वार थाने पर शिकायत भी की थी। अभी एक वर्ष पूर्व ही लालू साहनी ने तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इस वात से आरोपी अजय उनके परिवार से रंजिश रखता था।

# दो सीए समेत छह के खिलाफ केस

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखनाथ पुलिस ने सीए शक्ति शरण श्रीवास्तव, सीए मोहिल अग्रवाल, सम्राट शाहू, अमित कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव और अर्पित अग्रवाल के खिलाफ भावनाओं को भड़काने का केस

**बार एसोशिएसन के महामंत्री ने दर्ज कराया केस**

दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर टैक्स वार एसोशिएसन के महामंत्री एडवोकेट समरेंद्र सिंह की तहरीर पर किया है।

गोरखनाथ के हुमायुंपुर निवासी समरेंद्र सिंह टैक्स वार एसोशिएशन में एडवोकेट और वार के महामंत्री हैं। उन्होंने एडीजी को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि वे फेसवुक देख रहे थे। इस दौरान गोरखपुर के स्थानीय पोर्टल पर सीए शक्ति शरण श्रीवास्तव का इंटरव्यू चल रहा था।

आरोप है कि गोरखपुर लाइव के कार्यक्रम में शक्ति शरण श्रीवास्तव, मोहित अग्रवाल, सम्राट शाहू, अमित कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव और अर्पित अधिवक्ताओं के वारे में अभद्र टिप्पणी कर रहे थे। भावनाओं को भड़काने वाले वयान दे रहे थे। जिसके वाद एडीजी ने एसएसपी को जांच कराकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। शनिवार को गोरखनाथ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है।

# पिता अमरमणि व मां मधुमणि को रिहा करने की गुहार

गोरखपुर (एसएनबी)। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर गोरखपुर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की सुबह हिंदू सेवा आश्रम में जनता दर्शन के दौरान करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। हमेशा की तरह इस बार भी अधिकांश शिकायतें जमीनी विवाद और पुलिस से जुड़ी रहीं।

मुख्यमंत्री के जनता दर्शन कार्यक्रम में शनिवार को खास यह रहा कि हिंदू सेवा आश्रम तक ही फरियादी सीमित रहे।

**जनता दर्शन**

सीएम योगी वहां से निकलने के बाद हमेशा की तरह यात्री निवास की तरफ भी गए लेकिन वहां कोई फरियादी मौजूद नहीं था जबकि पिछली बार यहां करीब 800 लोगों ने अपनी शिकायतें मुख्यमंत्री के सामने रखी थी।

**महाराज जी ! अब तो रिहा करा दीजिए**

शनिवार को फरियादियों में पूर्व मंत्री अमर मणि त्रिपाठी के बेटे और नौतनवां के पूर्व विधायक अमन मणि त्रिपाठी अपने चाचा अजीत मणि त्रिपाठी के साथ जनता दर्शन में पहुंचे थे। अमन मणि ने सीएम योगी को प्रार्थनापत्र देकर अपने पिता अमर मणि और मां मधु मणि की सजा माफ कर उनकी रिहाई की गुहार लगाई। दोनों मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में गोरखपुर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।



गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार में फरियाद सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी

अमन मणि ने सीएम योगी आदित्यनाथ को बताया कि सरकार द्वारा कुशल आचरण वाले कैदियों की सजा माफ की जा रही है। मेरे पिता और माता दोनों अब तक 18 साल की सजा काट चुके हैं। ऐसे में उनकी क्षमा याचना का पत्र लंबे समय से विचाराधीन चल रहा है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि अगर आप आदेश दे देंगे तो मेरे माता और पिता की सजा माफ कर उन्हें रिहा कर दिया जाएगा।

**गुरु गोरखनाथ का पूजन कर की गो-सेवा :** सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार की सुबह मंदिर से बाहर आए तो सबसे पहले उन्होंने शिवावतारी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थली पर जाकर आशीर्वाद लिया। मंदिर भ्रमण करते हुए उन्होंने शाम को आयोजित राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की तैयारियों का भी जायजा लिया। इसके बाद सीएम गोशाला पहुंचे। जहां तकरीबन 30 मिनट तक गोसेवा की। गोसेवकों से संवाद कर गर्मियों में गायों की देखभाल की जानकारी लेते हुए जरूरी सलाह भी दी। उसके बाद वापसी में अपने श्वान कालू और गुल्लू से भी मिले। इसके बाद सीएम जनता दर्शन के लिए हिन्दू सेवाश्रम पहुंचे।

**सिडबी के आरओ प्लांट का उद्घाटन किया :** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ही हिंदूसेवा आश्रम के बगल स्थित मंदिर गेट से सटे सिडबी (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) की तरफ से लगाए गए आरओ प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने बैंक के अधिकारियों से आरओ प्लांट के बावत जानकारी भी हासिल की।

# प्रेसीडेंट ने गोरखनाथ मंदिर में किए दर्शन-पूजन, की गौसेवा

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

## एयरपोर्ट पर सीएम ने किया वेलकम, विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 June):** गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार की दोपहर 12.35 बजे प्रेसीडेंट अपनी धर्मपत्नी और देश की प्रथम महिला नागरिक सविता कोविन्द, पुत्री स्वाति कोविन्द के साथ एयरफोर्स के विशेष विमान से एयरपोर्ट पहुंचे. उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहीं. सीएम योगी आदित्यनाथ ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया. एयरपोर्ट से राष्ट्रपति की फ्लीट सर्किट हाउस पहुंची. वहां आराम करने के बाद वह शाम को गीता प्रेस पहुंचे. गीता प्रेस के लीला चित्र मंदिर में देवी- देवताओं के चित्रों का दर्शन करने के बाद गीता प्रेस में आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम के मंच पर राष्ट्रपति, उनकी पत्नी, राज्यपाल और सीएम पहुंचे.




राष्ट्रपति ने सपरिवार गुरु गोरखनाथ के दर्शन किए. साथ में मौजूद राज्यपाल, सीएम.

### समाधि स्थल पर टेका माथा

कार्यक्रम के बाद वह गोरखनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गए. मंदिर में गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन करके प्रेसीडेंट ने आशीर्वाद लिया. ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर माथा टेककर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी. गोशाला में जाकर राष्ट्रपति ने गोसेवा की. गायों को गुड़, रोटी और हरा चारा खिलाया.



राष्ट्रपति संग सीएम ने गौसेवा की. इस दौरान राज्यपाल मौजूद रहीं.

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT



नौकायन में बच्चों से रूबरू हुए राष्ट्रपति और सीएम.

# नया सवेरा लाया स्वर्णिम शाम राष्ट्रपति के लिए जगमगाई रात

**प्रेसीडेंट, गवर्नर और सीएम ने नौकायन में बच्चों संग लिया लाइट एंड साउंड का आनंद**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 June):** रामगढ़झील में ऊंची उठती पानी की लहरों पर 30 मिनट के लाइट एंड शो में प्रेसीडेंट रामनाथ कोविंद, गवर्नर आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के स्वर्णिम अतीत को देखा. लेजर शो के विशेष पैकेजिंग को देखकर राष्ट्रपति काफी खुश दिखे. पूरे 20 मिनट तक वह अपलक शो में प्रदर्शित एक-एक तथ्य को देख रहे थे.



लाइट एंड साउंड शो के जरिए राष्ट्रपति ने देखा गोरखपुर का स्वर्णिम अतीत.

## लेजर के माध्यम से दिखाया स्वर्णिम अतीत

राष्ट्रपति रात 8 बजे नया सवेरा के मुख्य द्वार पर पहुंच गए. जहां स्कूली बच्चों से हालचाल पूछा. कुछ बच्चों से उन्होंने नाम और क्लास भी पूछा. एक बच्चे से पूछा कि कुछ नाश्ता भी मिला है. बच्चे ने कहा, जी सर. इसके बाद लाइट एंड शो के लिए लगी कुर्सियों पर बैठ गए. 8.05 बजे लाइट एंड शो शुरू हुआ. एक-एक कर गोरखपुर और आसपास के स्वर्णित अतीत को पानी की लहरों पर लेजर के माध्यम से दिखाया गया. विशेष शो में कुशीनगर में बुद्ध और मगहर में कबीर के परिनिर्वाण स्थली के बारे में जानकारी दी गई. गीता प्रेस की यात्रा पर भी विस्तार से जानकारी दी गई. स्वतंत्रता संग्राम में चौरीचौरा के विद्रोह से लेकर बंधू सिंह की वीरता की गाथा का भी शो में समावेश किया गया. गोरखपुर यूनिवर्सिटी की स्थापना में गोरक्षपीठ के योगदान को भी शो के माध्यम से बताया गया. 8.35 बजे लाइट एंड साउंड शो खत्म हुआ तो राष्ट्रपति, गवर्नर और सीएम ने संयोजन को लेकर आयोजकों को बधाई दी.

## झील में रंग-बिरंगी बोट को देख खुश हुए राष्ट्रपति

झील में रंग-बिरंगी लाइटों से सजी बोट और नया सवेरा की लाइटिंग को देखकर किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि ये वही रामगढ़झील है, जिसे देखकर लोग नाक ही नहीं आंखें भी बंद करते दिखते थे. आम लोग तो विहंगम दृश्य देखकर निहाल थे ही, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद झील की आभा देखकर काफी खुश दिखे. इस दौरान राष्ट्रपति की धर्मपत्नी सविता कोविंद और पुत्री स्वाति कोविंद भी खुश नजर आईं.

## बदला सा रहा नजारा

पैडलेगंज से लेकर नया सवेरा तक पूरा नजारा बदला-बदला सा था. शाम 5 बजे के बाद ही किसी के प्रवेश पर रोक थी. शाम करीब 5 बजे स्कूली बच्चों की गाड़ियां नया सवेरा पर पहुंचीं. जहां उन्हें पहले से निर्धारित स्थान पर बिठाया गया. आरपीएम स्कूल के प्रबंधक अजय शाही ने बताया कि देखकर आंखों को यकीन नहीं हो रहा है कि ये विहंगम दृश्य गोरखपुर का है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने असंभव को संभव कर दिखाया है. इसे साफ रखने की जिम्मेदारी नागरिकों की ही है. वहीं जीडीए वीसी प्रेम रंजन सिंह से लेकर संपत्ति अधिकारी यशवंत सिंह तक व्यवस्था को लेकर सक्रिय दिखे. पूरा नया सवेरा रंग बिरंगी लाइटों से जगमग था ही, वहां अभूतपूर्व सफाई भी दिखी.

## राष्ट्रपति संग लाइड एंड साउंड शो देख छात्र निहाल

नया सवेरा में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के स्वागत में हुए 20 मिनट के लाइंड एंड शो में गोरखपुर के स्वर्णिम अतीत को 100 छात्र-छात्राओं ने भी देखा. सिविल लाइंस स्थित आरपीएम एकेडमी समेत कुछ अन्य स्कूली छात्र-छात्राएं राष्ट्रपति के साथ शो देखकर काफी गदगद दिखे. राष्ट्रपति के आगे इन 100 छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था की गई थी. सभी छात्र-छात्राएं हाथों में राष्ट्रपति के सम्मान में तख्तियां लेकर बैठे थे.

# स्वागत को मगहर तैयार, आज जाएंगे राष्ट्रपति कोविंद

**GORAKHPUR (4 June):** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 5 जून (रविवार) को संत कबीर साधना स्थली मगहर जाएंगे. राष्ट्रपति के आगमन को लेकर कबीर चौरा, मगहर में शनिवार को दिन भर तैयारियां चलती रहीं. अधिकारी सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेटिंग करवाते रहे. रविवार को राष्ट्रपति द मगहर में संत कबीर की समाधि और मजार स्थल का दर्शन कर मत्था टेकने के बाद कबीर अकादमी का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही पर्यटन के लिए कराए गए विकास कार्यों का भी लोकार्पण करेंगे. संत विचार दास ने बताया कि रविवार को सुबह 9 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट से मगहर के लिए राष्ट्रपति रवाना होंगे. मगहर में कबीर चौरा में बने हेलीपैड पर राष्ट्रपति को हैलिकॉप्टर उतरेगा. यहां से उतरकर राष्ट्रपति कबीर की मजार, समाधि स्थल और कबीर गुफा के दर्शन करेंगे.

# साहित्य का मंदिर गीता प्रेस, सनातन धर्म को बचाने में अद्भुत योगदान: राष्ट्रपति कोविंद

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

**अधूरी है यात्रा, ईश्वर से करूंगा प्रार्थना, दोबारा करूं गीता प्रेस का दर्शन**



राष्ट्रपति का संबोधन.



राष्ट्रपति, राज्यपाल और सीएम ने किया 2 ग्रंथों का विमोचन.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 June):** प्रेसीडेंट रामनाथ कोविंद ने कहा कि यह संयोग या है दैयोग, मुझे नहीं पता लेकिन यह मेरे पिछले जन्मों का पुण्य है जो गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला. उन्होंने मंच से राज्यपाल, सीएम और गीताप्रेस से जुड़े पदाधिकारियों और कर्मचारियों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने पर प्रसन्नता जताई. शुक्रवार की शाम प्रेसीडेंट गीताप्रेस में आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान उनकी धर्मपत्नी सविता कोविंद भी मौजूद रहीं.

## सामान्य की कल्पना प्रेस गीता प्रेस साहित्य का मंदिर

उन्होंने कहा, लीला चित्र मंदिर के भ्रमण का अवसर प्राप्त हुआ. मैं मुख्यमंत्री जी को कह रहा था कि यह कल्पना है कि 400 वर्ष पुरानी चित्रों में अद्भुत नजारा दिख रहा है, जिन चित्रकारों ने इसे बनाया है वह अद्भुत हैं. जिस इंसान ने भी यह किया होगा. उस इंसान के अंदर भगवान की कृपा रही होगी. राष्ट्रपति ने कहा कि लीला चित्र मंदिर में एक गीता की पांडुलिपि को भी देखने का सौभाग्य मिला. उसे दूरबीन से दिखाया गया. मैं हैरान था कि एक छोटे से आकार में पूरी गीता का वर्णन अद्भुत है. उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रेसीडेंट ने कहा कि गीता प्रेस को आगे ले जाने में हनुमान जी की बड़ी कृपा है. उन्होंने कहा कि मेरे जैसे सामान्य व्यक्ति के लिए गीता प्रेस की अवधारणा एक प्रेस की है. लेकिन गीता प्रेस साहित्य का मंदिर है.

## यात्रा अधूरी, दोबारा आने की जताई इच्छा

प्रेसीडेंट ने कहा कि सनातन धर्म को बचाए रखने में जितना योगदान मंदिर और तीर्थ स्थल दे रहे हैं. उतना ही योगदान गीता प्रेस के साहित्य का है. उन्होंने गीता प्रेस की मासिक पत्रिका कल्याण की सराहना करते हुए बताया कि वह नियमित पाठक हैं. इस दौरान प्रेसीडेंट ने कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति को उच्च स्थान दिए जाने पर गीता प्रेस प्रबंधन की तारीफ भी की. गीता प्रेस से पुस्तकों के प्रकाशन, उसकी भूमिका पर विधिवत चर्चा करते हुए उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त की. उन्होंने कहा कि लीला चित्र मंदिर के भ्रमण के दौरान यह महसूस हुआ कि यात्रा अधूरी है. अभी मुझे एक बार और आना है. कब आना है या कब आना होगा ये संयोग कब बनेगा निश्चित नहीं. लेकिन मेरे मन की इच्छा है और मैं ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि यह मेरी इच्छा जल्द से जल्द पूरी हो. गीता प्रेस देश के बाहर भी अपनी शाखाएं खोलने की तैयारी कर रहा है. मेरा सचिवालय गीता प्रेस को अन्य देशों में स्थापित करने में सहयोग करेगा. प्रेसीडेंट ने सस्ते दर पर लोगों को धार्मिक पुस्तकें उपलध कराने के लिए मैं ट्रस्ट का आभार भी जताया. इस मौके पर गीता प्रेस के कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य शिव प्रताप शुक्ल, राज्यसभा सदस्य डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल, सांसद रवि किशन शुक्ला, सांसद कमलेश पासवान, मेयर सीताराम जायसवाल आदि मौजूद रहे.

## समाज को आदर्श, लोगों को नैतिक बना रहा गीता प्रेस

शताब्दी वर्ष समारोह में आरपीएफ बैंड ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति के बाद ट्रस्टी की ओर से राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ का वेलकम किया गया. शताब्दी वर्ष समारोह के शुभारंभ पर प्रेसीडेंट और राज्यपाल के समक्ष सीएम ने दो ग्रंथों का विमोचन किया. सीएम ने राज्यपाल को गुजराती भाषा में पुस्तक भेंट की. अपने संबोधित में सीएम योगी ने कहा कि गीता प्रेस जिसने विगत 100 वर्षों में करोड़ों पुस्तकों का प्रकाशन कर उल्लेखनीय कार्य किया है. राष्ट्रपति के इस कार्यक्रम में आने पर उनका अभिनंदन करता हूं. राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि गीता प्रेस समाज को आदर्श और लोगों को नैतिक बनाने का काम कर रहा है. घर घर गीता और रामचरित मानस पहुंचाने में गीता प्रेस की बड़ी भूमिका है. इन दोनों ग्रंथों, तीन सौ रंगीन चित्रों के साथ आर्ट पेपर पर श्रीरामचरितमानस और गीता प्रेस के संस्थापक जयदयाल गोयंदका रचित गीता तत्व विवेचनी का प्रकाशन शताब्दी वर्ष पर किया गया है. सीएम योगी ने दोनों ग्रंथों की प्रति प्रेसीडेंट को भेंट की.



---



राष्ट्रपति से मिलकर अच्छा लगा. गोरखपुर के लिए गौरव का क्षण है, आज हमारे बीच राष्ट्रपति राम कोविंद आए हैं. उनका मार्गदर्शन इस जिले के लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है.

**प्रो. राजेश सिंह,** वीसी, डीडीयूजीयू



गोरखपुर लगातार उपलब्धियां बटोर रहा है. हमारे स्कूल के बच्चे रामगढ़ताल में राष्ट्रपति के प्रोग्राम में शामिल हुए. ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है. बच्चे भी उनसे मिलकर बहुत खुश हैं.

**अजय शाही,** डायरेक्टर आरपीएम



गीता प्रेस गोरखपुर की पहचान है, इसके लिए राष्ट्रपति ने टाइम निकाला, ये उनका बड़प्पन है. उनका आना ये दर्शाता है कि गोरखपुर पर उनकी विशेष कृपा है.

**श्रीनारायण पाण्डेय,** रंगकर्मी



गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होकर राष्ट्रपति ने गीता प्रेस को देश ही नहीं विदेशों में भी रेखांकित किया. राष्ट्रपति के आने से गोरखपुर की विकास यात्रा को एक नई रफ्तार मिली है.

**शरदमणि त्रिपाठी,** संगीत विशेषज्ञ



राष्ट्रपति के गोरक्षनगरी में आने से यहां का मान-सम्मान एक स्तर और ऊपर पहुंच गया है. गीता प्रेस में इतने उच्च पद पर आसीन व्यक्ति के आने से गोरखपुर को एक नई पहचान मिली है.

**सविता वर्मा,** कवयित्री

# भूमि विवादों की अनसुनी पर सीएम सख्त

**GORAKHPUR (4 June):** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन किया. इस दौरान करीब 150 लोगों की फरियाद सुनकर उन्होंने कार्रवाई का निर्देश दिया. जनता दर्शन में पहले की तरह भूमि विवाद और थानों पर कार्रवाई न करने की शिकायतें सामने आईं. पब्लिक की बात सुनकर सीएम ने कार्रवाई का निर्देश अधिकारियों को दिया. सीएम के जनता दर्शन में शनिवार को पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी भी पहुंचे. उनके साथ चाचा अजीतमणि त्रिपाठी भी थे. पूर्व विधायक ने अपने पिता अमरमणि और मां मधुमणि की सजा माफ करने की गुहार सीएम से लगाई. दोनों को मधुमिता शुक्ला मर्डर कांड में आजीवन कारावास की सजा हुई है. अमनमणि ने सीएम को बताया कि कुशल व्यवहार वाले कैदियों की सजा माफ की जा रही है. उनके माता-पिता भी 18 साल की सजा काट चुके हैं. उनकी क्षमा याचना का पत्र लंबे समय से विचाराधीन है. पूर्व विधायक ने सीएम से अनुरोध किया कि अगर आप आदेश दे देंगे तो मेरे माता और पिता की सजा माफ कर उन्हें रिहा कर दिया जाएगा.

# 30 वाहनों का चालान, 77 हज़ार की वसूली

**चौरीचौरा।** चौरीचौरा के अवधपुर, अयोध्याचक सरदारनगर रोड स्थित धर्म कांटे पर शनिवार की शाम प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने सड़क पर लगाए गए 17 ट्रकों का चालान कर और 52 हजार शमन शुल्क वसूल किया। वहीं चारपहिया व दोपहिया वाहनों का कुल कुल 30 गाड़ियों का चालान किया गया और समन शुल्क के रूप में 77 हजार वसूल किया गया।

# दो सीए सहित छह पर अभद्र टिप्पणी का मुकदमा

**गोरखपुर।** टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री समरेंद्र सिंह ने शहर के दो सीए सहित छह लोगों पर अभद्र टिप्पणी और भावनाओं को भड़काने से जुड़े मामले में गोरखनाथ थाने में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि फेसबुक लाइव कार्यक्रम में सीए व अन्य ने अधिवक्ताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी।

# गोला में ग्राहक सेवा केंद्र से 2.25 लाख की लूट

- संचालक ने दो नामजद सहित चार के खिलाफ दी तहरीर
- पैसे के लेन-देन में मारपीट का मामला मान रही है पुलिस

गोला बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। गोला थाना क्षेत्र के डंडवापार चौराहा पर स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र से शनिवार को सवा दो लाख रुपये की लूट की शिकायत की गई है।

संचालक ने चार बदमाश पर लूट का आरोप लगाया है उनका कहना है कि चारों ने बांध रखा था। हालांकि पीड़ित के भाई ने दो बदमाशों को पहचानने का दावा किया है उन्होंने दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस लूट की घटना को संदिग्ध बता रही है। पुलिस के मुताबिक पैसे के लेन-देन का विवाद की बात सामने आ रहा है।

गोला के पाण्डेय पार उर्फ डंडवा निवासी भाष्कर गौतम का बेटा मनीष डंडवापार चौराहे पर भारतीय स्टेट बैंक से सम्बन्ध ग्राहक सेवा केंद्र चलाता। मनीष का छोटा भाई डब्बू तथा आदर्श नामक ऑपरेटर भी वहां काम करता है। पुलिस को दिए तहरीर में मनीष ने बताया कि अपराह्न ग्राहक सेवा केंद्र पर मेरा छोटा भाई व ऑपरेटर मौजूद थे। दो महिलाएं थी। छोटे भाई ने बताया कि लाल व सफेद रंग की बाइक से गमछा से मुंह बांधे चार लोगो ने काउंटर से रुपया निकाल लिया।



शनिवार को राष्ट्रपति का आगमन जिले में हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से सर्किट हाउस जाता राष्ट्रपति का काफिला।

# सुरक्षा में पांच हजार जवान रहे मुस्तैद

**राष्ट्रपति का दौरा**

- सर्किट हाउस इलाके को घेरा बनाकर पूरी रात रही पुलिस मुस्तैद
- तीन कार्यक्रम स्थलों के साथ सर्किट हाउस के चारों तरफ किलेबंदी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के लिए शनिवार की दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की सुरक्षा में करीब पांच हजार फोर्स चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही। सर्किट हाउस से गीता-प्रेस और फिर गोरखनाथ मंदिर तक की सड़कों पर पुलिस का जबरदस्त पहरा रहा। राष्ट्रपति को सर्किट हाउस में रात्र विश्राम है लिहाजा यहां अभूतपूर्व सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। पूरे सर्किट हाउस को सुरक्षा के लिहाज से सख्त पहरे में रखा गया है। सर्किट हाउस इलाके में प्रशासन ने ड्रोन जैमर भी लगाया है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जैसे ही गोरखपुर एयरपोर्ट पर इस इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी गई। थल-नभ और जल की सुरक्षा में पुलिस कर्मी तैनात किए गए। सबसे ज्यादा चुनौती गीता प्रेस इलाके में थी। यहां की सड़कें संकरी और घनी आबादी की वजह से सुरक्षा को लेकर चुनौती थी लेकिन पूरे रास्ते और छतों पर फोर्स का पहरा रहा। कार्यक्रम के समय गीता प्रेस को चारों तरफ से सुरक्षा घेरे में रखा गया था। गीता प्रेस से लगे कुछ इलाकों की खिड़कियों से परिसर में देखा जा सकता है लिहाजा उन सभी खिड़कियों को बंद कराने के साथ ही वहां पुलिस की ड्यूटी लगाई गई।

इसी के साथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में सुरक्षा पहले से पुख्ता रही पर रास्ते में चप्पे-चप्पे पर फोर्स लगाई गई थी। गीता प्रेस और गोरखनाथ मंदिर का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सुरक्षा का पूरा फोकस सर्किट हाउस इलाके में ही रहा। वहां के नौकायन केन्द्र से लेकर सर्किट हाउस के चारों तरफ फोर्स मौजूद रही। सुरक्षा का एक ऐसा घेरा बनाया गया था कि उसके अंदर कोई भी आसानी से घुस नहीं सकता। वहीं रामगढ़ झील में भी एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ ही पुलिस की टीम लगाई गई थी। इस इलाके में 100 के करीब सीसी कैमरा भी लगाया गया था जिससे चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जाए।

## इतनी लगाई गई थी फोर्स

- एसपी - 11 • एएसपी - 11
- डीएसपी - 35 • कांस्टेबल : 2000
- पीएसी :10 कंपनी ट्रैफिक पुलिस - 250 • फायर ब्रिगेड, बीपी व्हीकल सहित अन्य सुरक्षा उपकरण
- एटीएस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां

## आरपीएफ बैंड ने बजाई राष्ट्रगान की धुन

गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान राष्ट्रपति के मंच पर आगमन के पश्चात और उनके संबोधन के बाद राष्ट्रगान हुआ। राष्ट्रगान की धुन को आरपीएफ की बैंड ने बजाई।

## सीएम ने 150 फरियादियों की हिन्दूसेवाश्रम में सुनीं समस्याएं

# गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर संतुष्ट कराएं : योगी

**जनता दर्शन**

- सीएम ने कहा- एक ही समस्या पर लोगों को चक्कर न लगाना पड़े
- अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद और पुलिस विभाग से जुड़ी रहीं

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि जनसमस्याओं का गुणवात्तापूर्ण तरीके से निस्तारण कराएं। समस्या-शिकायतों के समाधान से लोगों का संतुष्ट होना जरूरी है। एक ही तरह की समस्या को लेकर लोगों को जनता दर्शन या वरिष्ठ अधिकारियों के यहां बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के गोरखपुर दौरे पर स्वागत के लिए गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

मुख्यमंत्री ने हिन्दू सेवाश्रम में तकरीबन 150 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में अधिकाश शिकायतें भूमि विवाद और पुलिस से जुड़ी रहीं। कुछ लोगों ने इलाज के लिए भी सीएम से मदद की गुहार लगाई। हालांकि राष्ट्रपति के कार्यक्रम के मद्देनजर जनता दर्शन में शिकायतियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। मुख्यमंत्री ने लोगों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

**गुरु गोरखनाथ का पूजन कर की गो-सेवा:** सीएम योगी शनिवार की सुबह मंदिर से बाहर आए तो सबसे पहले उन्होंने गुरु गोरखनाथ के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर भ्रमण करते हुए राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की तैयारियों का भी जायजा लिया। इसके बाद गोशाला पहुंचे और गर्मी में गायों की देखभाल की जानकारी ली।

**आरओ प्लांट का सीएम ने किया उद्घाटन :** सीएम योगी ने शनिवार को ही हिन्दू सेवा आश्रम के बगल स्थित मंदिर गेट से सटे सिडबी (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) की तरफ से लगाए गए आरओ प्लांट का उद्घाटन किया। बैंक अधिकारियों से आरओ प्लांट के बारे में विस्तार से जानकारी भी ली।

**मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर दी बधाई:** गैलेंट ग्रुप के चेयरमैन चन्द्र प्रकाश अग्रवाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कर्मठ, मेहनती व दृढ़ इच्छाशक्ति से परिपूर्ण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास की संस्कृति विकसित हो रही है।



शनिवार को गोरखनाथ मन्दिर के हिन्दू सेवाश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। • हिन्दुस्तान

### महाराज जी! मां-पापा को रिहा करा दीजिए: अमन मणि

जनता दर्शन में पूर्व मंत्री अमर मणि त्रिपाठी के बेटे और नौतनवा के पूर्व विधायक अपने चाचा अजीत मणि त्रिपाठी के साथ पहुंचे। अमन मणि ने सीएम को प्रार्थना पत्र देकर अपने पिता अमर मणि और मां मधु मणि की सजा माफ कराने की गुहार लगाई। दोनों मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में गोरखपुर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। अमन मणि ने मुख्यमंत्री को बताया कि सरकार द्वारा कुशल आचरण वाले कैदियों की सजा माफ की जा रही है। मेरे पिता और माता दोनों अब तक 18 साल की सजा काट चुके हैं। उनकी क्षमा याचना का पत्र लंबे समय से विचाराधीन है, उनकी सजा माफ कर उन्हें रिहा करने पर विचार करें।

# महामहिम ने की गुरु गोरक्षनाथ की पूजा

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पत्नी सविता कोविंद के साथ शनिवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। नाथ पंथ की इस पीठ पर पधारे राष्ट्रपति का गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में अभूतपूर्व स्वागत हुआ। राष्ट्रपति ने गोरखनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद गोशाला जा कर गोसेवा की। मुख्यमंत्री की तरफ से आयोजित जलपान में शामिल हुए। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी गोरखनाथ मंदिर पहुंचीं।

गीता प्रेस में शनिवार को समारोह संपन्न होने के बाद राष्ट्रपति का काफिला गोरखनाथ मंदिर पहुंचा। यहां मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही उनका स्वागत लोक नृत्यों से हुआ। रेड कॉरपेट पर अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत राष्ट्रपति अपने वाहन से उतर लोक कलाकारों के बीच पहुंच गए। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर ताली बजाकर और उनसे आत्मीय संवाद कर हौसला बढ़ाया। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. यूपी सिंह, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत मिथिलेश नाथ, गोरखनाथ मंदिर के सचिव द्वारिका तिवारी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, देश की प्रथम महिला सविता कोविंद व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का स्वागत किया गया।

## वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा मंदिर परिसर

101 वेदपाठी विद्यार्थियों के उच्चारित वेदमंत्रों की गूंज के बीच राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य मंदिर में शिवावतारी गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा समक्ष पहुंचे और श्रद्धावनत होकर दर्शन किया। यहां राष्ट्रपति के साथ गुरु गोरखनाथ संस्कृत विद्यापीठ के आचार्य एवं प्रधान पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी एवं उनकी टीम ने पूजन की प्रक्रिया संपन्न कराई।



गोरखनाथ मन्दिर की गौशाला में गाय को गुड़ खिलाते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद।



गोरखनाथ मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री योगी के साथ लोगों से मिलते राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द और राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल।

## 170 विशिष्ट जनों से मिले राष्ट्रपति

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित ब्रह्मलीन महंत दिग्विजय नाथ स्मृति सभागार में राष्ट्रपति के सम्मान में गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की तरफ से जलपान का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में आमंत्रित 170 अति विशिष्टजनों से राष्ट्रपति ने भेंट की। इस कार्यक्रम में महापौर सीताराम जायसवाल, पूर्व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री शिव प्रताप शुक्ला, जयप्रकाश निषाद, राज्यसभा सदस्य डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, सांसद रवि किशन शुक्ला, सांसद कमलेश पासवान, सांसद प्रवीण निषाद, विधायक राजेश त्रिपाठी, सरवन निषाद, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ला आदि रहे।


## मंदिर में राष्ट्रपति से मिले प्रबुद्ध जन

गोरखपुर। गीता प्रेस से गोरखनाथ मंदिर पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध जन पहुंचे। यहां अल्पाहार के साथ परिचय भी हुआ। राष्ट्रपति ने काफी सहजता से सभी से मुलाकात की।

गोरखनाथ मंदिर में राष्ट्रपति से मिलने चारों विधि के कुलपति, शिक्षाविद, व्यापारी, उद्यमी, डॉक्टर, अधिवक्ता, संस्कृति कर्मी व अन्य वर्गों के लोग पहुंचे थे। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंघानिया, व्यापारी नेता मदन लाल अग्रहरि और चेंबर ऑफ ट्रेडर्स के संरक्षक मनीष चांदवासिया भी मौजूद रहे। चांदवासिया ने कहा कि गीता प्रेस के कार्यक्रम में राष्ट्रपति के शामिल होने से गोरखपुर के लोगों का सम्मान और बढ़ गया है।



गीता प्रेस में राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए।



**गीता प्रेस में राष्ट्रपति** गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम में शनिवार को गीता प्रेस पहुंचे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, देश की प्रथम महिला सविता कोविंद, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गीता प्रेस परिवार और अन्य अतिथियों के साथ फोटो खिंचवाकर स्मृतियां सहेजीं।

**1923** में जयदयाल गोयंदका ने 10 रुपये के किराए के मकान में रखी थी गीता प्रेस की नींव

**1955** में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था लीला चित्र मंदिर का उद्घाटन

### सीएम बोले, गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह में राष्ट्रपति का आगमन गौरवशाली क्षण

# आध्यात्मिक साहित्य से देश की सेवा कर रहा गीता प्रेस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शनिवार को गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक साहित्य के माध्यम से गीता प्रेस देश की अपूर्व सेवा कर रहा है। साहित्य की सेवा कभी ना मिटने वाली सेवा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर राष्ट्रपति का आगमन गौरवशाली क्षण है। 1923 में 10 रुपये के किराए के भवन में जयदयाल गोयंदका जी ने जिस बीज का रोपण किया था, आज वह वटवृक्ष बनकर देश दुनिया में घर-घर को धर्म संस्कार से जोड़कर देश सेवा का उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस से भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार का जुड़ना, कल्याण का प्रकाशन शुरू होना एक अद्भुत कार्य था। उस वक्त में भी कल्याण को घर-घर तक पहुंचाया गया, जब इतनी व्यवस्थाएं नहीं होती थीं। सीएम योगी ने कहा कि गीता प्रेस की पुस्तकों में न तो विज्ञापन होता है और ना ही व्याकरण की अशुद्धि। गीता तत्व विवेचनी में श्लोकों की विवेचना कैसी सहज हिंदी में की गई है, इसे कोई भी आत्मसात कर सकता है। कहा कि 1955 में जब देश के प्रथम राष्ट्रपति गीता प्रेस के मुख्य द्वार यह लीला चित्र मंदिर का उद्घाटन करने आए थे तब उनके साथ मेरे दादा गुरु व तत्कालीन गोरक्ष पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी भी मौजूद थे। आज राष्ट्रपति के आगमन पर यह सौभाग्य मुझे प्राप्त हो रहा है। स्वागत संबोधन देवीदयाल अग्रवाल व संचालन गीता प्रेस में मैनेजर लालमणि तिवारी ने किया। गीता प्रेस ट्रस्ट के महासचिव विष्णु प्रसाद चांदगोठिया और बैजनाथ अग्रवाल ने स्वागत किया।



गीता प्रेस के लीला चित्र मन्दिर का अवलोकन करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और अन्य।

**12:15** बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे राष्ट्रपति कोविंद

**5:05** बजे सीएम योगी संग गीता प्रेस पहुंचे राष्ट्रपति

**6:35** बजे गोरखनाथ मंदिर के लिए हुए रवाना

**7:45** बजे गोरखनाथ मंदिर से नया सवेरा को निकले

**8:00** बजे नया सवेरा पर हुआ राष्ट्रपति का आगमन

**8:35** बजे नया सवेरा से सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान

### सीएम योगी ने दो पुस्तकों का विमोचन किया

गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद व राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल के समक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो ग्रंथों का विमोचन किया। इन दोनों ग्रंथों, 300 रंगीन चित्रों के साथ आर्ट पेपर पर श्रीरामचरितमानस और गीता प्रेस के संस्थापक जयदयाल गोयंदका द्वारा रचित गीता तत्व विवेचनी का प्रकाशन शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया है। मुख्यमंत्री ने दोनों ग्रंथों की प्रथम प्रति राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भेंट की।

# भारत के दर्शन व संस्कृति से लाभान्वित होगा विश्व

**बोले राष्ट्रपति**



गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के शुभारंभ के अवसर पर कार्यक्रम में कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि भारत की सीमाओं से बाहर भी गीता प्रेस अपनी शाखाएं स्थापित कर रहा है। उम्मीद है कि पूरा विश्व भारत के दर्शन व संस्कृति से लाभान्वित होगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रपति ने कहा कि विदेश यात्रा के दौरान वह भारतवंशियों से मिलते हैं। उनके मन में अपनी संस्कृति के प्रति अपार लालसा है। उनकी लालसा को पूरा करने में गीता प्रेस बड़ा स्रोत बन सकता है। विदेशों में गीता प्रेस के इस कार्य में राष्ट्रपति सचिवालय मदद उपलब्ध कराएगा।

राष्ट्रपति श्री कोविंद ने गीता प्रेस के महत्व को रेखांकित करते हुए गीता के एक श्लोक का उद्धरण किया। 'य इमं परमं गुह्यं मद्भक्तेष्वभिधास्यति। भक्तिमयि परां कृत्वा मामेवैष्यत्यसंशयः।' इसका अर्थ भी उन्होंने समझाया। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मेरे में पराभक्ति करके जो इस परम गोपनीय संवाद-(गीता-ग्रन्थ) को मेरे भक्तों में कहेगा, वह मुझे ही प्राप्त होगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। श्री कोविंद ने कहा कि संभवतः इसी श्लोक की प्रेरणा से जयदयाल गोयंदका जी के मन में गीता प्रेस की स्थापना का विचार आया होगा।

### लीलाचित्र मंदिर देख अभिभूत हुए राष्ट्रपति

गीता प्रेस की ख्याति इसके अनूठे लीलाचित्र मंदिर के लिए भी है। रामनाथ कोविंद लीलाचित्र मंदिर पहुंचने वाले दूसरे राष्ट्रपति हैं। 29 अप्रैल 1955 में इसका उद्घाटन करने देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद आए थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश की प्रथम महिला नागरिक सविता कोविंद, राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल व मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के साथ सबसे पहले लीलाचित्र मंदिर का अवलोकन किया। इसे देख वह अभिभूत नजर आए।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

खोराबार। 16 वर्ष की किशोरी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने धर्म परिवर्तन भी कराया है। हालांकि, पुलिस घटना को संदिग्ध बता रही है। शादी का झांसा देकर किशोरी से युवक ने दुष्कर्म किया। गर्भ ठहरने पर गर्भपात कराया और फिर शादी के लिए धर्म परिवर्तन भी करा दिया। लेकिन फिर भी शादी नहीं की।

# मारपीट और धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। गगहा पुलिस ने मारपीट और धमकी देने के आरोपित को शुक्रवार की रात को नर्रे तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। उसकी पहचान गोला क्षेत्र के अहिरौली निवासी नरेन्द्र यादव उर्फ छोटू के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ धारा 323, 504, 506, 326 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# सड़क पर गिरने से बुजुर्ग की मौत

चौरीचौरा। चौरीचौरा रेलवे परिसर में एक बुजुर्ग की शनिवार सुबह पैदल निकल रहे थे सड़क पर अचानक गिरे और उनकी मौत हो गई। परिवारीजनों ने शव को अंतिम संस्कार के लिए घर लेकर चले गए। थाना क्षेत्र के ग्राम राघोपुर नरेश खटिक (65) पैदल चौरीचौरा रेलवे स्टेशन के तरफ आ रहे थे। अचानक सड़क पर चक्कर खाकर गिरे और मौके पर ही मौत हो गई।

# बलवा व हत्या के प्रयास के आरोपित गिरफ्तार

सहजनवा। गीडा पुलिस ने बलवा मारपीट तथा हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। शनिवार को 12.35 पर चौकी इंचार्ज नौसढ़ सूरज सिंह, कांस्टेबल कमलेश कन्नौजिया, सत्येंद्र चौहान संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे तभी जानकारी मिली कि बलवा मारपीट और हत्या के प्रयास के दोनों अभियुक्त संदीप पुत्र नख्खड़ व प्रदीप उर्फ करिया को बाघागाड़ा फोरलेन के पास खड़े हैं।



चौरीचौरा के इब्राहिमपुर ढोलहा में बरामद शराब के साथ पुलिस टीम। • हिन्दुस्तान

# पुलिस ने 110 लीटर कच्ची बरामद की

**चौरीचौरा।** क्षेत्र के इब्राहिमपुर के ढोलहा में पुलिस ने फरेन नाले के पास 110 लीटर कच्ची अपमिश्रित शराब बरामद की। लगभग 10 कुंतल लहन के साथ शराब बनाने के आरोपी नाले में कूदकर भागने में सफल रहे। पुलिस टीम के मुताबिक अर्जुन पासवान, भुवर पासवान, पिंटू चौहान, सोनू पासवान, दयाशंकर उर्फ खुड़भुड़, मनोज चौहान तथा बिगाड़ू आदि फरार हुए हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पिपराइच।** पिपराइच क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को शनिवार की दोपहर में पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी मुसम्मी मोहम्मद अंसारी स्थानीय थाना के बरईपुर का निवासी है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह ने दोपहर 12 बजे उसे उसके घर से गिरफ्तार किया है।

# पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार तीन साल से थी तलाश

गगहा। गगहा पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे पॉक्सो एक्ट के आरोपित विजय मल्ल को पैडलेगंज से शुक्रवार गिरफ्तार किया है। गगहा थाने के उपनिरीक्षक अनित कुमार राव राष्ट्रपति रिहर्सल ड्युटी कर वापस आ रहे थे कि तभी सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।

गगहा थाना में तैनात उपनिरीक्षक अनित कुमार राव व राजेश कुमार सिंह राष्ट्रपति आगमन के रिहर्सल ड्यूटी करने जिले पर गये थे, ड्यूटी समाप्त होने के बाद मुखबिर की सूचना पर तीन वर्षो से अधिक समय से मुकदमा अपराध संख्या 227/19 धारा 363/366/376 भादवी व 3/4 पॉक्सो एक्ट का आरोपी अभियुक्त विजयमल अपनी मां के साथ गोरखपुर के पैडलेगंज बस स्टैंड से बस पकड़ कर कहीं जाने के फिराक में है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक ने आरोपी विजय मल पुत्र शिवलाल निवासी अहिरौली को शुक्रवार को शाम साढ़े छह बजे हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

# गहने व स्कूटी के साथ लुटेरा गिरफ्तार

बड़हलगंज। बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने स्कूटी, 30 हजार रुपये, चांदी की पायल व लूट की तीन मोबाइल के साथ 19 वर्षीय मंदीप कुमार को शनिवार की सुबह टेढ़िया बंधे के पास से गिरफ्तार किया। जहां कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

मंदीप कुमार महराजगंज जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र के शनीचरहिया आनन्द नगर का निवासी है। कोतवाल मधूपनाथ मिश्र ने बताया कि उसके खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज था। सर्विलांस की मदद से उक्त आरोपी को पुलिस टीम ने सुबह टेढ़िया बंधे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से लूटी गई एक मोबाइल, एक जोड़ी चांदी का पायल, आभूषण के बिक्री का 30 हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त स्कूटी व दो अदद मोबाइल फोन बरामद किया है।

# दुष्कर्म में जेल जाने की धमकी दे वसूले तीन लाख

## बेलघाट के पीड़ित ने कैंट थाने में अधिवक्ता पर दर्ज कराया मुकदमा, कचहरी में अधिवक्ता से हुई थी मुलाकात

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमे में जेल जाने की धमकी देकर अधिवक्ता ने तीन लाख रुपये वसूल लिए। रुपये की मांग बढ़ने पर पीड़ित ने छानबीन की तो मामला झूठा निकला। शिकायत पर एसएसपी ने जांच कराई तो पता चला कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अधिवक्ता ने रुपये लिए हैं। पीड़ित की शिकायत पर कैंट पुलिस ने आरोपित अधिवक्ता के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने, धमकी देने और रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है।

बेलघाट के सुकरौली निवासी रमेश पाल दिल्ली में मजदूरी करते हैं। एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि एक साल पहले जमीन के विवाद को लेकर चल रहे मुकदमे की पैरवी में कचहरी गया था, जहां जालसाजी करने वाले अधिवक्ता से मुलाकात हुई। उन्हें मुकदमे की पैरवी करने की जिम्मेदारी देकर वह दिल्ली चला गया। कुछ दिनों बाद उसके मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से मैसेज आने लगा, जिसमें लिखा था कि जया व रीता नाम की महिला ने कोर्ट में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दायर किया है। निर्धारित तिथि पर वह कोर्ट में उपस्थित हों। मैसेज के बारे में अधिवक्ता को बताया तो कहा कि तुम्हारे खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिसमें तुम्हारा भाई भी आरोपित है। चार लाख रुपये का इंतजाम करो, मामला खत्म हो जाएगा। रुपये न मिलने पर दोनों भाइयों को जेल जाना पड़ेगा। जेल जाने के डर से अलग-अलग तिथि में उसने अधिवक्ता को तीन लाख रुपये दे दिए। रुपये की मांग बढ़ने पर कोर्ट में जाकर पता किया तो जालसाजी की जानकारी हुई। अधिवक्ता को बताते हुए रुपये वापस करने के लिए कहा तो जान से मारने की धमकी देने और फर्जी मुकदमे में जेल भेजवाने की धमकी देने लगे। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपित अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी बिंदुओं की जांच कराई जा रही है।

**दो माह पहले अधिवक्ता पर दर्ज हुआ था मामला:** पीपीगंज के रहने वाले रेलकर्मी व उनके तीन बेटों पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करने का झांसा देकर कई साल से ब्लैकमेल किया जा रहा था। फरवरी 2022 में रेलकर्मी की पत्नी ने एसएसपी को जानकारी दी। महिला ने बताया कि रीना, सरिता, अंगिमा, इंद्रावती देवी और प्रेमशीला नाम से पति व बेटों के खिलाफ फर्जी शिकायत करके ठगी की जा रही है। एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने अधिवक्ता पर मुकदमा दर्ज किया है।

### पुलिस की जांच में नहीं मिली शकुंतला

शकुंतला नाम की महिला ने रमेश और उसके भाई राजाराम पाल के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इसी प्रार्थना पत्र को दिखाकर दोनों भाइयों को अधिवक्ता डरा रहे थे। प्रार्थना पत्र में महिला का पता बड़हलगंज का संसारपार गांव व हाल मुकाम गीडा क्षेत्र का नौसढ लिखा था। पुलिस की जांच में पता चला कि नौसढ़ व संसारपार गांव में इस नाम की कोई महिला नहीं है।

### सक्रिय है फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वाला गिरोह

दुष्कर्म के आरोप में फंसे कैंपियरगंज के खालिद ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर गिरोह की जानकारी दी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद एसएसपी ने जांच सीओ कैंट श्यामदेव बिंद व सीओ बांसगांव अंजनी पांडेय को दी थी। 28 मई 2022 को सीओ कैंट की जांच में गिरोह के सक्रिय होने की पुष्टि हुई थी। उन्होंने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए एसएसपी को रिपोर्ट भेजी थी। सीओ बांसगांव ने भी गहनता से जांच की, जिसमें पता चला कि दुष्कर्म का 11 मुकदमा चार महिलाओं ने दर्ज कराया है। उसमें अलग-अलग आरोपित हैं। सीओ की रिपोर्ट में एक अधिवक्ता का नाम है।

### गीडा में दर्ज है रंगदारी मांगने का मुकदमा

गिरोह की सदस्य गीडा क्षेत्र के रहने वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग को ब्लैकमेल कर रहे थे। रुपये न देने पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जा रही थी। अलग-अलग नाम से पांच शिकायत की गई। परेशान होकर दुकानदार व परिवार के लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की। बाद में कोर्ट के आदेश पर गीडा थाने में आरोपितों के खिलाफ रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ।

# जानलेवा हमले के आरोप में दो गिरफ्तार

**पिपरौली** : जानलेवा हमले के आरोप में गीडा थाना पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। नौसढ़ चौकी इंचार्ज सूरज सिंह ने बताया कि आरोपित संदीप व प्रदीप उर्फ करिया बाघागाड़ा फोरलेन के पास से कहीं जाने की तैयारी में थे। वह वहां वाहन का इंतजार कर रहे थे। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया।

# ट्रैक्टर-ट्राली की ठोकर से मां-बेटा घायल

**हरपुर-बुदहट** : हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बसखुरा मोड़ पर शनिवार की शाम ट्रैक्टर-ट्राली की ठोकर मां-बेटा घायल हो गए। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। संतकबीरनगर जिले के मोहम्मदपुर कठार गांव के अजय शर्मा अपनी मां शकुंतला देवी के साथ बाइक से खजनी जा रहे थे। बसखुरा मोड़ पर ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी।

# सीओ मंदिर सुरक्षा को हार्ट अटैक डाक्टरों ने किया आपरेशन

**जासं, गोरखपुर :** गोरखनाथ मंदिर में ड्यूटी पर तैनात सीओ सुरक्षा अशोक शुक्ला को शनिवार की सुबह हार्ट-अटैक आ गया। आनन-फानन उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज के सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने तत्काल एंजियोप्लास्टी कर उनकी जान बचा ली है। अब उनकी तबीयत में काफी सुधार है।

सीओ को अचानक सीने में असहनीय दर्द हुआ। वह तड़पने लगे। पुलिसकर्मी उन्हें मेडिकल कालेज ले गए। हृदय रोग विशेषज्ञ डा. स्मार्क ने एंजियोग्राफी की। पता चला कि उनके हृदय की एक नस पूरी तरह बंद है और दूसरी 90 प्रतिशत। उन्होंने डा. कुनाल और डा. अमरेंदु की मदद से आपरेशन किया।

# दो सीए समेत छह पर भावना भड़काने का मुकदमा दर्ज

- टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री की तहरीर पर हुई कार्रवाई
- एसएसपी के आदेश पर हुई कार्रवाई, जांच में जुटी गोरखनाथ पुलिस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री की शिकायत पर गोरखनाथ पुलिस ने सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) शक्ति शरण श्रीवास्तव, सीए मोहित अग्रवाल, सम्राट साहू, अमित कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव और अर्पित अग्रवाल के खिलाफ भावना भड़काने व अभद्र टिप्पणी करने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोरखनाथ के हुमांयूपुर में रहने वाले अधिवक्ता समरेंद्र सिंह टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री हैं। एडीजी जोन अखिल कुमार को दिए शिकायती पत्र में उन्होंने लिखा है कि 27 मई 2022 की सुबह वह फेसबुक देख रहे थे। इस दौरान एक स्थानीय पोर्टल पर सीए शक्ति शरण श्रीवास्तव का इंटरव्यू चल रहा था। आरोप है कि कार्यक्रम में शक्ति शरण श्रीवास्तव, मोहित अग्रवाल, सम्राट साहू, अमित कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव और अर्पित अग्रवाल अधिवक्ताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के साथ ही भावना भड़काने वाले वक्तव्य दे रहे थे। एडीजी ने एसएसपी को जांच कराकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ मनोज सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर शुक्रवार को आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# सेवा केंद्र से लूटे सवा दो लाख

## गोला क्षेत्र की घटना, पुलिस टीम पर भी हमला कर चुके हैं आरोपित

**जागरण संवाददाता, ककरही :** गोला थाना क्षेत्र के डड़वापार चौराहे पर स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र से सवा दो लाख लूट का मामला प्रकाश में आया है। केंद्र संचालक ने थाने में तहरीर देकर बताया कि लूट करने वाले बदमाश चार की संख्या में थे। उसमें दो उसके गांव के ही हैं। हालांकि गोला पुलिस इसे एक मारपीट का मामला बता रही है।

पांडेयपार उर्फ डड़वापार के भाष्कर गौतम की चौराहे पर भारतीय स्टेट बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र है। थाने पर शनिवार को उन्होंने तहरीर देकर आरोप लगाया कि दिन में करीब 12 बजे चार व्यक्ति मुंह बांधकर उनके केंद्र पर आए और उनके पुत्र डब्बू व आदर्श से पैसा निकालने को कहा। जब तक वह कुछ समझ पाते आरोपित तमंचा लेकर भीतर घुस गए और तोड़फोड़ करने लगे।

आरोपितों ने कैश बाक्स में रखा दो लाख 25 हजार रुपये लूट लिया और मारपीट करने लगे। इस दौरान दो लोगों का मुंह खुल गया। उनकी पहचान हो चुकी है।

बता दें दोनों आरोपितों के विरुद्ध एक पेट्रोल पंप कर्मी पर असलहा सटाकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज है। मारपीट के मामले को लेकर पुलिस टीम ने आरोपितों के घर पर दबिश दी तो उन्होंने पुलिस कर्मियों पर भी हमला कर दिया था।

- **आरोपितों के विरुद्ध थाने में पहले भी दर्ज हैं मुकदमे**
- **गोला पुलिस घटना को बता रही मारपीट का मामला**

### सप्ताह भीतर गोला में लूट की दूसरी वारदात

चार दिन पूर्व भी गोला के चंद्र चौराहे पर बदमाशों ने एक महिला की चेन लूट ली थी। सप्ताह भीतर गोला में लूट की यह दूसरी वारदात है।

मामला लूट का नहीं, बल्कि विवाद का है। केंद्र संचालक के गांव के ही एक युवक से पैसा निकालने के दौरान विवाद हुआ है। दो लोगों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

**जयंत कुमार सिंह**, प्रभारी निरीक्षक गोला

### टोल प्लाजा के कर्मचारी को मनबढ़ों ने पीटा

**पीपीगंज :** पीपीगंज के नयनसर टोल प्लाजा पर शनिवार की शाम मनबढ़ों ने टोल प्लाजा के कर्मचारी को मारा पीटा ।उसने थाने में तहरीर दी थी, लेकिन बाद में दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया। टोल प्लाजा के कर्मचारी ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि शाम करीब छह बजे कुछ मनबढ़ कार से आए और टोल खोलने के लिए कहे। कर्मचारी ने टोल मांगा तो विवाद हो गया ।मनबढ़ों ने कर्मचारी को पीट दिया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि कर्मचारी से मारपीट हुई थी, लेकिन दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

# किशोरी से दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

**जासं, गोरखपुर :** शादी का झांसा देकर युवक ने 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसने धर्म परिवर्तन भी करा दिया। गर्भ ठहरने पर एक सप्ताह पहले शहर के एक अस्पताल में गर्भपात करा दिया। खोराबार पुलिस जांच कर रही है।

किशोरी की मां ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि शादी का झांसा देकर दूसरे धर्म के युवक ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। गर्भ ठहरने पर गर्भपात कराया और फिर शादी के लिए धर्म परिवर्तन भी करा दिया, लेकिन शादी नहीं की। आरोप है कि युवक ने पिता के साथ मिलकर 29 मई 2022 को शहर के एक अस्पताल में गर्भपात कराया। मृत पैदा हुए छह माह के बच्चे को लेकर दोनों अस्पताल से चले गए। जानकारी होने पर वह बेटी को घर ले आई।

# पूर्व जिपं सदस्य के भतीजे की हत्या में चार पर केस

- पकड़े गए आरोपित को बचाने में घायल हुए थे थाने के दो सिपाही
- शुक्रवार की रात में गुलरिहा के बनगाई गांव में हुई थी घटना

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य के भतीजे की हत्या के मामले में गुलरिहा पुलिस ने चार नामजद आरोपितों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीणों की पिटाई से घायल हुए मुख्य आरोपित अजय का पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है। उसे बचाने में थाने के दो सिपाही भी घायल हुए थे। गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात है। फरार चल रहे आरोपितों की तलाश में पुलिस आसपास के जिलों में भी छापेमारी कर रही है।

बनगाई निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य लालू साहनी के छोटे भाई राजेश शुक्रवार की शाम को गांव के एक व्यक्ति के यहां ब्रह्मभोज में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में गांव के अजय साहनी, राजेश साहनी, सजन साहनी और रवि ने पुरानी रंजिश में पिटाई कर दी। घटना की जानकारी होने पर राजेश को बचाने उनका भतीजा धनंजय पहुंचा तो अजय ने पिस्टल से सीने में गोली मार दी। घटना के बाद गांव के लोगों ने अजय को पकड़ लिया। सूचना पर थाने के सिपाही दयाशंकर पटेल और अनिल गांव में पहुंच गए। अजय के बचाव के दौरान दोनों घायल हो गए। दयाशंकर के हाथ में गंभीर चोट लगी है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि लालू साहनी ने बनगाई निवासी अजय, राजेश साहनी, सजन और चिलुआताल के झुंगिया निवासी रवि के खिलाफ हत्या व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है। मौके से पकड़े गए आरोपित को पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है। अन्य की तलाश चल रही है।

## सीने में बाएं तरफ लगी थी गोली

धनंजय के सीने में बाएं तरफ गोली लगी थी। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की शाम सीओ चौरीचौरा, गुलरिहा व चिलुआताल थानेदार की मौजूदगी में धनंजय का दाह संस्कार हुआ। पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे पिपराइच के विधायक महेंद्र पाल सिंह ने परिवार को सांत्वना के साथ ही भरोसा दिया कि आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# अमन मणि ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

## माता–पिता को रिहा कराने की मांग, योगी ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पूर्व मंत्री अमर मणि त्रिपाठी के पुत्र और नौतनवां के पूर्व विधायक अमन मणि त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पिता और मां मधु मणि की सजा माफ कर रिहाई की गुहार लगाई है। अमन मणि शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में चाचा अजित मणि के साथ पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि सरकार अच्छे आचरण वाले कैदियों की सजा माफ कर रही है और मेरे माता-पिता अबतक 18 वर्ष की सजा काट चुके हैं। इस दौरान उनका व्यवहार उत्तम रहा है। ऐसे में वह क्षमा के हकदार हैं। उनकी क्षमा याचना का पत्र लंबे समय से विचाराधीन चल रहा है। अमर मणि और मधु मणि चर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

तीन दिन के दौरे पर शुक्रवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री समस्या



गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आए लोगों का शिकायती पत्र लेकर समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौ. गोरखनाथ मंदिर

समाधान के आश्वासन के साथ ही अधिकारियों को इस बाबत निर्देश भी देते रहे। इस बार भी अधिकांश लोग जमीन से जुड़े विवाद के निपटारे की उम्मीद लेकर आए थे। पुलिस से जुड़े मामलों की संख्या भी ठीकठाक रही। इलाज के लिए आर्थिक मदद की आस लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज रुकने नहीं पाएगा।

हिंदू सेवाश्रम के बाद मुख्यमंत्री यात्री निवास भी गए लेकिन इस बार वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। पिछली बार मुख्यमंत्री ने यहां करीब 800 लोगों की समस्या सुनी थी।

**परंपरागत रही योगी की दिनचर्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार की सुबह अपने आवास से निकले और सबसे पहले बाबा गोरखनाथ की पूजा-अर्चना के लिए उनके दरबार में पहुंचे। उन्होंने अपने दादा गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरु अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजा प्रक्रिया पूरी करने के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री गोशाला पहुंचे, जहां करीब आधे घंटे तक गायों के बीच रहे।

इस दौरान उन्होंने गो-सेवकों से संवाद कर गर्मी में गायों की देखभाल के इंतजाम की जानकारी ली। जनता दर्शन के लिए जाने से पहले उन्होंने कुछ समय अपने श्वान कालू और गुल्लू के साथ गुजारा।

### आरओ प्लांट का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को ही हिंदू सेवाश्रम के पास सिडबी (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) की तरफ से लगाए गए आरओ प्लांट का उद्घाटन किया। साथ ही बैंक के अधिकारियों से आरओ प्लांट के खूबियों की जानकारी ली।

## दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार करके भेजा जेल

**गगहा :** गगहा थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। थाने के उपनिरीक्षक अनित राय ने बताया कि शुक्रवार को वह राष्ट्रपति सुरक्षा ड्यूटी के पूर्वाभ्यास के लिए गए थे। काम समाप्त होने के बाद उन्हें सूचना मिली कि दुष्कर्म का आरोपित व थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव निवासी विजयमल अपनी मां के साथ पैडलेगंज से बस पकड़ कर कहीं जाने की फिराक में है। उन्होंने मौके पर दबिश देकर विजय को हिरासत में ले लिया। (जासं)

## लूट का आरोपित गिरफ्तार

बड़हलगंज : बड़हलगंज थाना पुलिस ने लूट के आरोपित को शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी व लूट में बरामद माल भी बरामद किया है। आरोपित की पहचान महराजगंज जिले के आनंदनगर थाने के शनीचरहिया के संदीप कुमार के रूप में हुई है। कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि आरोपित के पास से लूट की एक मोबाइल, एक पायल, तीस हजार रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुई है। (जासं)

# साहित्य का मंदिर है गीताप्रेस : राष्ट्रपति

## गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह में हुए शामिल, गोरखनाथ मंदिर का दर्शन किया



गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के उद्घाटन अवसर पर मंचासीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द, देश की पहली महिला नागरिक सविता कोविन्द, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में रामचरित मानस के नवीन संस्करण का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

**जासं, गोरखपुर :** राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने कहा कि सनातन धर्म को बचाए रखने में जितना योगदान हमारे मंदिर और तीर्थस्थलों का है, उतना ही गीताप्रेस के धार्मिक साहित्य का भी है। धर्म-आध्यात्म और भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने में इसका योगदान अद्वितीय है। सही मायने में गीताप्रेस साहित्य का मंदिर है। गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के उद्घाटन अवसर पर शनिवार को पहुंचे राष्ट्रपति ने इस बात की इच्छा भी जताई कि जितना जल्दी हो सके, दुनिया के सभी देशों में इसकी शाखाएं स्थापित कराई जाएं। इसमें हमारे सचिवालय से लेकर दूतावास और उच्चायोग भी पूरी मदद करेंगे।

दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को गोरखपुर आए राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द, देश की प्रथम महिला सविता कोविन्द, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शाम पांच बजे गीताप्रेस पहुंचे। गीताप्रेस के ऐतिहासिक मुख्यद्वार के अवलोकन के साथ उसका इतिहास जानकर गर्वित राष्ट्रपति ने लीलाचित्र मंदिर का भी भ्रमण किया। अपने संबोधन के दौरान अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जिन कल्पनाओं को चित्रों का रूप दिया गया है वह दैवी योग से ही संभव है। संपूर्ण गीता को इंच में समाहित करने वाले कलाकार पर निश्चित ही भगवान की कृपा होगी। गीताप्रेस की विश्व विख्यात पत्रिका कल्याण के संपादक रहे भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि संसार में जितने भी बड़े कार्य होते हैं, उनके पीछे दैवी शक्ति अवश्य होती है। रामचरित मानस हो या कुरुक्षेत्र का महाभारत हनुमान के बिना कुछ भी नहीं हो सका। गीताप्रेस को भी आगे ले जाने में भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार की भूमिका अमिट रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरे मन में अवधारणा थी कि गीताप्रेस में एक प्रेस होगा, पुराना भवन होगा, कुछ कर्मचारी और प्रिंटिंग मशीन होगी, लेकिन यहां आकर मेरी अवधारणा बदल गई। यहां अद्भुत कार्य देखने को मिला है।

गीताप्रेस के विस्तार पर चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि मैं जब राजकीय दौरे पर विदेश जाता हूं, तो मुझे पता चलता है कि वहां के भारतीय लोगों में अपनी संस्कृति को बनाए रखने की कितनी लालसा और उत्सुकता है। कई देशों में गीताप्रेस की पुस्तकें और प्रकाशन अत्यंत लोकप्रिय हैं। मैं चाहता हूं कि गीताप्रेस की शाखाएं सभी देशों में स्थापित हो। हमारे संस्कारों, विचारों और परंपराओं को आगे बढ़ाने में गीताप्रेस का साहित्य बहुत बड़ा स्रोत बन सकता है। जितनी जल्दी हो सके यह काम किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीता पर आधारित टीका तत्वविवेचनी व आर्ट पेपर पर प्रकाशित रामचरितमानस के नवीन संस्करण का विमोचन भी किया।

संबंधित सामग्री » 5, 6,7 व 8

### आज कबीर की निर्वाणस्थली मगहर में रहेंगे राष्ट्रपति

राष्ट्रपति रविवार को संत कबीर की निर्वाणस्थली मगहर में रहेंगे। वह यहां कबीर शोध अकादमी समेत 50 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। सुबह 9:30 बजे मगहर पहुंचने के बाद वह संतकबीर की समाधि और मजार पर मत्था टेकेंगे। कबीरचौरा परिसर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पौधारोपण भी करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के बाद 11:20 बजे राष्ट्रपति गोरखपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# ड्यूटी पर तैनात सीओ को हार्ट अटैक, डॉक्टरों ने बचाई जान

अमर उजाला ब्यूरो

## बीआरडी मेडिकल कॉलेज में की गई एंजियोप्लास्टी

## गोरखनाथ मंदिर में ड्यूटी कर रहे थे सीओ अशोक शुक्ला

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में ड्यूटी पर तैनात सीओ मंदिर सुरक्षा अशोक शुक्ला को शनिवार की सुबह हार्ट-अटैक आ गया। पुलिस, उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज लेकर गई, जहां पर डॉक्टरों ने एंजियोप्लास्टी कर उनकी जान बचाई।

डॉक्टरों ने बताया कि सही समय पर मरीज इलाज के लिए पहुंच गया, जिसकी वजह से ऑपरेशन सफल हो सका।

जानकारी के मुताबिक, सीओ मंदिर सुरक्षा अशोक शुक्ला, शनिवार को सुबह गोरखनाथ मंदिर में ड्यूटी कर रहे थे। अचानक उनके सीने में दर्द शुरू हो गया। बाद में दर्द इतना असहनीय हो गया कि वह तड़पने लगे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी तत्काल उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां पर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मारक ने इमरजेंसी में एंजियोग्रॉफी कराई। एंजियोग्रॉफी में पता चला एक रक्त की धमनी पूरी तरह से ब्लॉक हो गई है तो दूसरी 90 प्रतिशत तक। इस पर उन्होंने अपनी टीम के डॉ. कुणाल और डॉ. अमरेंदु को इमरजेंसी में बुलाया।

डॉ. कुणाल ने बताया कि तत्काल एंजियोप्लास्टी कर मरीज की जान बचाई गई। अब मरीज की हालत में काफी सुधार है। निगरानी में रखा गया है। ब्लाकेज ज्यादा था, इसलिए तत्काल एंजियोप्लास्टी करनी पड़ी।

# दुष्कर्म में जेल की धमकी दे वसूले तीन लाख

## बेलघाट के युवक की तहरीर पर कैंट पुलिस ने अधिवक्ता पर दर्ज किया जालसाजी का केस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जमीन के विवाद में अधिवक्ता की मदद लेने गए भाइयों से 3 लाख की जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि अधिवक्ता ने दुष्कर्म के मामले में भाइयों को जेल भेजने की धमकी देकर रफा-दफा करने के नाम पर रुपये हड़प लिए।

पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने मामले की जांच कराई। मामला फर्जी पाए जाने पर अधिवक्ता के खिलाफ कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी, रुपये हड़पने और धमकी देने की धाराओं में का केस दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, बेलघाट के सुकरौली निवासी रमेश पाल का गांव में जमीन विवाद है। वह दिल्ली में मजदूरी करता है। इस वजह से अधिवक्ता को दस्तावेज सौंप कर दिल्ली चला गया। आरोप है कि कुछ दिनों बाद उसके मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से संदेश आने लगा, जिसमें दो लड़कियों का नाम लिखा था और संदेश था कि कोर्ट में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दायर किया है। निर्धारित तिथि पर वह कोर्ट में उपस्थित हो। संदेश के बारे में अधिवक्ता को बताया तो उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिसमें तुम्हारा भाई भी आरोपी है। चार लाख रुपये का इंतजाम करो, मामला खत्म हो जाएगा। रुपये न मिलने पर दोनों भाइयों को जेल जाना पड़ेगा।

जेल जाने के डर से अलग-अलग तिथि में उसने अधिवक्ता को तीन लाख रुपये दे दिए। रुपये की मांग बढ़ने पर कोर्ट में जाकर पता किया तो जालसाजी की जानकारी हुई। अधिवक्ता को बताते हुए रुपये वापस करने के लिए कहा तो जान से मारने की धमकी देने और फर्जी मुकदमे में जेल भेजवाने की धमकी देने लगे। एसएसपी के आदेश पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

**खोराबार।** इलाके की एक 16 वर्षीय किशोरी से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने किशोरी का धर्म परिवर्तन भी कराया है। हालांकि, पुलिस घटना को संदिग्ध बता रही है। जानकारी के मुताबिक, शादी का झांसा देकर 16 साल की किशोरी से युवक ने दुष्कर्म किया। गर्भ ठहरने पर गर्भपात कराया और फिर शादी करने का झांसा देकर धर्म परिवर्तन भी करा दिया। लेकिन, इसके बाद भी शादी नहीं की। आरोप है कि युवक ने अपने पिता के साथ मिलकर बीते 29 मई को शहर के एक अस्पताल में गर्भपात कराया। इस संबंध में हलका दरोगा संतोष कुमार सिंह का कहना है कि किशोरी की मां ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। ब्यूरो

## दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों के आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। एक के खिलाफ पिपराइच और दूसरे के खिलाफ गगहा थाने में केस दर्ज था। बरईपुर निवासी मोहम्मद अंसारी को उसके घर के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उधर, गगहा पुलिस ने अहिरौली निवासी विजय को गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

# दो सीए समेत छह पर भावना भड़काने का मुकदमा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एक पोर्टल चैनल पर परिचर्चा के दौरान अधिवक्ता समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है।

एडीजी के आदेश पर इस मामले में कैंट पुलिस ने शुक्रवार को टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री समरेंद्र सिंह की तहरीर पर सीए शक्ति शरण श्रीवास्तव, सीए मोहित अग्रवाल, सम्राट शाहू, अमित कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव और अर्पित अग्रवाल के खिलाफ लोगों की भावनाओं को भड़काने का केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ के हुमायूंपुर निवासी समरेंद्र सिंह टैक्स बार एसोशिएशन के महामंत्री हैं। उन्होंने एडीजी को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि वह 27 मई को फेसबुक देख रहे थे। इस दौरान एक पोर्टल चैनल पर सीए शक्ति शरण श्रीवास्तव का इंटरव्यू चल रहा था। आरोप है कि कार्यक्रम में शक्ति शरण श्रीवास्तव, मोहित अग्रवाल, सम्राट शाहू, अमित कुमार सिंह, विवेक श्रीवास्तव और अर्पित अधिवक्ताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहे थे। भावनाओं को भड़काने वाले वक्तव्य दे रहे थे। जिसके बाद एडीजी ने जांच कर कार्रवाई का आदेश पुलिस को दिया था। शनिवार को गोरखनाथ पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है।

## हादसे में तीन लोगों की मौत के आरोपी डंपर चालक को जेल

**गोरखपुर।** मोहद्दीपुर-पैडलेगंज रोड पर शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत के जिम्मेदार डंपर चालक सलीम को शनिवार को जेल भेज दिया गया। कैंट पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने सहित कई धाराओं में केस दर्ज कर शुक्रवार को ही उसे गिरफ्तार कर लिया था।

**परिजन शव ले गए, प्रशासन ने उपलब्ध कराई एंबुलेंस**

उधर, शुक्रवार की देर रात पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर परिजन एंबुलेंस से अपने-अपने गांव चले गए। प्रशासन ने उनके लिए एंबुलेंस की व्यवस्था कराई। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह अनियंत्रित डंपर ने पिकअप में टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे पांच लोगों को रौंद दिया था। हादसे में सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के पुरैना निवासी अर्जुन चौहान (22), हरदोई के संडीला निवासी गंगाराम (35) और मानसूनगर निवासी शैलेंद्र (35) की मौत हुई थी। गंगाराम और शैलेंद्र रिश्ते में मामा-भांजे थे। जबकि, भवानीगंज के राजेश और संडीला के कुलदीप (15) घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने डंपर चालक कुशीनगर के कप्तानगंज निवासी सलीम को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी पर केस दर्ज कर पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# महामहिम की आमद...रात में रामगढ़ताल किनारे हुआ 'नया सवेरा'

## 'लाइट एंड साउंड' शो से गोरक्षनगरी की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत से रुबरू हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। [illegible]





लाइट एंड साउंड शो देखने पहुंचे राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी सविता कोविंद, बेटी स्वाति कोविंद के अलावा राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। अमर उजाला



रामगढ़ताल नौकायन केंद्र पर बच्चों से बातचीत करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। अमर उजाला

### बच्चों से मिले राष्ट्रपति, बातचीत कर खूब पढ़ने और आगे बढ़ने को किया प्रेरित

[illegible]

### ...अभी तो मुख्यमंत्री का पद खाली नहीं है

[illegible]

### राष्ट्रपति नए उत्तर प्रदेश के नए गोरखपुर के साक्षी बने

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लाइट एंड साउंड शो के जरिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गोरखपुर के साक्षी बने। गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखपुर और महान समाज सुधारक संत कबीर की साधना स्थली मगहर के लिए दो दिवसीय दौरे पर पधारे राष्ट्रपति ने सपरिवार रात गोरखपुर की नैसर्गिक झील रामगढ़ताल की खूबसूरती का दीदार किया।

झील का निखरा सौंदर्य देख वह प्रफुल्लित हो उठे। रामगढ़ताल की जेटी से उन्होंने साउंड एंड लाइट शो का आनंद उठाया।

करीब 45 मिनट के साउंड एंड लाइट के लेजर शो के जरिए राष्ट्रपति शिवअवतारी गुरु गोरखनाथ, गोरखपीठ के मूर्धन्य महंतजनों, महान साहित्यकार प्रेमचंद, फिराक गोरखपुरी के व्यक्तित्व व कृतित्व की गाथा से रूबरू हुए। लाइट एंड साउंड शो में भगवान श्रीराम के पुत्र कुश की नगरी तथा भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर व संतकबीर की साधना स्थली मगहर के बारे में भी जानकारी दी गई।



रामगढ़ताल पर राष्ट्रपति के साथ लाइट एंड साउंड शो देखने के बाद उत्साहित आरपीएम एकेडमी के विद्यार्थियों ने अनुभव को यादगार बताया। अमर उजाला

[illegible]





[illegible]





[illegible]



गोरखनाथ मंदिर में प्रवेश करती महामहिम की फ्लीट को देखते लोग। संवाद

# चप्पे-चप्पे पर तैनात रही फोर्स

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के शहर आगमन के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रही। सड़क, गलियों में भी पुलिस की मौजूदगी रही। वहीं, यातायात प्रबंधन ठीक होने से कहीं भी जाम की स्थिति नहीं हुई। वाहन फर्राटे भरते रहे।

राष्ट्रपति की सुरक्षा में 2307 पुलिस कर्मी और दस कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। हर

## हर गली और मोहल्ले में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी

गली-मोहल्ले में पुलिसकर्मियों की तैनाती शुक्रवार से ही कर दी गई थी।

त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे के बीच राष्ट्रपति कार्यक्रमों में शामिल हुए। रामगढ़ताल में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम भी तैनात रही। जिन रास्तों से राष्ट्रपति गुजरे वहां ड्रोन से निगरानी की गई।

# आज भी बदला रहेगा यातायात

## भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित, भोर में चार से दोपहर तीन बजे तक लागू रहेगा बदलाव

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रविवार को संतकबीरनगर के मगहर जाएंगे। इसे लेकर गोरखपुर में रविवार को भोर में चार बजे से दोपहर तीन बजे तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर में भारी वाहनों को प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

सर्किट हाउस से मगहर तक वैकल्पिक मार्ग वाया ट्रांसपोर्टनगर, नौसड़ और कालेसर होकर निर्धारित है। कालेसर से कोई भी भारी वाहन शहर में नहीं आ सकेगा। इन वाहनों को कालेसर से राष्ट्रीय राजमार्ग पर भेजा जाएगा। रामनगर करजहां से अलग-अलग क्षेत्रों में जाने की अनुमति रहेगी।

### ये रहेगा बदलाव



- कुशीनगर की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे । कोनी जगदीशपुर से शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा। वाहन फोरलेन पर खड़े कराए जाएंगे।
- देवरिया की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन प्रतिबंधित किए गए हैं। रामनगर करजहां से शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वाहन फोरलेन पर खड़े कराए जाएंगे।
- हनुमान मंदिर देवरिया बाईपास से सर्किट हाउस की तरफ जाने वाले सभी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। वाहन अमर उजाला तिराहा से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।
- बाघागाड़ा और कालेसर की तरफ से शहर आने वाले सभी भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ये वाहन फोरलेन पर खड़े कराए जाएंगे।
- सोनौली, फरेंदा की तरफ से आने वाले भारी वाहन जंगल कौड़िया से डायवर्ट होंगे। इन वाहनों को कालेसर जीरो प्वाइंट से निकाला जाएगा।
- सोनौली, फरेंदा की तरफ से आने वाले सभी वाहन बरगदवां से सीधे गोरखनाथ मंदिर की तरफ नहीं जा सकेंगे। बरगदवां से स्पोर्ट्स कॉलेज और खजांची चौराहा से होकर जाएंगे।





राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का काफिला एयरपोर्ट से बाहर निकला तो लोग उनकी झलक पाने के लिए उत्सुक नजर आए। संवाद

# बड़हलगंज : लूट के मोबाइल फोन और नकदी के साथ तीन पकड़े गए

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने लूट के मोबाइल फोन, गहने और नकदी के सात तीन आरोपियों को शनिवार को पकड़ लिया। पकड़े गए तीन आरोपियों में दो बाल अपचारी हैं, जिन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। जबकि, एक आरोपी को पुलिस ने जेल भिजवा दिया।

**दो बाल अपचारी को सुधार गृह भेजा गया, तीसरा जेल भेजा गया**

जेल भेजे गए आरोपी की पहचान महराजगंज के फरेंदा थाना क्षेत्र के शनिचरहिया निवासी मंदीप कुमार के रूप में हुई। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह के मुताबिक, लूट में वांछित आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगी थी। तभी शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे के करीब मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि टेढ़िया बंधे के पास कुछ संदिग्ध खड़े हैं। आपस में ये लोग चोरी के सामान के खरीद-फरोख्त की बात कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से लूट का एक मोबाइल फोन, एक जोड़ी पायल, गहनों के बिक्री से मिले तीस हजार रुपये नकद, घटना में इस्तेमाल दो मोबाइल फोन और स्कूटी बरामद कर ली गई है। ब्यूरो

# मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

गीडा। इलाके में मारपीट के दो आरोपियों को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गीडा के हरैया निवासी संदीप और प्रदीप उर्फ करिया के रूप में हुई है। चौकी इंचार्ज नौसड़ सूरज सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों पर मारपीट, मानव जीवन को संकट में डालने की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। शनिवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

# 5.40 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)**। जिले के एसओजी टीम व थाना सलेमपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सलेमपुर कस्बे के पास से एक लक्जरी वाहन स्कार्पियो से ₹ 5.40 लाख का अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। साथ ही दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शनिवार को जिले की एसओजी टीम व थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा सलेमपुर कस्बे के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम व पता सुमित कुमार पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी भरथल थाना द्वारिका सेक्टर 23 जिला न्यू दिल्ली मूल पता खेड़ा थाना बागपतनगर जनपद बागपत एवं गौतम कुमार उर्फ नीलेश कुशवाहा पुत्र स्व. जगदेव सिंह निवासी वीरसिंहपुर थाना कल्याणपुर जनपद समस्तीपुर (बिहार) वर्तमान पता वृजवासन राघवपुर थाना छौला दक्षिणी दिल्ली बताया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में ये रहे शामिल** : अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना सलेमपुर के प्रभारी निरीक्षक नवीन मिश्र, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमेश कुमार सिंह, कां. विक्रांत, कां. राकेश पाल, एसओजी के प्रभारी अनिल कुमार यादव, मुख्य आरक्षी शशिकान्त राय, योगेन्द्र कुमार व धनंजय श्रीवास्तव, कां. प्रशान्त शर्मा एवं सर्विलांस टीम के कां. विमलेश सिंह शामिल रहे।

राष्ट्रीय सहारा पृ० 4 05/06/22

राष्ट्रीय सहारा दि० 05/06/2022

# 6 लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस

**बरहज (एसएनबी)।** नगर के नन्दना वार्ड पूर्वी निवासी सुनील कुमार जायसवाल पुत्र स्व. क्रान्ति कुमार जायसवाल ने अपने पुत्री शिवांगी जायसवाल का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के साथ अपने हैसियत के अनुसार रूद्रपुर चौहट्टा वार्ड निवासी शितांशु जायसवाल पुत्र सुनील जायसवाल के साथ 26 नवम्बर 2015 को किया था। ससुरालियों द्वारा आये दिन दहेज की मांग को लेकर लड़की का उत्पीड़न किया जा रहा था। कई बार दोनों पक्षों के बीच सम्भ्रान्त लोगों द्वारा पंचायत भी हुई लेकिन बात नहीं बन पाई। लड़की के पिता अपनी बेटी को लेकर काफी परेशान है। शिवांगी का आरोप है कि ससुरालियों द्वारा दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग की जा रही है। नहीं देने पर तरह-तरह का प्रताड़ना, मारना पीटना व जान माल की धमकी दी जा रही है। मुकामी पुलिस ने सुनील कुमार की तहरीर पर शितांशु जायसवाल, सुनील जायसवाल, गीता देवी, तन्नू उर्फ दिव्यांशी, ट्विंकल उर्फ साक्षी, जया उर्फ अनन्या के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 130/22 की धारा 498 ए, 323, 504, 506, भादवि 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसओ जयशंकर मिश्र ने कहा कि सुनील कुमार जायसवाल की तहरीर पर छः लोगों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लिफ्टर समेत बाइक को पुलिस ने किया बरामद

**सलेमपुर**। आज स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र मझौलीराज पुलिस चौकी के प्रभारी अभिषेक तिवारी, कांस्टेबल कमलेश्वर कुमार यादव, रामसिंह व शम्भू सिंह ने मुखबीर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल व एक देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर को बरामद करते हुए तीन बाइक चोरों को मझौलीराज भाटपाररानी मार्ग पर जिरासो गांव के सामने दबोच लिया। गिरफ्तार चोरों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो एक ने शनि मद्देशिया उर्फ अभिमन्यू कुमार मद्देशिया पुत्र जय प्रकाश मद्देशिया निवासी भिंगारी बाजार एवं दूसरे ने अपना नाम मुकेश पुत्र मोहन प्रसाद निवासी छरौछा थाना-खामपार तथा तीसरे ने विकास मद्देशिया पुत्र जयराम मद्देशिया निवासी- मायापुर थाना-खामपार बताया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल एवं अवैध देशी तमंचा की बरामद किया है। वहीं पुलिस ने धारा 41, 411, 414, 420, 467, 468, 471 के विरूद्ध मुकदमा दर्जकर चोरों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाले टीम में चौकी प्रभारी मझौलीराज अभिषेक कुमार तिवारी, कमलेश्वर यादव, राम सिंह यादव, कांस्टेबल शामिल थे।

# महिला संग बातचीत का ऑडियो वायरल होने पर एसएसआई निलम्बित

देवरिया (एसएनबी)। महिला संग बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सदर कोतवाली में तैनात एसएसआई बदरूद्दीन खान को निलम्बित कर दिया है। चर्चा का विषय बने एक वायरल ऑडियो में एक महिला और जनपद में तैनात एक दारोगा की बातचीत ने पुलिस विभाग को शर्मसार कर दिया था। वायरल ऑडियो में दारोगा महिला से बात को यहीं समाप्त कर देने एवं नौकरी बचाने की गुहार लगा रहा है। वह महिला से आरोपी के विदेश से लौटने के बाद कार्रवाई का भरोसा भी दिला रहा है। साथ ही महिला को कार्रवाई नहीं करने के लिए कसम भी खिला रहा है।



वायरल ऑडियो से पता चलता है कि एक पक्ष को गिरफ्तार करने के बदले दारोगा ने पैसे के साथ -साथ दूसरे पक्ष की महिला की इज्जत लूट ली। प्रकरण के सार्वजनिक होने पर दारोगा महिला से मुसलमान होने की दुहाई देते हुए अपनी नौकरी बचाने की भीख मांग रहा है। वायरल ऑडियो में दारोगा बड़ी चालाकी से पीड़िता को भी मुस्लिम भाई बोलकर यह समझाने का प्रयास करते हुए सुना जा सकता है कि मुसलमान होने के नाते उसे बख्श दिया जाए और उसका नाम इस मामले में और न उछाला जाए। मालूम हो कि सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला का पारिवारिक विवाद चलता है। महिला का आरोप है कि थाने में तैनात एक दारोगा ने आरोपियों पर कार्रवाई का झांसा देकर उसका शोषण किया किन्तु आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई। इसी बीच आरोपी विदेश चला गया जिसे लेकर महिला ने दारोगा पर कार्रवाई नहीं करने और उसका शोषण करने की बात पुलिस के अधिकारी तक पहुंचाई। इसके बाद दारोगा महिला को मनाने में जुट गए। महिला को मनाने के प्रयास में मोबाइल पर हुई बातचीत का ऑडियो वायरल होने पर यह मामला सार्वजनिक हो गया।

कार्यवाही की जायेगी।

## 24 घंटा बाद भी नहीं मिला युवक का शव

**बरहज (एसएनबी)**। थाना क्षेत्र के ग्राम बरसाथ निवासी रंजीत कुमार 22 वर्ष पुत्र रामा मुनि शुक्रवार को अपने दोस्त के साथ बरहज के थाना घाट स्थित सरयू नदी में स्नान दौरान दोस्त गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया था। पुलिस ने शव की तलाश की लेकिन देर रात तक कहीं पता नहीं चल सका। शनिवार को सुबह से ही पुलिस ने नाव, जाल और गोताखोरों के सहारे नदी में डुबे युवक की तलाश पूरे दिन करती रही लेकिन देर शाम तक शव का पता नहीं चल सका। परिजनों को रोते-रोते बुरा हाल है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि डुबे युवक की तलाश स्टीमर से मेहियवां, कोटवां, पैना तक किया गया लेकिन देर शाम तक शव का कहीं पता नहीं चल सका है।

## 62 मामलों में मात्र 2 का हुआ निस्तारण

**बरहज (एसएनबी)**। तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान कुल 62 मामले सामने आये। मौके पर दो मामलों का ही निस्तारण हो सका। आये मामलों में राजस्व से सम्बन्धित सर्वाधिक 41, पुलिस के 6, विकास के 5 व अन्य 8 मामलों सहित कुल 62 मामले शामिल रहे। जिसमे राजस्व से सम्बन्धित 2 मामलों का निस्तारण किया गया। शेष अन्य मामलों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित गांव के राजस्व व बीट पुलिस को निर्देशित किया गया कि निर्धारित अवधि में मौके पर जाकर पारदर्शिता पूर्ण मामले का निस्तारण करावें। किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई तो सम्बंन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह, तहसीलदार अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार जितेन्द्र सिंह, एसएचओ जयशंकर मिश्र आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 05/06/2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 05/06/022

# सेमरौना में चार परियोजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण

देवरिया (एसएनबी)। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ तहसील रुद्रपुर अन्तर्गत ग्राम सेमरौना में चार कार्य परियोजनाओं यथा- बहुद्देशीय पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र, अन्त्येष्टि स्थल एवं



निर्माणाधीन अगिशमन केन्द्र का निरीक्षण किया। मिली खामियों पर काफी नाराजगी जतायी। अवर अभियंता तेज बहादुर पासवान को कडी फटकार लगायी। तीन सदस्यी समिति गठित कर उसकी जांच आख्या तत्कालिक रुप में उपलब्ध कराये जाने का निर्देश डीपीआरओ को दिया। जांच रिपोर्ट अनुसार आगणित अनियमितता की धनराशि की जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराये जाने के साथ ही विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री सिंह ग्राम सेमरौना के राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के तहत निर्मित बहुद्देशीय पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि भारत सरकार द्वारा 08 कमरो की डिजाइन तय की गयी है, इसकी जगह मनमानी रुप से अपने स्तर पर परिवर्तन कर लिया गया है तथा 04 कमरे ही बनाये गये है, जिसमें काफी घटिया ालिटी के कार्य किये गये है। कमरो के खिडकियों के दरवाजे में प्लाइवुड के दरवाजे लगाये हुए पाये गये, जो अनियमितता का द्योतक है। इसके उपरान्त इसी परिसर में निर्मित आंगनवाडी केन्द्र का भी निरीक्षण किया, जिसके निर्माण कार्य की गुणवत्ता काफी खराब पायी गयी। फर्श टूटे-फूटे व शौचालय नही बने हुए पाये गये। स्थापित इंडिया मार्का हैण्डपम्प की कच्ची नाली पायी गयी। परिसर में साफ-सफाई का आभाव था, जिसके लिए पंचायत सचिव शिशिर कुमार को कडी डाट लगायी। जिलाधिकारी ने कहा कि इन तीन कार्य परियोजनाओं की तकनीकी जांच तीन सदस्यी समिति के द्वारा करायी जायेगी। संबंधितो का उत्तरदायित्व तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जांच कमेटी आज ही रिपोर्ट दे देगी और शासन से जिन लोगो का निलम्बन होना है, वह कराया जायेगा व मुकदमे लायक कार्यवाही भी की जायेगी।

## समिति में सम्मिलित किये गये ये अधिकारी, शाम तक देंगे जांच रिपोर्टः-

इस समिति में अधिशासी अधिकारी सिंचाई दुर्गेश कुमार, डीपीआरओ अविनाश सिंह एवं सहायक अभियंता आरईडी स्वेता मौर्या को सम्मिलित करते हुए इन्हे मौके पर जांच किये जाने तथा शनिवार को ही सायं तक रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के निर्देश के साथ भेजा। उन्होने कहा कि यह समिति लगाये गये मैटेरियल की गुणवत्ता व व्यय धनराशि का आकलन व परियोजना में की गयी अनियमितता की जांच कर अपनी स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करेगी। संलिप्तों के विरुद्ध यथा स्थिति निलम्बन, मुकदमा दर्ज करने व विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही करायी जायेगी।

राष्ट्रीय सहारा दि० 05/06/2022

# बाइक व अवैध शस्त्र के साथ तीन गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। सलेमपुर पुलिस ने जिरासो मोड़ से एक चोरी की बाइक व एक देशी तमंचा के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शनिवार को सलेमपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर जिरासो मोड़ के पास से तीन अभियुक्तों को चोरी की एक मोटरसाइकिल (जिसपर नम्बरप्लेट यूपी-52-एबी-4567 लगा हुआ था, जो जांच में गलत पाया गया) के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम व पता क्रमशः शनि मद्धेशिया उर्फ अभिमन्यू कुमार मद्धेशिया पुत्र जयप्रकाश मद्धेशिया निवासी भिंगारी बाजार थाना खामपार जनपद देवरिया, मुकेश पुत्र मोहन प्रसाद निवासी छरौछा थाना खामपार जनपद देवरिया एवं विकास मद्धेशिया पुत्र जयराम मद्धेशिया निवासी मायापुर थाना खामपार जनपद देवरिया बताया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण की तलाशी लेने के दौरान शनि मद्धेशिया के पास से एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल हम लोगों के द्वारा बिहार राज्य के जनपद सीवान के धोबीटोला के पास से गत 22 मई 2022 को चोरी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा जांच से उक्त मोटरसाइकिल के चोरी के संबंध में थाना गुठनी पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा अपराध संख्या 136/2022 दर्ज होना पाया है। इस मामले में पुलिस टीम द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल, देशी तमंचा व कारतूस को कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 05/06/022

# डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जन समस्याएं

**देवरिया/रुद्रपुर/सलेमपुर** (एसएनबी)। रुद्रपुर तहसील में इस माह के प्रथम शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिबस की अध्यक्षता जिलाधिकारी देवरिया जितेन्द्र प्रताप सिंह व नवागत पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने किया। इस दौरान एक-एक फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 52 प्रार्थना पत्र पड़े। सम्पूर्ण समाधान दिवस को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी देवरिया जितेन्द्र सिंह ने विशेष तौर पर निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता व कार्यों की गुणवत्ता में कोई खराबी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। अगर कहीं ऐसी जानकारी होती है, तो उसका स्वतः अनुसरण करें, उसे चिन्हित करते हुए प्राथमिकता के साथ अपने स्तर से कार्यवाई करें। यदि मेरे स्तर से किसी प्रकार की कोई अनियमितता पायी जायेगी तो जिलास्तरीय अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करते हुए उन पर कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी। श्री सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण वास्तविक रूप से किया जाये, जिससे फरियादी भी संतुष्ट रहें। इस पर विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि शासन आरजीआरएस आयुक्त मुख्यमंत्री हेल्प लाइन तथा अन्य स्तर से प्राप्त शिकायतों का निस्ताण गुणवत्ता के साथ होना चाहिये। उन्होंने फरियादियों की समस्या को सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण सुनिश्चित करने का दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों व थानाध्यक्षों को कहा कि निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान समाधान दिवस में राजस्व विभाग के (23), पुलिस के (21), विकास के (04) व अन्य (04) मामले आये। इस अवसर पर एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय, तहसीलदार अभय कुमार, नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह, अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी कमल किशोर, डीएसओ विनय सिंह, डीपीओ कृष्णकान्त राय, डीडीओ श्रवण कुमार राय, बीएस संतोष राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

**सलेमपुर कार्यालय** के अनुसार स्थानीय तहसील के सभागार कक्ष में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी अमृतलाल बिन्द की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें कुल 60 मामले आये जिसमें सर्वाधिक राजस्व के 36, पुलिस के 7, पूर्ति के 4, विकास के 6, नगर पंचायत के 3, विद्युत के 2, समाज कल्याण के 1 व कृषि के 1 मामले शामिल थे जिसमें राजस्व के 5 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। उक्त अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अमृतलाल बिन्द के अलावा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार, कोतवाल नवीन कुमार मिश्र के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं तहसील क्षेत्र के सभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद थे।

हिन्दुस्तान पेज 05/06/022

# देवर की शादी रुकवाने थाने पहुंची भाभी

महुआडीह । एक महिला ने अपने देवर पर पति की मौत के बाद झांसा देकर शोषण करने का आरोप लगाया है। महिला देवर की शादी रोकवाने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। पुलिस दोनों पक्षों को बुलाकर छानबीन कर रही है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला का आरोप है कि उसका पति दर्जी था। उनका कुछ साल पहले निधन हो गया। उसके बाद देवर ने शादी करने की बात कहीं। परिवार वाले भी इसके लिए राजी हो गए थे।

हिन्दुस्तान दि० 05/06/022

# नगरपालिका ने कोतवाली रोड से हटवाया अतिक्रमण



शनिवार को कोतवाली रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ईओ से बातचीत करते व्यापारी और दुकानदार।

देवरिया, निज संवाददाता। नगरपालिका ने शनिवार को डीएम बंगला मोड़ से लेकर कोतवाली चौराहा तक अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान पटरी पर बसे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। विभाग का बुलडोजर देख दुकानदार स्वयं ही अपना-अपना सामान सड़क की पटरी से हटाने लगे।

ईओ रोहित सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। बताया गया कि अतिक्रमण से नाला सफाई का काम भी बाधित हो रहा है। सड़क की पटरी पर कब्जे की शिकायत के बाद ईओ अपने खेमे के साथ कोतवाली रोड पर अतिक्रमण हटाने के लिये पहुंच गये। राजस्व, सफाई व निर्माण विभाग की टीम के साथ कोतवाली पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। डीएम बंगला मोड़ पर पालिका की बुलडोजर दो-तीन दुकानों के किये गये अतिक्रमण को हटाने लगी। इसके बाद सभी दुकानदार जल्दी-जल्दी अपना सामान समेटने लगे। ईओ के निर्देश पर नाला पर बने अवैध निर्माण को बुलडोजर ने तोड़ दिया।

# अश्लील हरकत करने वाले पिता को भेजा जेल

तरकुलवा। नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत करने वाले पिता को तरकुलवा पुलिस ने शनिवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट नें उसे जेल भेज दिया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता के विरुद्ध छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने शुक्रवार की शाम को अपनी नाबालिग बेटी के साथ थाने पहुंचकर पति के खिलाफ शराब के नशे में बेटी के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था। उसने कहा था कि पति शराब के नशे में आया और बेटी को कमरे में पैर दबाने के बहाने बुलाकर अश्लील हरकत शुरू कर दिया।

हिन्दुस्तान दि० 05/06/022

# अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को नोटिस, अस्पताल पर शिकंजा

देवरिया, निज संवाददाता। स्वास्थ्य विभाग के टीम की छापेमारी में बिना पंजीकरण के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर व पैथोलाजी तथा एक अस्पताल चलते मिले। जांच के दौरान दोनों जगह डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिले। अल्ट्रासाउंड सेंटर काफी संख्या में आशा व उनके द्वारा लाये गये मरीज मिले। अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक को नोटिस जारी किया गया है, जबकि अस्पताल के पंजीकरण के आवेदन को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

जिले में बिना पंजीकरण, डाक्टर के धड़ल्ले से अस्पताल, अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथोलाजी चलाये जा रहे हैं। बार-बार छापेमारी में इसका खुलासा हो रहा है। लेकिन सख्त कार्रवाही नहीं करने से इन पर अंकुश नहीं लग रहा है। ऐसे अस्पताल, सेंटर मरीजों का आर्थिक शोषण करने के साथ ही उनके जीवन से खिलवाड़ भी कर रहे हैं। शनिवार को एसीएमओ डा. सतीराम, सीएमओ आफिस के पंजीकरण लिपिक राय कमलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, एमपी तिवारी की टीम ने शहर के राघवनगर स्थित अरूण अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलाजी क्लीनिक पर छापेमारी की। जांच में अल्ट्रासाउंड सेंटर के बिना पंजीकरण के अवैध रूप से चलने का खुलासा हुआ। मौके पर कोई अल्ट्रासाउंड करने वाला डाक्टर भी नहीं था। सेंटर पर करीब डेढ़ दर्जन मरीज व आशा मिली। रजिस्टर में अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों का ब्योरा भी अपडेट नहीं था। संचालक ने बताया कि पंजीकरण के लिए विभाग में आवेदन किया गया है।

टीम ने न्यू कालोनी में जयेश हास्पिटल की जांच की। यह अस्पताल भी अवैध रूप से बिना पंजीकरण के चल रहा था और मरीज भर्ती थे। हालांकि उनका इलाज, जांच व देखरेख करने को कोई डाक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद नहीं था। टीम ने अल्ट्रासाउंड संचालक को नोटिस जारी कर जबाब मांगा व जयेश अस्पताल के पंजीकरण को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



शहर के राघवनगर में अवैध रूप से चल रही अरुण अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलाजी क्लीनिक पर छापेमारी के दौरान भी मरीजों की भीड़ लगी रही।

## संचालक को नोटिस देकर की खानापूरी

सीएमओ आफिस से कुछ ही दूरी पर राघवनगर मुख्य मार्ग पर बिना पंजीकरण के वर्षों से अरूण अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलाजी क्लीनिक चल रहा है। हैरत की बात है कि स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी अब हुई। इस सेंटर पर रोज कमीशन के चक्कर में दर्जनों आशा मरीजों का अल्ट्रासाउंड कराने लेकर आती हैं। शनिवार को छापेमारी होने के बाद से ही विभाग के कुछ लोग उसे बचाने में लग गये। जिससे बिना पंजीकरण, डाक्टर के चल रहे इस सेंटर को सील करने, संचालक पर एफआईआर दर्ज कराने की सिर्फ नोटिस देकर खानापूर्ति की गयी।

हिन्दुस्तान दि० 05/06/022

# समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

## आयोजन

रुद्रपुर/भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर रुद्रपुर तहसील में डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने फरियाद सुनी। इस दौरान विभिन्न विभागों के 54 मामले आए। लेकिन एक भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। भाटपाररानी में आए 88 मामलों में आठ का निस्तारण हुआ।

डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व के 23, पुलिस के 21, विकास चार व अन्य छह मामले आए थे। डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत सेमरौना गांव में पंचायत भवन का निर्माण कराया गया है। जिसमें दिल्ली और लखनऊ के डिजाइन को चेंज कर दिया गया है। एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय, तहसीलदार अभय राज, नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार पाण्डेय, बीडीओ विवेकानन्द मिश्र, अधिशासी अभियंता बाढ़ ई.नरेन्द्र जाडिया, बिजली ई.वृजेश कुमार आदि उपस्थित रहे। भाटपाररानी के तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 88 मामले आए। राजस्व विभाग के आठ मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। आए मामलों में राजस्व से 49, पुलिस से 27, विकास के 4 तथा चकबंदी विभाग के 8 मामले शामिल रहे। एसडीएम अरुण वर्मा, तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार करण सिंह सहित भाटपाररानी, खामपार व बनकटा थानाध्यक्ष समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



शनिवार को रुद्रपुर तहसील में समाधान दिवस पर फरियाद सुनते डीएम और एसपी।

# तीन लिफ्टर गिरफ्तार, चोरी की एक बाइक बरामद

- भाटपाररानी मार्ग पर जिरसो गांव के समीप लिफ्टरों को दबोचा
- लिफ्टर के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की बाइक के साथ तीन लिफ्टरों को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तार लिफ्टरों के पास से एक 12 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

चौकी प्रभारी अभिषेक तिवारी, एसआई कमलेश कुमार यादव व कांस्टेबल राम सिंह व शम्भू सिंह ने शनिवार की सुबह मझौलीराज - भाटपार रानी मार्ग पर गश्त कर रहे थे। जिरसो गांव के समीप मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध दिखे बाइक सवार तीन युवकों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवकों के पास एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में लिफ्टरों ने अपना नाम व पता खामपार थाना क्षेत्र के भिंगारी बाजार निवासी शनि मद्धेशिया उर्फ अभिमन्यु कुमार मद्धेशिया पुत्र जय प्रकाश मद्धेशिया, खामपार थाना क्षेत्र के छौरौछा निवासी मुकेश पुत्र मोहन प्रसाद एवं खामपार थाना क्षेत्र के मायापुर गांव निवासी विकास मद्धेशिया पुत्र जयराम मद्धेशिया बताया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि० 05/06/022

# बिहार ले जाई जा रही 850 शीशी अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार



सलेमपुर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने शनिवार को स्कार्पियो से बिहार भेजी जा रही पांच लाख से अधिक कीमत की शराब के साथ दो तस्करों को दबोचा।

## शिकंजा

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली के सामने वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कार्पियों को एसओजी और सलेमपुर पुलिस ने पकड़ा। जिसमें रखा 850 शीशी अवैध शराब बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। पुलिस ने 5.40 लाख रुपये की शराब बरामद किया।

एसओजी टीम बिहार बार्डर के तरफ अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गई थी। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि स्कार्पियों में शराब भरकर बिहार ले जाया जा रहा है। एसओजी पुलिस देर रात को सलेमपुर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को सड़क पर खड़ी कर वाहनों की चेकिंग करने लगे। इसी बीच एक स्कार्पियो आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने रोकना चाहा तो चालक गाड़ी मोड़ने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर स्कार्पियों को घेर लिया। पुलिस ने गाड़ी में बैठे दो लोगों को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में शराब तस्करों ने अपना नाम सुमित कुमार पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी खेड़ा, बागपथ कोतवाली जिला बागपथ हालमुकाम भरथल थाना द्वारिका जिला न्यू दिल्ली और गौतम कुमार उर्फ निलेश कुशवाहा पुत्र स्व. जगदेव सिंह निवासी बीर सिंहपुर थाना कल्याणपुर जनपद समस्तीपुर (बिहार) एवं वर्तमान पता बृजवासन राघवपुर थाना छौला दक्षिणी दिल्ली बताया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

दैनिक जागरण दि० 05/06/22

# वन दारोगा ने माली को पीटा, गंभीर

जासं, बरहज : वन विभाग के पौधशाला में तैनात माली की वन दारोगा ने शनिवार को पिटाई कर दी, जिससे माली गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। माली ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बरहज नगर के रेलवे स्टेशन रोड पर वन विभाग का पौधशाला है। ग्राम जंगल बेलवा थाना महुआडीह के रहने वाले रमाकांत माली के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार को पौधशाला में कार्य करने वाले कामगार नहीं आए। इस बात से नाराज वन दारोगा ने माली की पिटाई कर दी। माली के शोर करने पर आसपास के लोग पहुंचे और बीच बचाव किया। वन क्षेत्राधिकारी रवींद्र सिंह ने बताया कि दोनों में किसी बात को लेकर तकरार हुई है। किसी ने शिकायत नहीं की है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक जागरण दि० 05/06/022

# चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

जासं, सलेमपुर: कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान जिरासो मोड़ के पास से चोरी की बाइक के साथ तीन वाहन चोरों को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में एक चोर पिछले दिनों मझौलीराज पुलिस चौकी से फरार हुआ था। पुलिस उसे एक सप्ताह से ढूंढ रही थी। शनिवार को जिरासो मोड़ के पास चौकी प्रभारी अभिषेक तिवारी पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर तीन युवक आ रहे थे। पुलिस ने रोककर पूछताछ की तो बाइक चोरी की मिली। चोरों ने अपना नाम शनि उर्फ अभिमन्यू पुत्र जय प्रकाश निवासी भिंगारी बाजार थाना खामपार, मुकेश पुत्र मोहन निवासी छरौरा थाना खाम्पार व विकास पुत्र जयराम निवासी मायापुर थाना खामपार बताया।

# हरियाणा निर्मित शराब की पकड़ी गई खेप, दो गिरफ्तार

जासं, सलेमपुर : दिल्ली से बिहार के पटना स्कार्पियो से भेजी जा रही 850 शीशी हरियाणा निर्मित शराब शुक्रवार की रात कोतवाली पुलिस ने बरामद किया। साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने तस्करों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

एसओजी प्रभारी अनिल कुमार यादव व कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक रमेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ कोतवाली गेट पर वाहन चेकिंग शुक्रवार की रात कर रहे थे। इस बीच एक स्कार्पियो तेजी से आते हुए नजर आई। पुलिस ने उसे घेर कर रोक लिया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कार्पियो की सीट के नीचे से 850 शीशी हरियाणा निर्मित शराब बरामद की



पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर • सौ. पुलिस

गई। इसके बाद पुलिस ने वाहन में सवार तस्कर सुमित कुमार निवासी भरथल थाना हरिद्वार सेक्टर 23 नई दिल्ली तथा दूसरे ने अपना नाम गौतम कुमार निवासी वीरसिंहपुर थाना कल्याणपुर जनपद समस्तीपुर बिहार बताया।

कोतवाल नवीन मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर तस्करों को जेल भेज दिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 05/06/022

# रेलवे ट्रैक जाम करने वालों पर मुकदमा दर्ज

जासं, भटनी: सड़क हादसे के बाद भटनी-वाराणसी रेल खंड पर रेवली रेलवे ढाला पर रेल ट्रैक जाम करने वालों पर आरपीएफ का शिकंजा शनिवार को कस गया। आरपीएफ ने एक नामजद व 50 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

लार क्षेत्र के रेवली गांव के रहने वाले शैलेश मिश्र चौराहे के पास डंफर की चपेट में आने से शुक्रवार को मृत्यु हो गई। इससे आक्रोशित लोगों ने मुआवजा की मांग करते हुए रेवली ढाला पर रेलवे ट्रैक को जमा कर दिया। जिसके चलते एक घंटे तक रेल ट्रैक जाम रहा। आरपीएफ ने देवेंद्र मिश्र व 50 अज्ञात के विरुद्ध रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



दैनिक जागरण पेज 05/06/022

# अधिकारियों ने सुनी फरियाद, दिया आश्वासन

जासं, देवरिया: सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने रुद्रपुर तहसील में फरियाद सुनी। उन्होंने निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ शिकायतों को निस्तारित करने का निर्देश दिया।

देवरिया सदर में एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र सिंह ने फरियाद सुनी। कुल 31 में तीन मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। रुद्रपुर में डीएम व एसपी की मौजूदगी में कुल 54 मामले आए, जिसमें राजस्व के 23, पुलिस के 21, विकास के चार व अन्य छह मामले शामिल हैं। भाटपाररानी में एडीएम प्रशासन कुवंर पंकज ने फरियाद सुनी। कुल 88 में आठ मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। सलेमपुर में कुल 60 मामलों में पांच मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। सीआरओ अमृत लाल बिंद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी ने फरियाद सुनी। बरहज में कुल 62 में राजस्व के दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।



दैनिक जागरण पेज 05/06/022

# निरीक्षण में मिली गड़बड़ी, तकनीकी टीम से कराई जांच

## रुद्रपुर विकास खंड के सेमरौना में परियोजनाओं की डीएम ने देखी हकीकत

जासं, रुद्रपुर : डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह शनिवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ सेमरौना में चार कार्य परियोजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां मिलने पर अधिकारियों को चेतावनी दी। तीन सदस्यीय तकनीकी टीम से जांच कराने का आदेश दे दिया। टीम ने जांच की। जांच में गड़बड़ी पाई गई है। टीम के रिपोर्ट देने के बाद दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



सेमरौना में निरीक्षण करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

डीएम ने सेमरौना में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के तहत बनाए गए पंचायत भवन का निरीक्षण किया। आठ कमरों की जगह यहां केवल चार कमरे बनाए पाए गए। साथ ही उसकी गुणवत्ता भी काफी खराब रही। कमरों की खिड़कियां भी गड़बड़ दिखी। आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में गुणवत्ता की काफी कमी पाई गई। फर्श टूटे-फूटे व शौचालय नहीं बने हुए पाए गए। स्थापित इंडिया मार्क हैंडपंप की कच्ची नाली पाई गई। परिसर में गंदगी का अंबार मिला। सचिव शिशिर कुमार को डीएम ने चेतावनी दी। अंत्येष्टि स्थल के निरीक्षण में 25 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी स्थिति खराब पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि शव को जलाने वाले स्थान में भी लूटपाट की गई है। शौचालय ध्वस्त पड़ा है एवं टीनशेड टूट गया है।

दैनिक जागरण दि० 05/06/022

जासं, खुखुंदू: महिला से फब्तियां कसने व फोन कर परेशान करने पर मायके वालों ने शनिवार को युवक की पिटाई कर दी, युवक को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है।

दैनिक जागरण दि० 05/06/2022



कोतवाली रोड में अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों से बातचीत करते ईओ रोहित सिंह • जागरण

# अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का बुलडोजर

जासं, देवरिया : शहर के कोतवाली रोड में फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण पर शनिवार को नगर पालिका का बुलडोजर चला। 30 अधिक दुकानें अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रभावित हुई। इस दौरान दुकानदारों ने नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों से अपना विरोध भी जताया।

शहर के रामलीला मैदान, मालवीय रोड, सिविल लाइंस रोड समेत अन्य रोड के फुटपाथ पर इन दिनों दुकानदारों का अतिक्रमण हो गया है। जिसके चलते सड़कें संकरी हो गई हैं। जागरण द्वारा फुटपाथ को लेकर चलाए गए अभियान के बाद नगर पालिका प्रशासन शनिवार को एक बार फिर कोतवाली रोड में अतिक्रमण हटाया। ईओ रोहित सिंह नगर पालिका कर्मियों व कोतवाली पुलिस के साथ कोतवाली रोड में पहुंचे, उन्होंने जेसीबी लगाकर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटवाना शुरू कर दिया। दो घंटे तक अतिक्रमण हटाया गया। ईओ ने बताया कि यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। हटाए गए स्थान पर अगर पुनः अतिक्रमण किया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

कु
“महिला

दैनिक जागरण दि० 05/06/022

# अश्लील हरकत करने वाले पिता को भेजा जेल

**जासं, तरकुलवा :** नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने वाले पिता अजय प्रसाद को शनिवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पत्नी के तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध शुक्रवार की शाम पुलिस ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया था। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पति के विरुद्ध शराब के नशे में पुत्री से अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था। आरोप है कि पुत्री को अकेले में पाकर कमरे में बुलाया और पैर दबाने के बहाने अश्लील हरकत शुरू कर दिया।

# छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जासं, बरहज :** विवाहिता को दहेज में चार पहिया वाहन के लिए प्रताड़ित करने वाले पति समेत छह के विरुद्ध पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। नगर के नंदना वार्ड पश्चिमी के रहने वाले सुनील जायसवाल, बेटी शिवांगी जायसवाल की शादी 26 नवंबर 2015 को चौहट्टा वार्ड रुद्रपुर निवासी शीतांशु जायसवाल के साथ किए थे। आरोप है कि जब से बेटी ससुराल गई, तभी से ससुराली दहेज में चार पहिया वाहन की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हैं। पुलिस ने पति शीतांशु, ससुर सुनील, सास गीता देवी, ननद दिव्यांशी, साक्षी, जया मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

दैनिक जागरण दि० 05/06/022

# अस्पताल व पैथालाजी पर होगी कार्रवाई

जासं, देवरिया: शहर में अवैध अस्पतालों के संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को सीएमओ कार्यालय की टीम ने एसीएमओ डा. सतीराम के नेतृत्व में शहर न्यू कालोनी स्थित जयेश इमरजेंसी हास्पीटल का निरीक्षण किया। डाक्टर व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं थी। मानक के अनुसार, नहीं पाए जाने पर अस्पताल के नवीनीकरण का आवेदन निरस्त करने की संस्तुति की गई। राघव नगर स्थित अरुण अल्ट्रा साउंड का टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रूप से एमपी तिवारी, राय कमलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव मौजूद रहे।

अमर उजाला दि० 05/06/022

# पुलिस ने पकड़ी अंग्रेजी शराब

## बिहार ले जाई जा रही थी शराब, दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात बड़ी मात्रा में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद की। शराब बिहार ले जाई जा रही थी। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसआई रमेश कुमार सिंह शनिवार की रात कोतवाली गेट पर बैरिकेडिंग कर वाहन चेकिंग कर रहे थे। देवरिया की तरफ से सफेद रंग का वाहन तेज गति से पहुंचा। पुलिस की तलाशी में अंग्रेजी शराब की बोतलें दिखीं। पुलिस वाहन को कोतवाली ले गई, जिसमें दो तस्कर सवार थे। पूछताछ में तस्करों ने अपना नाम सुमित कुमार निवासी भरथल थाना हरिद्वार सेक्टर 23 जनपद नई दिल्ली तथा दूसरे ने गौतम कुमार ग्राम वीरसिंहपुर थाना कल्याणपुर जनपद समस्तीपुर बिहार बताया। पुलिस की तस्करों ने बताया कि वे हरियाणा से शराब लेकर पटना जा रहे थे। कोतवाली पुलिस ने दोनों पर आबकारी एक्ट के अलावा धोखाधड़ी व अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। तस्करों को गिरफ्तार करने वालों में एसआई हिरामन गौड़, हेड कांस्टेबल प्रभुनाथ यादव कांस्टेबल विक्रांत सिंह, राकेश पटेल, प्रिजेश कुमार तथा एसओजी प्रभारी अनिल कुमार यादव भी शामिल रहे।



सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने पकड़ी शरा


शरीर में कमज़ोरी व थकान को दूर कर

न्यूरोविट

सिरप

- सामान्य पोषण की कमी को दूर करने में सहायक
- बच्चों और वयस्कों में स्फूर्ति लाये
- शारीरिक एवं मानसिक विकास में लाभदायक
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाये

सभी मैडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध

ANTEX For Trade queries contact +91 9616405055, 9919525263

# घर में रखा सामान चोरी

अहिरौली बाजार। थाना क्षेत्र के रामपुर झुरिया में घर में रखा सामान चोर उठा ले गए। परिवार के लोग तिलक समारोह में गए थे। टूटा बॉक्स खेत में मिलने पर लोगों को जानकारी हुई। गृह स्वामी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

राजेश पासवान के परिवार के सभी लोग घर में बिना ताला बंद किए अपने पट्टीदार के घर तिलक में सम्मिलित होने गए थे। मौका पाकर चोर घर में घुस गए और कीमती सामान, बक्से, सूटकेस आदि चुरा ले गए। देर रात लोग तिलक से लौटे तो घर में सो गए। शनिवार को कुछ लोगों ने गन्ने के खेत मे टूटा बॉक्स देखा तो शोर मचाया। उसके बाद उसकी पहचान राजेश के बॉक्स के रूप में हुई। राजेश ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। संवाद

अमर उजाला दि 05/06/2022

अमर उजाला पेज 05/06/022

# खाद-बीज की दुकान में चोरी

## क्रय विक्रय सहकारी समिति के सचिव के मकान में है दुकान

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। स्थानीय चौराहे पर फोरलेन सड़क किनारे स्थित खाद-बीज एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति के सचिव की दुकान को शुक्रवार की रात चोरों ने निशाना बनाया। चोर चैनल का ताला खोल काउंटर में रखा 62700 रुपये उठा ले गए। पीड़ित दुकानदार/सचिव को घटना की जानकारी शनिवार को हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित दुकानदार ने तहरीर दी है। पिपरपाती खुखुंदू चौराहा निवासी रामव्यास यादव क्रय विक्रय सहकारी समिति पिपरपाती के सचिव है।

### चैनल का ताला खोलकर चोरों ने काउंटर से उड़ाए 62700 रुपये

स्थानीय चौराहे पर फोरलेन के किनारे केनरा बैंक के बगल में उनकी अपने निजी मकान में खाद-बीज की बड़ी दुकान भी है। रोज की तरह वह शुक्रवार रात तकरीबन दस बजे अपनी दुकान बंद कर अंदर सोने चले गए। शनिवार भोर में जगने के बाद जब वह निकले तो देखे चैनल खुला था। आगे बढ़कर देखे तो काउंटर का सामान बिखरा पड़ा था। उसमें रखे 62,700 रुपये भी गायब थे। घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस चोरों की धड़पकड़ के लिए अब दुकान के बगल में बैंक गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे का सहारा ले सकती है। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि मौके पर पुलिस गई थी। जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जाएगी।

अमर उजाला पेज 05/06/022

अमर उजाला पेज 05/06/022

# दो महिलाओं समेत दस पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के ग्राम छितरौली में सार्वजनिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने जेसीबी से हटवाया। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों ने हल्का लेखपाल से दुर्व्यवहार किया। पुलिस लेखपाल की तहरीर पर खामपार थाने में छह महिलाओं सहित दस लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

### ग्राम छितरौली में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाए जाने का मामला

हल्का लेखपाल भोला यादव ने तहरीर में कहा है कि ग्राम छितरौली में सार्वजनिक खलिहान की भूमि गाटा संख्या 493, रकबा 0.101 हेक्टेयर तथा नवीन परती गाटा संख्या 433 रकबा 0.131 क्षेत्रफल पर अतिक्रमण हटाने के दौरान गांव के रामेश्वर, राहुल, आदित्य, अमित, रीता कुमारी, सविता कुमारी, मनीषा कुमारी, पनवा देवी, आशा देवी एवं रामावती देवी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और अपशब्द कहते हुए धक्का-मुक्की कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि छह महिलाओं सहित दस लोगों पर केस दर्ज किया है।

अमर उजाला दि० 05/06/022

# पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। नगर के नंदना वार्ड पूर्वी निवासी सुनील कुमार जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने रुद्रपुर के चौहट्टा वार्ड निवासी और दामाद शीतांशु समेत छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। आरोप है कि ससुराली दहेज में चारपहिया गाड़ी के लिए उनकी पुत्री शिवांगी जायसवाल को प्रताड़ित करते हैं। वह पिछले कुछ साल से मायके में रह रही है।

सुनील कुमार जायसवाल ने 26 नवंबर 2015 को अपनी पुत्री शिवांगी जायसवाल की शादी रुद्रपुर के चौहट्टा वार्ड निवासी शीतांशु से की थी। दोनों से एक पुत्र भी है। शिवांगी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि दहेज में चारपहिया गाड़ी की मांग की गई थी। मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोग पुत्री को प्रताड़ित करते थे। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर पति शीतांशु, ससुर सुनील, सास गीता देवी, ननद तनु, ट्विंकल व जया पर केस दर्ज किया गया है।

## दहेज में चार पहिया गाड़ी के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

अमर उजाला 05/06/2022

# पिता-पुत्र को भेजा गया जेल

बरहज। क्षेत्र के हरनौठा गांव निवासी अजय तिवारी पुत्र ठाकुर तिवारी और उसके पुत्र कृष्णानंद तिवारी को एसडीएम कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। दोनों पर जबरिया भवन निर्माण कराने का आरोप है।

अजय तिवारी का पड़ोसी अंशू तिवारी से जमीनी विवाद चल रहा है। मामले में शुक्रवार को पुलिस ने दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान किया था। जबकि दोनों पक्षों को संपूर्ण समाधान दिवस पर अपनी बात रखने को कहा गया था। तब तक दोनों तरफ से कोई कार्य नहीं किए जाने का निर्देश दिया गया था। संवाद

अमर उजाला 05/06/022

# बेटी से छेड़खानी में पिता गिरफ्तार

तरकुलवा। थाना क्षेत्र के एक गांव में पैर दबवाने के बहाने बेटी के कपड़े उतरवाकर छेड़खानी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।। पिता की गलत हरकत की जानकारी पड़ोसियों ने पीड़िता की मां को दी। मां की तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि वह शुक्रवार को बगीचे में लकड़ी चुनने गई थी। पैर दबाने के लिए पुत्री को बुलाया। उसके बाद कपड़े उतरवा कर छेड़खानी करने लगा। पड़ोसियों ने देखा और इसकी सूचना दी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि उसकी बड़ी पुत्री के साथ भी पिता ने इस तरह की हरकत की थी, लेकिन उस समय सुलह हो गया था। तरकुलवा थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

अमर उजाला दि० 05/06/022

# लॉकअप तोड़कर फरार आरोपी और दो दोस्तों को भेजा जेल

## पुलिस ने बाइक और तमंचा के साथ तीन युवकों को किया गिरफ्तार

सलेमपुर। मझौलीराज चौकी का लॉकअप तोड़कर फरार ट्रैक्टर चोरी के आरोपी और उसके दो साथियों को कोतवाली पुलिस ने जेल भेज दिया। मुखबिर की सूचना पर शनिवार की सुबह चौकी इंचार्ज ने हमराहियों के साथ सिरसी मोड़ से उसे और उसके दो दोस्तों को चोरी की बाइक व तमंचा के साथ गिरफ्तार किया।

मझौलीराज नगर के किला चौराहा स्थित पुलिस चौकी के समीप राम प्रदीप मौर्य का गिट्टी, बालू व सीमेंट आदि की दुकान और घर है। वह 28 मई की रात ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस चौकी के गेट पर पेड़ के नीचे खड़ाकर घर में सो गए थे। पुलिस का कहना है कि मौका देख अभिमन्यु मद्धेशिया ट्राली छुड़ाकर ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। वह मठिया टोला के योगेंद्र यादव के घर के पास पहुंचा था कि ट्रैक्टर दरवाजे में टकरा गया। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। भीड़ देखकर अभिमन्यु भागने लगा। लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। लोगों ने उसकी धुनाई कर चौकी प्रभारी अभिषेक तिवारी को सौंप दिया था। जब सुबह लोग पहुंचे तो पता चला कि रात में ही लॉकअप का दरवाजा तोड़कर आरोपी फरार हो गया है और पुलिस चौकी के किसी सुरक्षा कर्मी को इसकी भनक तक नहीं लगी है।

अमर उजाला ने 30 मई के अंक में इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर को संज्ञान में लेकर सीओ विनय कुमार यादव ने गिरफ्तारी की जिम्मेदारी कोतवाल नवीन कुमार सिंह को सौंपी। शनिवार को चौकी इंचार्ज अभिषेक तिवारी, कमलेश्वर यादव व शंभू सिंह ने ट्रैक्टर चोरी के आरोपी अभिमन्यु मद्धेशिया तथा उसके साथी मुकेश व विकास मद्धेशिया को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। अभिमन्यु मद्धेशिया के पास से तमंचा बरामद किया गया।

# छेड़खानी के मामले में पांच पर मुकदमा

देसही देवरिया। महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात बरात देखने गई युवती से गांव के ही कुछ युवकों ने छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। युवती के पिता ने शुक्रवार को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पांच युवकों पर केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है। संवाद

परिजनों का कहना है कि बैंक में ... की मांग की है।

अमर उजाला दि० 05/06/022

# एक नामजद व पचास अज्ञात के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## रेवली रेलवे ढाला पर बुलडोजर खड़ाकर जाम लगाने का मामला

लार/लार रोड। डंपर की चपेट से शैलेश मिश्रा की मौत से नाराज लोगों ने शुक्रवार को भटनी-वाराणसी रेलमार्ग पर रेवली ढाला पर बुलडोजर खड़ा कर प्रदर्शन करने वाले एक नामजद और पचास अज्ञात पर आरपीएफ ने शनिवार को मुकदमा दर्ज किया है।

लार थाना क्षेत्र के रेवली गांव निवासी शैलेश मिश्रा घर से चौराहा स्थित अपनी दुकान पर जा रहे थे। तभी भागलपुर के तरफ से आ रहे डंपर ने पीछे से अपनी चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने भटनी-वाराणसी रेल मार्ग पर रेवली ढाला पर बुलडोजर खड़ा कर जाम लगा दिया और पच्चीस लाख रुपये व परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग करने लगे।

तकरीबन एक घंटे तक जाम रहा। इसके बाद मईल एसओ अनिल कुमार ने नाराज लोगों को समझाकर रेल ट्रैक से हटवाया।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

# गायब किशोर लौटा घर, छाईं खुशियां

**मिश्रौलिया।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बभनी बाजार से लगभग एक साल पहले गायब हुए 14 वर्षीय किशोर को पुलिस ने शनिवार को चेतिया के पास से बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि किशोर अपनी मां की डांट के बाद बिना किसी को बताए घर से भाग कर नोएडा चला गया था। इधर जब उसे मम्मी-पापा की याद आई तो वह वापस घर लौट रहा था। पुलिस ने किशोर को परिवारीजनों को सौंप दिया है। वहीं किशोर के वापस घर लौटने से परिवार में खुशियां छा गई हैं।

# घंटे भर में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेगा पांच हजार इनाम

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जहां डायल 112 के पुलिसकर्मियों को यातायात नियमों की जानकारी दे चालक व आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया गया।

बताया गया कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को स्वर्णिम समय एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने पर संबंधित व्यक्ति को सरकार की तरफ से पांच हजार रुपये इनाम देने की योजना है।

यातायात प्रभारी सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि यातायात के साथ साथ डायल 112 पुलिसकर्मी भी जनपद में निर्धारित ब्लैक स्पाट के आसपास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इसकी जानकारी दें। इन स्थानों पर जागरूकता बोर्ड भी लगाए जाएंगे। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। कहा कि गुड सेमेरिटन योजना के तहत घायल व्यक्तियों को स्वर्णिम समय, एक घंटे के भीतर नजदीकी अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पुरस्कार दिया जाएगा। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में यातायात व 112 पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**113 में 17 मामलों का हुआ निस्तारण**

समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास व अन्य विभाग सहित कुल 113 मामले प्रस्तुत हुए। इनमें राजस्व विभाग के 13 और पुलिस विभाग के चार मामले सहित 17 मामलों का निस्तारण तत्काल किया गया।



कसया तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते दाएं से एसपी धवल जायसवाल, डीएम एस राजलिंगम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पूर्ण बोरा● जागरण

# अपहरण के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**अहिरौली बाजार :** क्षेत्र के लेहनी गांव के राज साहनी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज है, पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष विवेकानंद यादव ने बताया कि आरोपित को बेंदुआर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# आदेश पालन में शिथिलता पर डीएम ने जताई नाराजगी

**जागरण संवाददाता, कसया:** भीषण गर्मी के बीच शनिवार को तहसील सभागार में डीएम एस राजलिंगम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण वातानुकूलित सभागार में भी अधिकारी पसीने से लतपथ हो गए। आधी कार्रवाई के बाद बिजली कटी तो एसी भी बंद हो गई और स्थिति असहज हो गई। डीएम ने आदेश पालन में शिथिलता पर नाराजगी जताई।

लंबे समय बाद समधाना दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों के आने के कारण काफी संख्या में फरियादी जुटे। डीएम और एसपी भी तेवर में थे। डीएम ने अधिकारियों से पूछा कि पिछले दिनों थाना दिवस पर आने वाले प्रार्थना पत्रों के समाधान हेतु टीम गठित करने का निर्देश दिया गया था। पालन हुआ कि नहीं। तहसीलदार मांधाता सिंह ने बताया कि अभी नहीं हो सका है। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई और तत्काल आदेश पालन का निर्देश दिया। फरियादी डीएम व एसपी धवल जायसवाल से मिलकर समस्या बता रहे थे। उन्होंने पिछले समाधान दिवस में आई शिकायतों की भी समीक्षा की। कहा कि अनावश्यक विलंब हुआ तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। एसपी ने पुलिस से संबंधित मामले सुने और आवश्यक निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पूर्ण बोरा, सीएमओ डा. सुरेश पटारिया, ईओ प्रेमशंकर गुप्त, लेखपाल ब्रजेश मणि त्रिपाठी, निलेश रंजन राव आदि उपस्थित रहे।

**बोले फरियादी, नहीं मिली संतुष्टि**

फाजिलनगर क्षेत्र के फरेंदहा गांव निवासी हरेश गोंड बिना पैमाइश और नोटिस के तहसील द्वारा की गई बेदखली कार्रवाई की शिकायत लेकर आए थे। सरैया महंथ पट्टी निवासी कमरूद्दीन शाह ने बताया कि गांव के सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए उच्च न्यायालय से आदेश लाया हूं। उसके क्रियान्वयन के लिए प्रति अधिकारियों को सौंपा हूं। मिश्रौली निवासी मैनुल खातून पट्टीदारों से भूमि में हिस्सा दिलाने की मांग को लेकर आई थीं। रामनगर निवासी सुनीता देवी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर काफी दिनों से चक्कर लगा रही हूं।







तमकुहीराज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत सुनते एसडीएम। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

# कानून हाथ में न लें, समस्या होने पर बताएं : जिलाधिकारी

**जासं, परतावल :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने शनिवार को परतावल में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए नगर में शांति व्यवस्था व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी ने लोगों से कानून का पालन करने व किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में न लेने की अपील की। कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर प्रशासन की मदद लें।

जिलाधिकारी ने सड़क के किनारे खड़ी गाड़ियों को सिंचाई कालोनी में क्रमबद्ध तरीके से खड़ा कराने का निर्देश एसएचओ श्यामदेउरवा आनंद कुमार गुप्ता को दिया। उन्होंने कहा कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी ब्रह्म उपाध्याय, उपनिरीक्षक मृत्युंजय उपाध्याय उपस्थित रहे।

## ऐसे काम करता है एप्लिकेशन

पुलिस अधीक्षक के अनुसार पुलिस अगर किसी संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसका आपराधिक रिकार्ड जानना चाहती है, तो उसे किसी थाने से पूछताछ नहीं करनी होगी। संदिग्ध व्यक्ति का नाम और फोटो एप्लिकेशन में डालकर सर्च करने पर उसका पूरा रिकार्ड खुल जाएगा। फोटो के जरिये चेहरे का मिलान कर संबंधित व्यक्ति के बारे में पुष्टि की जा सकती है। यह एप्लिकेशन सीधे जेल के विचारार्थ कैदी प्रबंधन प्रणाली से जुड़ा है। इससे सजायाफ्ता व विचाराधीन कैदियों के बारे में तमाम जानकारी हासिल की जा सकती है।

# त्रिनेत्र एप से तैयार हो रही अपराधियों की कुंडली

**जासं, महराजगंज:** अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने अब तकनीकी का भी इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। त्रिनेत्र एप के माध्यम से पुलिस सभी अपराधियों का डिजिटल आपराधिक इतिहास तैयार कर रही है। सभी अपराधियों के रिकार्ड को आनलाइन किया जा रहा है। बड़े अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने में भी पुलिस अब त्रिनेत्र एप का ही सहयोग ले रही है।

पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने बताया कि सभी थानों से अपराधों को अपलोड किया जाएगा, इसके बाद एक कामन पोर्टल पर फीड किया जाएगा।

इससे पुलिस को अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद आपराधिक रिकार्ड की जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी। त्रिनेत्र एप जितना समृद्ध होगा, पुलिस का काम उतना ही आसान होगा।

# गैंगस्टर के दो आरोपित गिरफ्तार

**जासं, निचलौल :** पुलिस ने शनिवार को शहर के कटरा चौराहे से गैंगस्टर एक्ट के आरोपित मिश्रौलिया निवासी शिवकुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि उसका चालान कर दिया गया है। इसी तरह परसामलिक पुलिस ने शनिवार की सुबह गैंगेस्टर के वांछित मुलायम निवासी बेलभार टोला मनिकौरा को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया है। कांस्टेबल मकसूदन सिंह व पवन कुमार गौड़ ने नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग स्थित बेलभार के पास नवनिर्मित मकान से गिरफ्तार की।

# चक्का जाम कर रहीं महिलाएं गिरफ्तार

- मारपीट के आरोपितों को छुड़ाने के लिए पुलिस पर बना रही थीं दबाव
- तीन रोज पहले जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई थी मारपीट

**जासं, घुघली:** आंबेडकर नगर वार्ड नंबर दो में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद उसके घर की तीन महिलाओं ने उन्हें छुड़ाने के लिए पुलिस पर दबाव बनाने की नीयत से सड़क पर लेट कर चक्काजाम करने का प्रयास करने लगीं। सूचना पर चौकी प्रभारी दिलीप सिंह मय पुलीस फोर्स मौके पर पहुंच गए और महिला पुलिस की मदद से तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

कमलावती और अंबिका की बीच भूमि विवाद चल रहा था। बुधवार को बालू रखवाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जिसमें एक पक्ष के महिला सहित पांच के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को आरोपी अंबिका की पत्नी झांती देवी, बहू सीमा व पुत्री शांति कस्बे के मुख्य सड़क पर लेट गई। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने उनकी बात सुनी तथा समझाया, लेकिन वे आरोपियों को छोड़ने की जिद पर अड़ी रहीं । फलस्वरूप महिला पुलिस के सहयोग से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# धारदार हथियार से हमले में चार लोग घायल

**निचलौल।** ओडवलिया गांव में शनिवार को पुरानी रंजिश को लेकर कुछ मनबढ़ों ने एक परिवार पर धारदार हथियार से अचानक हमला बोल दिया। जिस दौरान मनबढ़ों ने पलक झपकते ही चार लोगों को घायल कर लहूलुहान कर दिया।

डायल 112 पुलिस चारों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक ओडवलिया गांव पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो रही थी। कुछ देर बाद दोनों के बीच बात आगे बढ़ गई। जिससे आक्रोशित एक पक्ष के मनबढ़ों ने हथियार और लाठी-डंडों से दूसरे पक्ष पर अचानक हमला कर दिया। संवाद

# महिला की पिटाई में छह लोगों पर केस

## पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरेंदा।** क्षेत्र के परसिया बुजुर्ग में शुक्रवार की शाम बच्चों के विवाद को लेकर एक विधवा की लाठी डंडे से जमकर पीटने का वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ। वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

मामला फरेंदा थाना क्षेत्र के परसिया बुजुर्ग क्षेत्र का है। यहां की निवासी गुलाबी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार की शाम छह बजे बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही भभूती, सभूती, पिंटू, मोहन, किसमती व सोहन हाथ में लाठी डंडा लेकर दरवाजे पर आए और अपशब्द बोलने लगे। मना करने पर लाठी डंडा से जमकर पिटाई की। बीच बचाव करने आई दो बेटियों को भी पीट दिया। जिसमें गंभीर चोटे आई है। विधवा महिला की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो पुलिस तत्काल हरकत में आ गई।

गांव में पहुंच कर मामले की जांच करते हुए तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि महिला के तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## जिला बदर की कार्रवाई हुई

घुघली। थाने में गुंडा एक्ट के वांछित अभियुक्त अहिरौली निवासी असलम को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर धारा 3/4 गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर कर दिया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने दी। संवाद

## पैदल मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया

परतावल। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के परतावल में शांति व्यवस्था बनाए रखने व प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया। डीएम ने लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखते हुए आपस में भाईचारा बना कर रहने की अपील की। लोगों से कानून का पालन करने व किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में न लेने की अपील की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी ब्रह्मा उपाध्याय, उपनिरीक्षक मृत्युंजय उपाध्याय, लालचंद भारती, जयप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

## गैंगस्टर के खिलाफ कार्रवाई

निचलौल/परसामलिक। पुलिस ने शनिवार को गश्त के दौरान गैंगस्टर के आरोपी मुलायम निवासी बेलभार टोला मनिकौरा को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। यह जानकारी थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने दी। वहीं निचलौल पुलिस ने शनिवार को शहर के कटरा चौराहे से गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने बताया कि आरोपी शिवकुमार वर्मा निवासी मिश्रवलिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर तलाश की जा रही थी। संवाद

## 35 बोरी यूरिया बरामद

निचलौल। भारत-नेपाल बॉर्डर से सटे रेंगहिया गांव निकट से पुलिस ने शुक्रवार रात को एक दुकान से पिकअप पर लदी 35 बोरी यूरिया खाद बरामद करते हुए दो लोगों को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने बताया कि पिकअप पर लदी 35 बोरी यूरिया खाद बरामद हुई है। संवाद

## 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

निचलौल। थाना क्षेत्र के बजहां में आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा मार कर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आबकारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव ने बताया कि कार्रवाई में चार क्विंटल लहन नष्ट करते हुए 20 लीटर कच्ची बरामद की गई है। संवाद





सदर तहसील सभागार में समस्या सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार व लाइन में खड़े फरियादी। संवाद

# लेखपाल ने पत्नी की जगह भाई के नाम कर दी वरासत

## संपूर्ण समाधान दिवस : शिकायत पर लेखपाल से मांगा गया स्पष्टीकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवां।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनने आए मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने लोगों की समस्याएं सुनीं। ग्राम सभा महरी निवासी लीलावती ने पति की मृत्यु के बाद उनकी जगह पति के भाई के नाम लेखपाल के वरासत करने की शिकायत की तो सीडीओ बिफर पड़े और लेखपाल रमेश गुप्ता को फटकार लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण भी तलब किया।

पीड़ित लीलावती ने बताया कि उनके पति की चार माह पूर्व मृत्यु हो गई। जिसके बाद से ही वह तहसील का चक्कर काट लेखपाल से अपने पक्ष में वरासत करने की गुहार लगा रही हैं किंतु लेखपाल ने उनकी जगह पति के भाई के नाम वरासत कर दी।

इसके अलावा समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र से होकर बहने



दिव्यांग प्रमाण पत्र न बनने पर 23 वर्षीय दिव्यांग बृजलाल को लेकर शिकाय देने जाती मां कलावती बहन लक्ष्मी। संवाद

### बुद्ध के आठवें अस्ति स्तूप पर परिक्रमा के लिए फुटपाथ बनवाने की मांग की गई

वाले बघेला नाला के आसपास बसे आधा दर्जन गांव के प्रधानों ने पत्र सौंपकर उक्त नाला के तटबंध की मरम्मत एवं उसकी सफाई कराए जाने की मांग की।

दुर्गाराम ग्राम बौद्धिक विकास समिति के अध्यक्ष जितेंद्र राव ने पत्र सौंपकर भगवान बुद्ध के आठवें अस्ति स्तूप पर परिक्रमा के लिए फुटपाथ बनवाने की मांग की।

## अत्यधिक वरासत लंबित होने पर बिफरे सीडीओ

**महराजगंज/नौतनवां।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर सभी तहसीलों में 379 मामले आए, जिसमें 60 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। सदर में डीएम सत्येंद्र कुमार एवं एसपी डॉ. कौस्तुभ ने समस्याओं को सुना।

मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने वरासत न चढ़ने के अत्यधिक मामलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मातहतों को निर्विरोध वरासत को तत्काल प्रभाव से निपटाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुनः साधारण रूप से निपटाए जाने वाले मामले प्रकाश में लाए गए तो जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस दौरान एसडीएम राम सजीवन मौर्य, क्षेत्राधिकारी डीके उपाध्याय, तहसीलदार मुकेश कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी जगदीप यादव, परियोजना निदेशक आरके पाल आदि मौजूद रहे। संवाद

## दिव्यांग बेटे के साथ पहुंची महिला

**नौतनवां।** क्षेत्र के गांव आराजी सरकार उर्फ बैरिहवा निवासी कमलावती ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर दिव्यांग बेटे का प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की। आराजी सरकार उर्फ बैरिहवा गांव की कमलावती तथा उनकी बेटी लक्ष्मी शर्मा 23 वर्षीय दिव्यांग बृजलाल को लेकर जब सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची तो देखते ही मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल खड़े हो गए और उनकी समस्या सुनी। मुख्य विकास अधिकारी ने तत्काल रतनपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अखिलेश को प्रमाण पत्र जारी कराने का निर्देश दिया।

# सड़क हादसे में एक घायल

**कोल्हुई बाजार (एसएनबी)।** थाना कोल्हुई क्षेत्र के गोरखपुर-सोनौली नेशनल हाइवे पर स्थित रुदलापुर चौराहे पर आज दो बाइक में भिड़न्त हो गयी। इस घटना में एक बाइक चालक बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायल बाइक चालक को उपचार के लिए भेज दिया है। बाइक कोल्हुई बाजार से फरेन्दा की तरफ जा रही थी। जैसे ही रुदलापुर चौराहे पर पहुंची वैसे एक बाइक से भिड़न्त हो गयी। घटना में ग्राम सभा सोनवल थाना पुरन्दरपुर निवासी सहीआले गम्भीर रुप से घायल हो गये। पुलिस ने घायल बाइक चालक को उपचार के लिए भेज दिया।

# मारपीट का केस दर्ज

**परतावल (एसएनबी)।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के श्यामदेउरवा गांव में कुत्ता मारने पर लामबंद होकर दूसरे पक्ष के लोगों ने दरवाजे पर चढ़कर जमकर मारा पीटा। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार थाना क्षेत्र के श्यामदेउरवा निवासी आदित्य के दरवाजे के सामने तीन व चार कुत्ते आपस में लड़ रहे थे। उसनेढेला चलाकर कुत्ते को भगा दिया। वह अभी दरवाजे पर खड़ा ही था कि नाथू , विजय, अवधेश,महाराणा प्रताप, पंकज, छोटू दरवाजे चढ़कर उसे मारा-पीटा। बाद में लोग लाठी डण्डा के मारने पिटने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर 147,323 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# समाधान दिवस : 694 मामले में 60 निस्तारित

**महराजगंज/निचलौल/आनंदनगर/नौतनवां (एसएनबी)।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सदर तहसील सभागार में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 90 मामले आये। इनमेंसे जिलाधिकारी ने 10 जन शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित किया। शेष मामलों को गुण-दोष के आधार पर गुणवत्तापरक निस्तारित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

समाधान दिवस में सर्वाधिक मामले राजस्व व पुलिस विभाग से संबंधित रहा । जिलाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रतापूर्वक निस्तारित करें। समाधान दिवस में आने वाले मामलों की शासन स्तर पर भी निगरानी वरिष्ठ अधिकारियोंद्वारा स्वयं की जा रही है ताकि मामलों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित किया जा सके। उन्होंने ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले शिकायतों के प्रति लोगों को भटकना न पड़े। निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। आईजीआरएस संबंधी मामले, आय व जाति प्रमाणपत्र जैसे मामलों के आवेदनों को तय सीमा में ही निस्तारण होना चाहिए । अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ,ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सदर साई तेजा सिलम, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार विवेका नन्द दुबे, कोतवाली प्रभारी रवि कुमार राय, थानाध्यक्ष पनियरा, श्यामदेउरवा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**निचलौल कार्यालय** के अनुसार स्थानीय तहसील सभागार में आज एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 131 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज करायी। इनमें महज 15 मामलों का निस्तारण हो सका। शेष मामलों को त्वरित निस्तारण के निर्देश के साथ सम्बंधित अधिकारियों को भेजा गया है। फरियादियों की लंबी कतार लगी रही। इनमें 116 फरियादियों को आश्वासन पाकर लौटना पड़ा। इस दौरान एसडीएम सत्य प्रकाश मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, एसएमआई पंकज सिंह व खण्ड विकास अधिकारी चंद्रशेखर कुशवाहा आदि मौजूद रहे। **आनन्दनगर कार्यालय** के अनुसार तहसील स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी फरेन्दा दिनेश कुमार मिश्र के अध्यक्षता में फरेन्दा तहसील के सभागार में किया गया। जिसमें फरियादियों द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य,भूमि सहित अन्य विभागों के 220 मामले आये। मौके पर 20 मामलों का निस्तारण कर शेष 200 मामलों को तहसीलस्तरीय अधिकारियों को निस्तारण के लिए सौंप दिया। इस म्बन्ध में उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतकर्ता के शिकायत को सप्ताह भर के अन्दर अविलम्ब निस्तारण करने का निर्देश दिया। **नौतनवा कार्यालय** के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलास्तरीय समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने की। इस दौरान 253 मामले दर्ज किये गये। जबकि मौंके पर 15 मामले ही निस्तारित हो सके। बाकी सभी मामलों को सम्बंधित विभागों को अतिशीघ्र समाधान करने के निर्देश के साथ भेज दिया गया। जिलास्तरीय तहसील दिवस होने के



समाधान दिवस में फरियाद सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

चलते प्रातः काल से ही फरियादियों की भारी भीड़ तहसील में उमड़ी थी। सीडीओ श्री सोगरवाल ने निर्धारित समय पर फरियादियों की एक-एक कर सुनवाई शुरू की। इस दौरान 253 मामले दर्ज हुए। दर्ज मामलों में अधिकतर शिकायतें राजस्व से सम्बंधित रहीं। हालांकि मौंके पर ही 15 शिकायतों का निस्तारण सीडीओ श्री सोगरवाल सहित तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने कर दिया।

# डीएम व एसपी ने फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च

**परतावल**। डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से श्यामदेउरवां थाना क्षेत्रान्तर्गत परतावल बाजार में पुलिस फोर्फ के साथ फ्लैग मार्च किया गया। साथ ही सभी से शांतिपूर्ण वातावरण बनाये रखने व जनपद के सौहार्दपूर्ण माहौल को कायम रखने की अपील की गई। किसी भी समस्या में प्रशासन की सहायता लेने के लिए कहा गया। डीएम व एसपी ने लोगों से कानून का पालन करने व किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में न लेने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान लोगो में सुरक्षा की भावना को महसूस कराया गया।

# 20 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद

**परतावल( महराजगंज)**। चोरी से काटी गई 20 बोटा सागौन की लकड़ी एक मैजिक पिकअप पुलिस तथा वन विभाग की टीम ने पकड़ा है। पुलिस ने पिकअप को थाने में खड़ा करा दिया है। इस मामले में पिकअप के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। श्यामदेउरवां थाने के नटवा जंगल होते हुए बड़हरा गांव के तरफ जा रही सागौन लदी मैजिक की सूचना मुखबिर द्वारा पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक लालचंद भारती अपने हमराहियों के साथ पहुंचे। पुलिस को आता देख मैजिक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने लकड़ी समेत मैजिक को थाने में खड़ा करा दिया। उप निरीक्षक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मैजिक पीकप पर लदा 20 बोटा सागौन को पकड़ा गया। मामले में गाड़ी मालिक कुन्नू उर्फ खुशबुद्दीन निवासी बड़हरा के खिलाफ धारा 379,411 व वन अधिनयम 26 के तहत मुकदमा दर्ज कर लकड़ी को वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

# आबादी क्षेत्र में दिखा अजगर, मचा हड़कंप

**निचलौल (एसएनबी)**। वन क्षेत्र मधवलिया के ग्राम सभा गड़ौरा में आज दोपहर अचानक तब हड़कंप मच गया जब आबादी के बीच अचानक एक विशालकाय अजगर दिखायी दिया। निकले अजगर के समीप के कबाड़ की दुकान से बार बार निकलने व छिप जाने का वाकया लोगों के लिए काफी देर तक कौतूहल बना रहा। विभागीय टीम रेस्कयू कर अजगर को जंगल में सुरक्षित छोड़ा। मधवलिया रेंजर वीके श्रीवास्तव ने बताया कि वन क्षेत्र के ग्रामसभा गड़ौरा बाजार में आदित्य टेलीकम के पास कबाड़ की दुकान से एक पाइथन का दिखाई देने की सूचना पर विभागीय टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित मधवलिया जंगल मे छोड़ दिया है। ठूठीबारी प्रतिनिधि के अनुसार वन विभाग ने बताया कि अजगर का वजन लगभग 20 किग्रा. रहा।

# गैंगस्टर एक्ट में एक गिरफ्तार

**निचलौल (एसएनबी)**। स्थानीय पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर नगर के कटरा चौराहा से गैंगेस्टर एक्ट के तहत निरुद्ध एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में आरोपी शिवकुमार वर्मा निवासी मिश्रौलिया के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर तलाश की जा रही थी। मुखबिर के सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# 35 बोरी यूरिया पुलिस ने पकड़ी

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र के रेंगहिया बार्डर पर शुक्रवार की रात में पुलिस ने पिकअप पर लदी 35 बोरी यूरिया पकड़ी है। एसओ रामाज्ञा सिंह को सूचना मिली कि यूरिया की खेप नेपाल को भेजी जा रही है।

इस पर वे अपने साथ एसआई बृजभान यादव कांस्टेबल अमरेश राय व अरूण सिंह को साथ लेकर बार्डर की तरफ पहुंच गए। इस बीच एक पिकअप पर खाद लादकर दो लोग जाते दिखाई दिए। पुलिस ने पिकअप को रोकवा दिया और तलाशी के दौरान इसमें 35 बोरी खाद मिली। पुलिस ने पिकअप पर लदी खाद को सीज कर मुकदमा दर्ज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

# गैंगस्टर में वांछित को पुलिस ने दबोचा

निचलौल। निचलौल पुलिस ने शनिवार को कस्बे के कटरा चौराहे के पास गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अपराधी शिवकुमार वर्मा निवासी ग्राम मिश्रौलिया को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कुछ दिन पहले पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। एसओ रामाज्ञा सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहा अपराधी कटरा चौराहे के आसपास मौजूद है। इस पर वे अपने साथ एसआई अनिल राय, हेड कांस्टेबल अशोक पाण्डेय व नन्दलाल को साथ लेकर मौके पर पहुँच गए। उसे मौके से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# गैंगस्टर का आरोपित पकड़ा गया

भगवानपुर। परसामलिक पुलिस ने शव को गैंगेस्टर के आरोपित बेलभार टोला मनिकौरा निवासी मुलायम को पकड़ लिया। एसओ गोरखनाथ सरोज ने बताया कि वे सिपाही मकसूदन व पवन कुमार गौड़ के साथ गश्त कर रहे थे कि सूचना मिली कि आरोपित मुलायम एक नवनिर्मित मकान के पास है। मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसे जेल भेज दिया गया है।

# हादसे में राजस्व कर्मी सहित दो घायल

भगवानपुर। परसामलिक थाने के पास शनिवार की सुबह तहसील दिवस मे जा रहे एक राजस्व कर्मचारी की बाइक एक साइकिल सवार से टकरा गई। इस दौरान राजस्व कर्मचारी व साइकिल सवार दोनों घायल हो गए। निचलौल तहसील से ट्रांसफर होकर राजस्व कर्मचारी कौशल नौतनवा तहसील में ज्वाइन किए हैं। शनिवार को पहली तहसील दिवस में प्रतिभाग करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान परसामलिक थाने से 100 मीटर पूरब ग्राम महरी निवासी सोहन की साइकिल में पीछे से बाइक टकरा गई। इस घटना में दोनों लोग घायल हो गए। परसामलिक पुलिस ने दोनों घायलों को रतनपुर सीएचसी पहुंचाया।

# महिला थाने में बालू मिला मिर्ची पाउडर लेकर पहुंचा युवक

महराजगंज, निज संवाददाता। महिला थाने में शनिवार को पति-पत्नी के बीच विवाद को सुझलाने को लेकर चल रही बातचीत के दौरान एक युवक पालीथिन में मिर्ची पाउडर व बालू के मिश्रण को लेकर पहुंच गया। दूसरे पक्ष ने आरोपित के जेब को देख यह आशंका जताई कि वह असलहा लेकर आया है। इसके बाद पुलिस एक्टिव हो गई। जांच में युवक की जेब से मिर्ची व बालू का मिश्रण मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद थाने में ही खूब हंगामा हुआ। युवक के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई।

> आरोपित के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया है। -रंजना ओझा, एसओ-महिला थाना

महिला थाने में शनिवार को कोठीभार क्षेत्र के रहने वाले पति-पत्नी के विवाद में बातचीत के जरिए सुलह-समझौते के लिए दोनों पक्षों को बुलाया गया था। प्रकरण में दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में पहले से केस दर्ज है। पति के बड़े भाई भी अपने सहयोगियों के साथ महिला थाने में पहुंचे। उसकी जेब को देख दूसरे पक्ष ने असलहा लेकर आने की आशंका जताई। पुलिस ने जांच की तो उसकी जेब में मिर्ची पाउडर व बालू का मिश्रण मिला। इसके बाद महिला पक्ष के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने दोनों पक्षों को रोका। समझाकर शांत किया। वहीं आरोपित को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने अनुसार पूछताछ में उसने बताया कि महिला पक्ष के लोगों से धमकी मिलती रहती है। इसलिए अपनी बचाव में वह बालू में मिर्ची पाउडर मिलाकर पास रखता है।

# फ्लैग मार्च से सुरक्षा का कराया अहसास

परतावल। नगर पंचायत परतावल में शनिवार को डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील भी की। अपराधियों को सख्त लहजे में संदेश दिया कि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैग मार्च के दौरान डीएम ने कहा कि किसी भी समस्या में प्रशासन की सहायता लें। डीएम ने श्यामदेउरवा थाना के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता को निर्देश दिया कि वह सड़क पर खड़ी गाड़ियों को सिंचाई कालोनी में क्रमबद्ध तरीके से खड़ा कराएं। सड़क पर एक भी वाहन खड़ा नहीं रहना चाहिए।

# समाधान दिवस में 694 मामलों में 60 का मौके पर निस्तारण

महराजगंज, निज संवाददाता। सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को चारों तहसीलों में आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 694 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। इसमें मौके पर 60 मामलों का निस्तारण हुआ। शेष 634 मामलों को डीएम ने एक सप्ताह के अंदर गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने का निर्देश दिया।



शनिवार को सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ। • हिन्दुस्तान

सदर तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम सत्येन्द्र कुमार ने की। एसपी डॉ. कौस्तुभ की मौजूदगी में फरियाद सुनी गई। समाधान दिवस में कुल 90 मामले आए, जिसमें 10 मामलों का निस्तारित कर दिया गया।

**निचलौल में 131 में 15 का निस्तारण:** तहसील सभागार में शनिवार को अपर आयुक्त न्यायिक हरिओम शर्मा व एडीएम डॉ. पंकज वर्मा की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 131 मामले पंजीकृत हुए। जिसमें मौके पर 15 मामलों का निस्तारण किया ।

**नौतनवा में सीडीओ ने सुनी फरियाद:** नौतनवा तहसील सभागार में शनिवार को समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल ने की। इस दौरान कुल 253 मामले आए। जिसमें 15 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। आए। जिसमें दस मामलों का मौके पर निस्तारित किया गया।

भगवानपुर। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के बाढ़ ग्रस्त ग्राम पंचायत जिगिना, गंगवलिया, चकदह, विषखोप, बरनहवा के ग्राम प्रधानों ने नौतनवा तहसील में शनिवार को समाधान दिवस पर बघेला नाला की सफाई व टूटे तटबंध का निर्माण के लिए मांग पत्र दिया। कहा है कि हमारा ग्राम पंचायत बघेला नाले के किनारे बसा हुआ है। बघेला नाला बरसात के समय पर हर साल भीषण तबाही मचाता है।

## डीएम से बकाया मानदेय दिलाने की मांग

महराजगंज। जिला अस्पताल में तैनात आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को तहसील दिवस में डीएम से मिला और मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने बताया है कि कर्मचारियों का जनवरी और फरवरी को मानदेय नही जारी किया गया। जबकि मार्च और अप्रैल का मानदेय मिल गया

बकाया मानदेय नही मिलने से काफी परेशानी हो रही है। डीएम को दिए मांग पत्र में प्रतिनिधिमंडल ने बताया है कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से जिला अस्पताल में करीब 80 कर्मचारियों की तैनाती है। सफाई कार्य से लेकर मरीजों की सेवा कर रहे है। बार-बार कहने पर एक सप्ताह पहले मार्च और अप्रैल 2022 का मानदेय जारी किया गया। लेकिन जनवरी और फरवरी 2022 का मानदेय अभी नही मिला।

# सुलह-समझौते में मिर्च पाउडर लेकर पहुंचा जेठ, चालान

**जासं, महराजगंज:** शनिवार को महिला थाने पर आयोजित पति-पत्नी के सुलह समझौते में जेठ को लाल मिर्च पाउडर लेकर थाने पहुंचना महंगा पड़ गया। मामला बिगड़ने पर लाल मिर्च दूसरे पक्ष की आखों में झोंकने का प्लान था, लेकिन उसके पूर्व ही पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की है।

महिला थानाध्यक्ष रंजना ओझा ने बताया कि कोठीभार थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी एक व्यक्ति में पारिवारिक विवाद था। दोनों पक्षों के लोग थाने पर पहुंचे थे, दोनों पक्षों में वाद चल रहा था। इसी दौरान देवेंद्र मिश्रा के बड़े भाई नागेंद्र मिश्रा ने जेब में रखा बालू में मिलाया हुआ लाल मिर्च पाउडर निकाल लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वह पैकेट छीन लिया।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

# स्कूटी चोरी

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी से चोरों ने एक स्कूटी पर हाथ साफ कर दिया। आवास विकास निवासी प्रिंस बरनवाल ने तहरीर दी।

# समाधान दिवस: 67 में से पांच मामले निपटे

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। जिले की चारो तहसील मुख्यालय में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। प्रभारी डीएम डॉ. राजेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में भानपुर में जिला स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

**भानपुर संवाद सूत्र के अनुसार** भानपुर में कुल 67 मामले आए, उसमें से केवल पांच का ही निस्तारण कराया जा सका। सीडीओ ने अधिकारियों को सचेत करते हुए निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं के मामलों को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराया जाए। उन्होंने भू-माफिया व शराब माफिया सहित सभी प्रकार के माफियाओं को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। कृषि संबंधी भूमि की पैमाइश संयुक्त टीम बनाकर करने के लिए कहा। किसी भी दशा में सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पशुओं को गो-वंश आश्रय स्थलों में ही रखने की सख्त हिदायत दी। प्रभारी डीएम व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने शिकायतें सुनी। एसडीएम गिरीश कुमार झा सहित समस्त जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**सदर तहसील में आए सर्वाधिक मामले:** बस्ती संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में एसडीएम सदर सूरज यादव ने सुनवाई की। कुल 203 मामले आए।13 मामलों का निस्तारण हुआ। इन मामलों का एसडीएम, सीओ सिटी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार ने विभागीय अधिकारियों के सहयोग से निस्तारण किया।

## हर्रैया में आए 106 मामलों में से मात्र सात निस्तारित

हर्रैया। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में हुआ। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र का समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मामले का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। समाधान दिवस में कुल 106 मामले आए, जिनमें से सर्वाधिक राजस्व विभाग से 52, पुलिस 23, विकास 11, विद्युत 6, नगर पंचायत सहित अन्य विभाग से संबंधित कुल 11 मामले आए। मौके पर सात मामलों का निस्तारण किया गया। सीओ शेषमणि उपाध्याय, तहसीलदार सत्येंद्र कुमार सिंह, बीडीओ हर्रैया सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्ति निरीक्षक अजय वर्मा, प्रभारी बाल विकास परियोजनाअधिकारी वंदना कुमारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सोनूपार में कोटे की दुकान की मांग

सदर तहसील की ग्राम पंचायत सोनूपार के ग्रामीणों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर सरकारी कोटे की दुकान गांव में ही संचालित कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि 25 साल से कोटे की दुकान तीन किलोमीटर दूर ताड़ी ग्राम पंचायत में संचालित की जा रही है। आरोप है कि वहां पर सोनूपार ग्राम पंचायत के लोगों से कोटेदार द्वारा मनमानी व बदसलूकी की जाती है।

## सीआरओ ने सुनीं शिकायतें

रुधौली। ाहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीआरओ नीता यादव ने लोगों की शिकायतों को सुना। समाधान दिवस में मामलों का मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसीलदार प्रमोद कुमार, बीडीओ सुनील कुमार कौशल, एसडीओ विद्युत मनोज कुमार जायसवाल, पूर्ति निरीक्षक शैलेश कुमार, एसआई राजेश दुबे, एडीओ कृषि प्रेमप्रकाश मिश्रा, नगर पंचायत रुधौली के मोहन श्रीवास्तव आदि रहे।

# अभद्र टिप्पणी का केस

बस्ती। कोतवाली थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी की रहने वाली महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि दो जून को उनके इंस्टाग्राम पर उनकी लड़की के बारे में एक अभद्र टिप्पणी और गलत बातें लिखीं। ऐसा करने से मना करने पर मुझे व बेटी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# वाहन चालकों पर केस

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने घघौवा के पस बने कट पर बीचो-बीच गोरखपुर की तरफ मुंह करके सड़क पर ट्रेलर खड़ा करने के आरोप में केस दर्ज किया है। एसआई अजय कुमार की तहरीर पर भूपेन्द्र सिंह निवासी तपरवाडा थाना पिलवा जनपद नागौर राजस्थान के खिलाफ आवागमन बाधित करने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# अश्लील इशारा करने पर केस

बस्ती। क्षेत्र की एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया है गांव का शिवकुमार उनकी बेटी को अश्लील इशारे करता है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया आरोपी पर आईपीसी 294 में केस दर्ज किया है।

# आवास विकास कालोनी से स्कूटी चोरी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** शहर के आवास विकास कालोनी स्थित एक कोचिंग सेंटर के सामने 24 मई को चोरी हुए स्कूटी के मामले में पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया है। प्रिंस बरनवाल ने पुलिस को बताया कि उनकी स्कूटी किसी ने उड़ा दी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा

**बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगी करने के आरोप में पांच लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में चंद्रभान निवासी दौलतपुर थाना वाल्टरगंज ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उनके बेटे को नगर निगम लखनऊ मे नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे पांच लाख रुपये एसबीआइ शाखा ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ के एक खाते में ट्रांसफर करा लिया। इसके बाद 1.5 लाख रुपये नकद ले लिया ।नौकरी न मिलने पर जब उन्होंने दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपित अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दे रहे हैं ।पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपितों द्वारा कई लोगों ने लाखो रुपये ले लिए गए हैं। कुछ लोगो को 45 दिन की फर्जी ट्रेनिंग कराकर नगर निगम से फर्जी पहचान पत्र भी दे दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विजय कुमार, मनोज निवासी महादेव थाना वाल्टरगंज, गौरव मणि त्रिपाठी, शशांक श्रीवास्तव व अमित निवासी गण अज्ञात पर धोखाधड़ी, कूट रचना आदि में केस दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी है। (जासं.)

# इनामी बदमाश ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** मजिस्ट्रेट के न्यायालय में समर्पण के लिए आए जानलेवा हमले के आरोपित ने रिपोर्ट न आने पर अधिवक्ताओं के माध्यम से छावनी पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

घटना छावनी थानाक्षेत्र में 31 मई को कार पर हुई फायरिंग की है। मामले में तीन आरोपित पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। छावनी थाना के माझिलगांव निवासी विशाल दुबे उर्फ मोहन की पुलिस तलाश रही थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित हो चुका था। आरोपित ने शुक्रवार को न्यायालय में समर्पण के लिए आवेदन किया था। शनिवार के लिए वांछित होने की रिपोर्ट मांगी गई थी। रिपोर्ट आने की उम्मीद में अदालत में विशाल हाजिर हो गया। वांछित रिपोर्ट न भेजने वाली पुलिस विशाल को गिरफ्तार करने के लिए सादे वर्दी में घूम रही थी। प्रकरण संज्ञान में आने के बाद सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री शशि प्रकाश शुक्ल, पूर्व मंत्री उपेंद्र नाथ दुबे, शिवाकांत त्रिपाठी, शिवराम चौधरी, रविप्रताप सिंह, फूलचंद्र मिश्र, ध्रुव चंद्र चौधरी, राकेश पांडेय, अरविंद चौधरी आदि ने विशाल को सुरक्षित पुलिस को सौंपने के लिए थानाध्यक्ष छावनी से संपर्क किया। विशाल अपने दोनों हाथों में एक कागज पकड़ रखा था जिसमें लिखा था कि वह सरेंडर कर रहा, गोली न मारें। पुलिस ने उसे अपने अभिरक्षा में ले लिया।



न्यायालय के बाहर आत्मसमर्पण की तख्ती लिए विशाल दूबे ● जागरण

# घर के सामने खड़ा ट्रैक्टर गायब, मुकदमा

**बस्ती:** कलवारी थाने के सुजावलपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपने ट्रैक्टर को हमेशा की तरह गुरुवार की रात को भी घर के सामने खड़ा किया था। वह खाना खाकर घर में सो गया। शुक्रवार को सुबह जब उठा तो देखा कि दरवाजे के सामने खड़ा ट्रैक्टर गायब था। इधर उधर खोजा पर कुछ पता नहीं चल सका। घर के बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई तो उसमें दो लोग देर रात 1.26 बजे ट्रैक्टर दक्षिण की तरफ लेकर जाते दिख रहे हैं। पुलिस ने दो अज्ञात पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# दो इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

## एसपी की ओर से दोनों पर घोषित था 25-25 हजार का इनाम

**जासं, विक्रमजोत, बस्ती :** छावनी पुलिस ने शनिवार को स्थानीय थाने में दर्ज गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमे में वांछित चल रहे दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक की ओर से 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

थानाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि थाने में दर्ज गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमे में वांछित चल रहे सुल्तानपुर के कोतवाली नगर अंतर्गत अलीगढ़ अमहट निवासी एजाज व आगा उर्फ आगारूही की काफी दिन से तलाश की जा रही थी। आरोपितों के खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट व धारा 82 के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा करने की कार्रवाई भी की जा चुकी है।

बताया कि वांछितों की तलाश में पुलिस लगी थी कि इसी बीच एक सूचना के आधार पर हाईवे पर सिरौली बाबू अंडरपास से सरसंडा जाने वाले मार्ग पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर विधिक कार्यवाही करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया गया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि चार जनवरी 21 को वह अपने साथी मंजे सोनकर के साथ 13 गोवंश को वध के लिये ले जा रहे थे। उस समय गाड़ी आगा रुही चला रहा था। गाड़ी जैसे ही छावनी थाने के बबुरहवा गावं के पास पहुंची तो आगे पुलिस चेकिंग लगी थी। पुलिस को देख कोहरे का फायदा उठाकर आगा रुही और एजाज भाग निकले। तब से पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी। पशु तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उपनिरीक्षक दुर्ग विजय सिंह, ऋषि देव प्रसाद, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार चौधरी, कांस्टेबल पंकज यादव शामिल रहे।



पकड़े गए इनामी पशु तस्कर के बारे में जानकारी देते सीओ हर्रैया शेषमणि • जागरण

# 467 मामलों में से सिर्फ 40 का निस्तारण

## भानपुर तहसील में प्रभारी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद



संपूर्ण समाधान दिवस पर भानपुर तहसील में फरियाद सुनते प्रभारी डीएम डा.राजेश कुमार प्रजापति, एसपी आशीष श्रीवास्तव व अन्य • जागरण



संपूर्ण समाधान दिवस पर रुधौली तहसील में फरियाद सुनती मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव • जागरण

**जागरण संवाददाता,बस्ती:** जिले की चारों तहसील मुख्यालयों पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 467 मामले आए। जिसमें महज 40 मामले ही निस्तारित हो सके। शेष मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया। प्रभारी जिलाधिकारी, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति ने भानपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना। कुल 67 मामले आए। जिसमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण हो गया। सीडीओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारी सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनें। आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि भूमाफिया, वनमाफिया व शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई में तेजी लाई जाए। उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा, खंड विकास अधिकारी रामनगर सईद अहमद, सल्टौवा राजेंद्र यादव, प्रभारी निरीक्षक रुधौली राम कृष्ण मिश्र, सोनहा विजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

**सदर तहसील मे 13 मामले निपटाए गए** : सदर तहसील में एसडीएम सदर सूरज यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 203 मामले आए। जिसमें से 13 मामले ही निस्तारित हो सके। बाकी मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया।

**हर्रैया में 106 मामलों में सात निस्तारित**

**हर्रैया बस्ती:** हर्रैया तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृतपाल कौर ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। कहा समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र को समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। कुल 106 मामले आए, जिनमें से सर्वाधिक राजस्व विभाग से 52, पुलिस 23, विकास 11, विद्युत 6, नगर पंचायत तीन सहित अन्य विभाग से संबंधित कुल 11 मामले आए। मौके पर सात मामले का निस्तारण हो पाया।

**सीआरओ ने सुनी फरियादियों की समस्याएं रुधौली:** रुधौली तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीआरओ नीता यादव ने लोगों की समस्याओं को सुना। कुल 91 मामले आए। केवल 15 मामले ही निस्तारित हो पाए। सीआरओ ने कहा कि आइजीआरएस पर प्राप्त मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए। तहसीलदार प्रमोद कुमार ,नायब तहसीलदार निखिलेश आदि थे।

# इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी, मुकदमा

**बस्ती:** शहर के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक अज्ञात आइडी से किसी ने उनकी लड़की के बारे में अभद्र टिप्पणी की। बच्चों के साथ ही उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताए गए इंस्टाग्राम आइडी वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना बड़ेवन चौकी प्रभारी मुनींद्र त्रिपाठी को सौंपी गई है। (जासं.)

# दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप

**बस्ती:** मायके में रह रही विवाहिता शबनम पुत्री साहब अली ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि दहेज की बात को लेकर उनके ससुरालवालों द्वारा प्रताड़ित किया गया। उन्हें मारा पीटा गया और पति की शादी कहीं और कर देने की धमकी दी गई। मामले में पीड़िता के पति शाहिद, सास सायरा बानो सहित आठ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक छितेश्वर को सौंपा गया है। (जासं.)

# एटीएम कार्ड बदलकर उचक्कों ने निकाले पचास हजार

विक्रमजोत। छावनी थाना क्षेत्र के रानीपुर छत्तर गांव निवासी एक बैंक उपभोक्ता का विक्रमजोत स्थित एटीएम बूथ पर कुछ लोगों ने झांसा देकर एटीएम बदल लिया। इसके बाद अलग-अलग स्थानों से करीब पचास हजार रुपये खाते से निकाल लिए। पीड़ित ने शाखा प्रबंधक से शिकायत कर छावनी पुलिस को तहरीर दी है।

रानीपुर छत्तर गांव निवासी रबी सिंह पुत्र हनुमान सिंह ने बताया कि वह 26 मई को शाम करीब साढ़े चार बजे एसबीआई एटीएम विक्रमजोत पर रुपये निकालने गए थे। उनके पीछे दो, तीन और लोग एटीएम में पहुंच गए और धोखाधड़ी से एटीएम बदल कर दूसरा एटीएम कार्ड थमा दिया। बताया कि उसके एटीएम से अयोध्या, विक्रमजोत व महराजगंज के अलग-अलग एटीएम से पचास हजार रुपये निकाले गए हैं। चौकी प्रभारी विक्रमजोत योगेंद्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जानकारी होते ही कार्रवाई शुरू कर दी गई है। संवाद



छावनी पुलिस ने तस्करों को किया गिरफ्तार। संवाद

# पुलिस की गिरफ्त में पशु क्रूरता में वांछित दो इनामी तस्कर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने शनिवार को स्थानीय थाने में दर्ज गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के वांछित इनामी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष उमाशंकर ने बताया कि पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित चल रहे सुल्तानपुर जिले के कोतवाली नगर अंतर्गत अलीगढ़ अमहट निवासी एजाज व इसी गांव के आगा उर्फ आगारूही के खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इन पर 25-25 हजार का इनाम भी था। वांछित की तलाश थी। मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों पचवस अंडर पास से सरसंडा जाने वाले मार्ग पर हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चार जनवरी 2021 को उनके साथी मंजे सोनकर व आगा वाहन से 13 पशु वध के लिए ले जा रहे थे। उस समय गाड़ी आगा चला रहा था। गाड़ी जैसे ही छावनी अंतर्गत हाईवे पर बबुरहवा के पास पहुंची, तभी पुलिस चेकिंग के समय कोहरे का फायदा उठाकर आगा भाग निकला और मंजे पकड़ा गया। बताया कि तस्करी से जो भी धन मिलता था, लोग बांट लेते थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों को यायालय भेजा गया।

# हत्या की सूचना पर हलकान हुई पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

## कलवारी थाने के बैड़ारी मुस्तहकम गांव का मामला

**बस्ती।** डायल 112 पर गला दबाकर एक व्यक्ति की हत्या की सूचना पर शनिवार सुबह हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सीओ कलवारी के साथ ही थानाध्यक्ष कलवारी टीम के साथ गांव में पहुंच गए। इस पर पता चला कि लखनऊ में इलाज के दौरान जिस व्यक्ति की मौत हुई है, उसके साले ने ही गलत सूचना दे दी थी।

थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि डायल 112 पर सूचना बैड़ारी मुस्तहकम निवासी मस्तु की शुक्रवार रात मौत हो गई है। फोन करने वाले मृतक के साले बदरे आलम ने आशंका जताई कि उसके बहनोई की पट्टीदारों ने गला दबाकर या कुछ खिलाकर हत्या कर दी है। टीम गांव में पहुंची। मृतक मस्तु की पत्नी जिन्नतुननिशा व ग्रामीणों ने बताया कि मस्तु कई महीने से बीमार चल रहे थे। इनका इलाज लखनऊ में चलता था। दो बिगड़ गई तो इलाज के लिए उन्हें पट्टीदारी के सिराजुद्दीन और इम्तेयाज इलाज के लिए लखनऊ ले गए थे। यहां शुक्रवार की शाम सात बजे उनकी मौत हो गई। सूचना देने वाले बदरे आलम ने पूछताछ में बताया कि वह इसी थाने के गोसौसीपुर में रहता है। बहनोई की मौत की सूचना शनिवार सुबह मिली तो मैंने हड़बड़ी में 112 पर फोन कर हत्या की आशंका जताते हुए सूचना दे दी। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव को कब्जे में लेकर

# हाथ में तख्ती लेकर आत्मसमर्पण करने पहुंचा इनामिया आरोपी

## छावनी थाने के सिरौली बाबू के पास 31 मई को कार पर हुई थी फायरिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के छावनी थानांतर्गत सिरौली बाबू शराब ठेके के पास 31 मई की रात कार पर ताबड़फोड़ फायरिंग में गोली लगने से दो लोग घायल हो गए थे। इस घटना में वांछित छावनी थाने के माझिलगांव निवासी आरोपी विशाल दुबे उर्फ मोहन ने शनिवार को दीवानी न्यायालय के गेट नंबर तीन पर पुलिस को आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी मौजूद रहे। सादी वर्दी में आए थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर त्रिपाठी की टीम उसे गाड़ी में बैठाकर रवाना हो गई।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने आरोपी विशाल दूबे पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कोशिश कर रही थी। दबाव इतना बढ़ा कि आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर की अर्जी दे दी।

शनिवार को अधिवक्ता संग सरेंडर करने कोर्ट में आ पहुंचा। यहां थाने से रिपोर्ट न आने के कारण उसका आत्मसमर्पण नहीं हो सका। इधर पुलिस भी आरोपी विशाल के कोर्ट पहुंचने की सूचना पर अलर्ट थी और उसकी खोजबीन में जुटी थी। खुद को घिरता देख आरोपी विशाल अधिवक्ताओं की शरण में आ गया। शाम करीब पांच बजे वह हाथ में एक तख्ती लेकर बाहर निकला। जिस पर लिखा था कि मैं विशाल दुबे सरेंडर करना चाहता हूं। मुझे गोली मत मारो साहब। गेट नंबर तीन पर खड़े विशाल दुबे को पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया और गाड़ी में बैठाकर वहां से रवाना हो गई।



न्यायालय गेट पर सरेंडर करने पहुंचा विशाल दूबे। संवाद

### तीन आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

छावनी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो जून को मुठभेड़ में कार सवारों पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने के आरोपी शूटर आंबेडकरनगर नगर जिले के भीटी थाना क्षेत्र के बथुआ गांव निवासी आशुतोष दूबे उर्फ सुधीर को गिरफ्तार किया था। साथ ही फायरिंग कांड की साजिश रचने के आरोपी अजय दुबे और संतोष दुबे निवासी माझिलगांव को रामजानकी तिराहे पर नव निर्मित फ्लाईओवर के नीचे से उसी दिन पकड़ लिया गया था। चौथे नामजद आरोपी विशाल दुबे पर 25 हजार रुपये का इनाम एसपी ने घोषित किया था।

### दो जून को मुठभेड़ में आरोपी शूटर व दो अन्य आरोपितों को किया था गिरफ्तार

# संपूर्ण समाधान दिवस : न्याय से भटका, कागज में सिमटा

## रामसूरत एक वर्ष से तो भानपुर के मन्नू दे चुके तीन बार आवेदन, दो तहसीलों में 173 मामलों में से मात्र 12 का ही हुआ निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। संपूर्ण समाधान दिवस जिले में कागजी बनकर रह गया है। जिससे वादकारियों के न्याय की उम्मीद टूट रही है। इसकी बानगी हर्रैया में आयोजित तहसील दिवस में कप्तानगंज के चिकनी गांव निवासी राम सूरत गांव की चकनाली खाली कराने के लिए एक वर्ष से प्रार्थना पत्र दे रहा है, मगर अवैध कब्जेदारों से चकनाली खाली नहीं हो पाई है। इसी प्रकार भानपुर तहसील दिवस में भी भगवानपुर गांव के मुन्नू लाल मकान बनवाने के लिए नींव भरवा रहे थे, जिसे रोक दिया गया। उसकी पैमाइश के लिए वह तीन बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिले के इन दोनों तहसीलों में 173 मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें से मात्र 12 का निस्तारण हो सका है।

भानपुर प्रतिनिधि के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस मे शनिवार को प्रभारी/सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने लोगों की शिकायतें सुनीं और मामलों का समाधान कराया। कुल दर्ज 67 मामलों में से मात्र पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामले संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को सौंप दिए गए। समाधान दिवस की सुनवाई करते हुए प्रभारी डीएम ने निर्देश दिया कि गांवों में चकरोड की पैमाइश कराते समय राजस्व और पुलिस के साथ विकास विभाग की टीम को भी शामिल किया जाए, जिससे तुरंत ही उस चकरोड को पटवाकर विवाद का पटाक्षेप कराया जा सके।

हर्रैया प्रतिनिधि के अनुसार तहसील सभागार में भी करीब एक दर्जन ऐसे फरियादी पहुंचे थे, जो पहले भी कई बार प्रार्थनापत्र लेकर पहुंच चुके हैं, मगर उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृत पाल कौर की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 106 मामले आए, जिसमें से सात का ही निस्तारण हो सका।



भानपुर में समाधान दिवस पर समस्या सुनते प्रभारी सीडीओ । संवाद



हर्रैया तहसील में फरियाद सुनतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृत पाल कौर। संवाद

### यह हैं फरियादी, जिन्हें अब तक न्याय नहीं मिल सका

**केस 1** -परशुरामपुर ब्लॉक के बकसडी गांव निवासी कुमारी देवी दूसरी बार खलिहान से अवैध कब्जा हटाने को लेकर प्रार्थना पत्र देने पहुंची थीं। आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने लेखपाल से सांठगांठ कर खलिहान पर शौचालय का निर्माण कर कब्जा कर लिया है। प्रार्थना पत्र देने के दो महीने बाद भी कब्जा नहीं हटा। लेखपाल पर फर्जी रिपोर्ट देकर अधिकारियों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

**केस 2** छावनी क्षेत्र के चन्द्रपलिया गांव निवासी रामशब्द अपने गाटा के सीमांकन के लिए तीसरी बार समाधान दिवस में पहुंचे थे। बताया कि समाधान दिवस के अलावा कई बार राजस्व अधिकारियों के पास अपनी समस्या लेकर दौड़ता रहा, मगर न्याय नहीं मिल रहा है।

**केस 3** छावनी के चांदपिताम्ब की रहने वाली चिल्हा देवी अपनी जमीन की पैमाइश कराने के लिए दूसरी बार प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची थी। बताया कि इससे पहले भी वह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मिलकर गुहार लगा चुकी है, मगर मामला निस्तारित नहीं हुआ।



सोनहा थाना क्षेत्र के परसा खुर्द गांव में नाबालिग बच्चों से मुलाकात करते सीडब्लूसी के चेयरमैन प्रेरक मिश्रा। संवाद

# नाबालिग बच्चों को संरक्षण देगा सीडब्ल्यूसी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के सोनहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसा खुर्द के तुलसी टोला में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी थी, पिता की मौत और मां के जेल जाने के बाद दो बच्चे बेसहारा हो गए थे। सीडब्लूसी (बाल कल्याण समिति) के चेयर पर्सन प्रेरक मिश्रा, सदस्य डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने शनिवार को ग्राम परसखुर्द पहुंच कर बच्चों का हाल जाना। सहयोग का भरोसा दिलाया।

घटना में हत्यारोपी मां के जेल जाने और पिता के मौत के बाद आठ साल की बच्ची व पांच साल का बेटा बेसहारा हो गए हैं। बच्ची ही घटना की चश्मदीद गवाह बनकर सामने आई है। ऐसे में दोनों

## सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन ने घर पहुंच कर जाना बच्चों का हाल

बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण प्रशासन की जिम्मेदारी है। सीडब्ल्यूसी के चेयर पर्सन प्रेरक मिश्रा ने बताया कि दोनों बच्चे इस समय अपने चाचा चाची के साथ रह रहे हैं। चाचा चाची को बताया कि बच्चों को अपने संरक्षण में रखते हुए सीडब्ल्यूसी से आवश्यक सहयोग प्राप्त करते रहें। जरूरत पड़ी तो दोनों बच्चों को सीडब्ल्यूसी अपने संरक्षण में लेकर उनकी सारी व्यवस्था का जिम्मा देखेगी। गांव पहुंचे सीडब्ल्यूसी के चेयर पर्सन ने बच्चों से अकेले में बात कर सहयोग का आश्वासन दिया है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

# चौदह वर्षीय बालक को पुलिस ने किया वरामद

**इटवा (एसएनबी)**। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के वभनी बाजार निवासी अमित कसौधन का चौदह वर्षीय पुत्र आलोक कसौधन परिजनों को बिना सूचना दिये अपने घर से नोएडा चला गया था। इसके दादा की सूचना पर धारा-363 आईपीसी का मुकदमा लिखकर पुलिस इसके तलाश में जुटी हुई थी। मुखविर की सूचना पर इस बालक को प्रभारी निरीक्षक घनश्याम सिंह द्वारा पुलिस टीम के साथ चेतिया में शनिवार को वरामद कर लिया गया है। लड़के ने पूछतांछ में बताया कि मम्मी के डाटने के कारण घर से बिना बताये नोएडा चला गया था। वहीं पर सेक्टर नंबर 59 में इधर उधर काम करके जी खा रहा था। मम्मी पापा की याद आने के कारण वहां से लौटकर अपने घर जा रहा था। उसके पिताजी एवं दादाजी को बुलाकर आलोक को उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**कपिलवस्तु (एसएनबी)**। कपिलवस्तु कोतवाली थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में न्यायालय जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वारण्ट वाद सख्या- 790/19 धारा 352/504/506/380/411 आईपीसी से संबंधित दो नफर वारंटी राधेश्याम पुत्र केशरी नारायण एव जटाशंकर पुत्र दीनानाथ को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# प्रशासन ने हटाया अवैध कब्जा

**खुनुवा (एसएनबी)।** शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर नानकार गांव के गड्ढ़ा व खलिहान के भूमि पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। बुलडोजर चलने से ग्रामीणों में अफरा तफरी मचा रहा।

शनिवार को उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव व तहसीलदार धर्मवीर भारती के साथ चिल्हिया व शोहरतगढ़ की बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान बुलडोजर लेकर पहुंचे। अतिक्रमण हटता हुआ देख गांव के लोगों में हलचल मच गई। कार्यवाई में पक्के मकान के सामने बने टीन शेड व सड़क किनारे रखे गए गुमटियों को भी हटवाया गया। घरों के सामने लगाए गए तीन सेट को भी प्रशासन ने हटवाया ताकि सड़क से आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो। शोहरतगढ़ तहसील प्रशासन ने सप्ताह दिन पूर्व गड्ढ़हा व खलिहान के भूमि पर छप्पर, टिन शेड आदि रखकर कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारी को स्वतः हटा लेने का नोटिस दिया था। लेकिन अधिकांश अतिक्रमण कारी अवैध कब्जा को नहीं हटाए मजबूर होकर प्रशासन के लोगों ने अवैध दुकान, भूसैला, घर आदि को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव, तहसीलदार धर्मवीर भारती, राजस्व निरीक्षक विजय चौरसिया, रामकुमार तिवारी, लेखपाल नवीन श्रीवास्तव, सदाकान्त शुक्ला, नायब दरोगा मनोज कुमार श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार राय, सुनील दूबे ,आनंद गुप्ता, आदित्य, खुर्शीद अहमद आदि लोग मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क से सटा दक्षिण तरफ लगभग एक हेक्टेयर भूमि गड्ढ़ा और खलिहान है, जिसमे लोग अवैध रूप से छप्पर और गुमटी रख कर अतिक्रमण किये थे। अवैध कब्जे वाले स्थल को कब्जा मुक्त कराया गया है आगे भी अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन सख्त रहेगा। जो भी लोग अवैध रूप से कब्जा किये हों ,तो वे स्वयं हटा लें।



**नपं की भूमि पर बनाए जा रहे रास्ते को प्रशासन ने हटवाया :** बर्डपुर प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत कपिलवस्तु के कार्यालय की जमीन में कुछ लोगो द्वारा अपने जमीन में जाने के लिए रास्ता बनवा या जा रहा था जिसे आज जिला प्रशासन,नगर पंचायत की टीम द्वारा बुलडोजर से सब हटा दिया गया। नगर पंचायत के कार्यालय के लिए चौनपुर में जमीन का कई बार पैमाईश हुआ सब अलग हो गया नगर पंचायत द्वारा कार्यलय की जमीन का बैरिकेटिंग का कार्य कराया जा रहा रहा कि इसी बीच कुछ लोगो द्वारा अपने प्लाटिंग कि जमीन के लिए रास्ता बनाने लगे रास्ता बनने की सूचना पर नगर पंचायत और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर बनाए जा रहे रास्ते को हटा दिया गया।अधिशाषी अधिकारी नागर पंचायत कपिलवस्तु जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि अब अगर कहीं भी कोई नगर पंचायत की जमीन पर कब्जा,अवैध निर्माण करता है तो उसका ध्वस्तीकरण के साथ साथ कार्यवाही भी की जाएगी।

# फरियादियों की शिकायत लेखपालों पर पड़ेगी भारी

**समाधान दिवस में कुल 140 मामले आए**

डुमरियागंज (एसएनबी)। तहसील डुमरियागंज में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई किया गया पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह द्वारा किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने



फरियाद सुनते जिलाधिकारी। फोटो : एसएनबी

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 140 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-87, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-25, विकास-12, तथा अन्य-16 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व-07 प्रार्थना-पत्रों को जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इटवा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर इटवा तहसील मे सीडीओ पुलकित गर्ग ने सभी 67 फरयादियों को गंभीरता से सुनकर तत्काल उसका समाधान कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। सीडीओ पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को इटवा तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम जनता को एक छत के नीचे त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए ही इसे आयोजित किया जा रहा है।समाधान दिवस के मामलो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध व पारदर्शिता पूर्ण तरीके से अवश्य करें। इसमें उदासीनता बरतने पर कठोर कार्रवाई जरूर होगी। इसमें कुल 67 मामले आये। जिसमें राजस्व के 49, पुलिस के 13, विकास के 3, अन्य दो मामला शामिल है। परंतु इसमें से राजस्व के केवल सात मामलो का ही निस्तारण मौके पर हो पाया है। जिससे साठ फरियादियों को निराश होकर वापस ही जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक अवश्य पहुंचायें। इसमें उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने इटवा तथ खुनियांव ब्लाक के ग्राम पंचायत सचिव तथा लेखपालों के साथ बैठक करके सभी ग्राम पंचायतो मे पंचायत भवन तथा सामुदायिक शौचालय के लिए भूमि शीघ्र चिन्हित करने को कहा है। इस अवसर पर तहसीलदार डा.संजीव दीक्षित, बीडीओ इटवा अरूण कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ खुनियांव आनंद कुमार गुप्ता, जेई विद्युत सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सिद्धार्थनगर जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर जग प्रवेश के अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में कुल प्राप्त 70 मामले आये, जिसमें से मौके पर राजस्व विभाग से सम्बंधित 5 मामलो का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष मामलो के समाधान के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिया गया है। प्रार्थना पत्र विद्युत विभाग, जलनिगम,पीडब्ल्यूडी व सचाई विभाग आदि से सम्बंधित है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, सुरेश तिवारी, अमरीश, विजय गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जग प्रवेश ने कहा कि सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण ससमय गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**कपिलवस्तु (एसएनबी)।** कोतवाली क्षेत्र में विभिन्न धाराओं में फरार चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में हाजिर न होने के कारण वारंट जारी हुआ, कोतवाली प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में टीम ने आरोपित को पकड़ने में सफलता प्राप्त की, गिरफ्तार किये गए व्यक्ति राधेश्याम पुत्र केशरी नारायण, जटाशंकर पुत्र दीनानाथ निवासी बर्डपुर न.9 के रूप में हुई है। टीम में एसआई किशोरी लाल, धीरज मौर्या, महेंद्र प्रसाद शामिल रहे।

# किशोरी ने की आत्महत्या की कोशिश

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। शहर के पुराना नौगढ़ क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली किशोरी शनिवार को जमुआर पुल पर आत्महत्या करने पहुंची थी। मौके पर सदर पुलिस ने पहुंच कर उसे बचा लिया और परिजनों को बुलाकर उसे सौंप दिया है।

शहर के जमुआर पुल के पास संदिग्ध अवस्था में एक 15 साल की किशोरी को घूमते देख किसी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसआई चंदी व दो महिला कांस्टेबल मौके पर पहुंच गए। किशोरी पुल पर बनी रेलिंग पर चढ़ती इससे पहले उसे पकड़ लिया। उसे पुलिस अपनी साथ थाने ले आई। पूछताछ में उसने परिवार से नाराजगी की बात बताई। पुलिस ने किशोरी के परिवारीजनोंको बुलाकर समझाया और उनके साथ में किशोरी को घर भेज दिया।

**समाधान दिवस :** डुमरियागंज में 95% मामले राजस्व से संबंधित आने से डीएम नाराज

# लेखपालों को फटकार निलंबन की चेतावनी

**सख्ती**

- समाधान दिवस के बाद लेखपालों के साथ बैठक कर चेताया
- बांसी व शोहरतगढ़ में निस्तारण सिफर, बाकी का भी हाल बेहाल

**डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद।** संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुन रहे डीएम संजीव रंजन के सामने आए मामलों में सर्वाधिक राजस्व से जुड़ी होने पर बिफर पड़े। उन्होंने राजस्व कर्मियों को फटकार लगाई और समाधान दिवस के बाद लेखपालों के साथ बैठक कर कहा कि शिकायत मिलने पर निलंबन की कार्रवाई होगी।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के बाद डीएम संजीव रंजन ने लेखपालों की बैठक की और कहा कि सरकार सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ग्रामीण जनता की समस्याओं के समाधान के लिए होता है। उन्होंने कहा कि इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। आज मेरे पास पेश हुए 140 मामलों में 95 प्रतिशत राजस्व के आए हैं जो लेखपालों के खराब कार्यप्रणाली की वजह से देखने को मिली है। यह बहुत निराशाजनक है। कुछ शिकायतें लोगों की ओर से सुविधा शुल्क मांगने की भी सुनने को मिली है। उन्होंने कहा अगर यह बातें सत्य पाई गईं तो जो भी लेखपाल ऐसा करता हुआ पाया जाएगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश दिया जाएगा। उन्होंने घरौनी कार्य की धीमी गति, चकरोड निकासी, सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त आदि कार्यों को तेजी से करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से हर समय अलर्ट रहने व फरियादियों को न्याय देने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान एसपी डॉ.यशवीर सिंह, सीओ अजय कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



शनिवार को डुमरियागंज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनवाई करते डीएम संजीव रंजन व एसपी डॉ. यशवीर सिंह। ● हिन्दुस्तान

## शोहरतगढ़ में एक भी मामले का समाधान नहीं

शोहरतगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने की। पेश 26 मामलों में मौके पर किसी का निस्तारण नहीं हो सका। इसमें राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के 11-11, लोक निर्माण विभाग के दो, सरयू नहर बांसी व राप्ती नहर विभाग का एक-एक मामला पेश इस दौरान तहसीलदार धर्मवीर भारती, बीडीओ सतीश कुमार सिंह, गंगाराम आदि मौजूद रहे।

## नौगढ़ में सिर्फ पांच मामलों का निस्तारण

नौगढ़ तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम जग प्रवेश की अध्यक्षता में 70 फरियादियों ने मामला पेश किया। मौके पर मात्र पांच का ही निस्तारण हो सका। बाकी संबंधित विभाग को सौंप कर समय सीमा में निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने कहा कि जितने भी मामले लंबित रह गए हैं उसके निस्तारण में देरी नहीं होनी चाहिए।

## डीएम-एसपी के पास पहुंचे 140 मामले

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम संजीव रंजन, एसपी डॉ.यशवीर सिंह मौजूद रहे बावजूद इसके 140 में मात्र सात मामलों का ही निस्तारण हो सका।

डीएम व एसपी की मौजूदगी की खबर से 140 फरियादी इस उम्मीद से पहुंचे कि शासन की मंशानुरूप उन्हें तत्काल न्याय मिल जाएगा लेकिन उनकी सोच गलत साबित हुई। सिर्फ सात के मामले निस्तारित हुआ। निस्तारित होने वाले में छह राजस्व व एक बिजली विभाग से संबंधित था।

## समय से मामलों का करें निस्तारण

डीएम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को त्वरित न्याय मिले इसे मद्देनजर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होता है। जिन मामलों का मौके पर निस्तारण हो जाता है वह ठीक है लेकिन जिनका नहीं होता है उसका संबंधित विभाग समय सीमा के अंदर निस्तारित करें इसमें किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

**सीडीओ की मौजूदगी में 67 में से निपटे सात मामले:** इटवा तहसील सभागार में सीडीओ पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। 67 फरियादियों ने अपनी फरियाद रखी। मौके पर सिर्फ सात मामले का ही निस्तारण हो सका।

# समस्याओं का समाधान नहीं, निराश लौटे फरियादी


डुमरियागंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ितों का फरियाद सुनते डीएम संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक डा.यशवीर सिंह ● जागरण

- डुमरियागंज में 140 मामले आए सिर्फ सात का हुआ निस्तारण
- सभी तहसीलों में राजस्व के आए अधिकांश मामले

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर :** जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने शनिवार को डुमरियागंज में हुई संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, लेकिन पुराने ढर्रे पर सुनवाई हुई। फरियादियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। तहसील बार एसोसिएशन ने नवनिर्मित अधिवक्ता भवन के मानक व गुणवत्ता की जांच कराने से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सीडीओ पुलकित गर्ग ने इटवा तहसील में सुनवाई की अध्यक्षता की। अधिकांश मामले राजस्व से संबंधित आए। डीएम व एसपी के समक्ष डुमरियागंज तहसील में कुल 140 मामले प्रस्तुत हुए। इनमें राजस्व से संबंधित 87 मामले रहे, जिसमें सात का निस्तारण किया गया। पुलिस के 25, विकास के 12 व अन्य विभागों से संबंधित 16 प्रकरण आए। डीएम ने कहा फरियादियों की भीड़ से स्पष्ट हो रहा है कि जिम्मेदार दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। आदत में सुधार लाए, नहीं तो कार्रवाई की जाएगा। नगर पंचायत डुमरियागंज के ईओ शिवकुमार को फटकार लगाते हुए जलनिकासी व्यवस्था सुधारने के लिए निर्देशित किया। सीएमओ डा. अनिल चौधरी, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह आदि मौजूद रहे। इटवा तहसील में सीडीओ के समक्ष 67 मामले आए। इनमें सात का निस्तारण किया गया। तहसीलदार डा. संजीव दीक्षित, बीडीओ अरुण कुमार श्रीवास्तव, खुनियांव आनंद गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सचिन श्रीवास्तव, आपूर्ति निरीक्षक मुकेश प्रसाद, सीडीपीओ मंजूलता गौतम आदि मौजूद रहे। सदर तहसील में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जगप्रवेश ने अध्यक्षता की। कुल 70 मामले आए, इनमें पांच का निस्तारण हुआ। सदर तहसीलदार राम ऋषि रमन, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, सुरेश तिवारी, अमरीश, विजय गुप्ता आदि मौजूद रहे। शोहरतगढ़ तहसील में एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने सुनवाई की। कुल 26 मामले आए, किसी का निस्तारण नहीं हो सका। इसमें राजस्व व पुलिस के 11-11, सरयू नहर व पीडब्ल्यूडी के दो-दो मामले आए। तहसीलदार शोहरतगढ़ धर्मवीर भारती, नायब तहसीलदार गौरव, राजस्व निरीक्षक शारदा मिश्रा, अंकित आदि मौजूद रहें।

# गायब किशोर लौटा घर, छाईं खुशियां

मिश्रौलिया। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बभनी बाजार से लगभग एक साल पहले गायब हुए 14 वर्षीय किशोर को पुलिस ने शनिवार को चेतिया के पास से बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि किशोर अपनी मां की डांट के बाद बिना किसी को बताए घर से भाग कर नोएडा चला गया था। इधर जब उसे मम्मी-पापा की याद आई तो वह वापस घर लौट रहा था। पुलिस ने किशोर को परिवारीजनों को सौंप दिया है। वहीं किशोर के वापस घर लौटने से परिवार में खुशियां छा गई हैं।



तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटवाते एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव। संवाद

# खलिहान व तालाब से कब्जा हटवाया

**शोहरतगढ़।** एसडीएम व तहसीलदार शोहरतगढ़ की अगुवाई में शनिवार को पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम तहसील क्षेत्र के रमवापुर नानकार गांव पहुंची। वहां खलिहान व तालाब से बुलडोजर की मदद से कब्जा हटवाया गया। दोबारा कब्जा करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

एसडीएम शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि रमवापुर नानकार गांव में सार्वजनिक खलिहान की जमीन पर कुछ ग्रामीणों ने कब्जा जमा रखा था। गांव वालों ने शिकायत पत्र देकर कब्जा हटवाने की मांग की थी। शनिवार को तहसीलदार धर्मवीर भारती, थाना प्रभारी मनोज श्रीवास्तव सहित पुलिस और राजस्व विभाग की टीम रमवापुर गांव पहुंची और खलिहान व तालाब से कब्जा हटवाया गया। इस दौरान एसआई हरिओम कुशवाहा, मुख्य आरक्षी सुनील दुबे, अंकित अग्रवाल, राधेश्याम पांडेय मौजूद रहे। संवाद

# गायब किशोर को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**पकड़ी बाजार।** मिश्रौलिया थाने की पुलिस ने शनिवार को जांच के दौरान एक वर्ष से लापता किशोर को पकड़ा। पूछताछ के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

मिश्रौलिया थाने की पुलिस शनिवार को चेतिया-जिगनिहवा मार्ग पर बड़हरा के पास जांच कर रही थी। इसी बीच जानकारी मिली कि एक बालक कहीं जा रहा है। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह मौके पर पहुंचे और उसे रोककर पूछताछ करने लगे। उसने अपना नाम आलोक कसौधन (14) पुत्र लालचंद्र कसौधन ग्राम बभनी बाजार बताया।

**एक वर्ष से लापता था किशोर**

पुलिस उसको थाने ले गई और इसकी सूचना इसके माता-पिता को दी। उन्होंने बताया कि 10 मई 2021 को डांटने से नाराज होकर वह घर से चला गया था। 13 जून 2021 को गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि उसके माता-पिता को थाने पर बुलाकर लिखा-पढ़ी करके उसे सौंप दिया। संवाद

# आत्महत्या करने पहुंची किशोरी, पुलिस ने समझाकर घर भेजा

**सिद्धार्थनगर।** जमुआर घाट के पास शनिवार को आत्महत्या करने पहुंची किशोरी को पुलिस ने समझा बुझाकर वापस भेजवाया।

सदर पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि एक किशोरी आत्महत्या करने जा रही है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर कर किशोरी को थाने ले आई। बताया जा रहा है कि किशोरी ने अपने पिता पर आरोप लगाया है। सदर कोतवाल के पास दोपहर में फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि एक किशोरी घर से नाराज होकर जमुआर नाले के पास पहुंच गई है। आशंका है कि वह आत्महत्या कर सकती है। कोतवाल तहसीलदार सिंह ने एसआई चंदन कुमार और जेल चौकी प्रभारी शशांक कुमार सिंह व महिला पुलिस टीम को मौके पर भेजा। महिला पुलिस कर्मियों ने उसे समझाया- बुझाया और मदद का भरोसा देकर अपने साथ ले आई। बताया जा रहा है कि किशोरी ने पिता पर आरोप लगाया है। पुलिस ने उसे समझाते हुए घर भेजा और मामले की जांच करके कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। इस संबंध में कोतवाल तहसीलदार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने किशोरी को समझाकर घर भेज दिया है। मामले में पूछताछ की जा रही है। संवाद

# बीमार मां को ले तहसील पहुंची बिटिया, दर्द सुन हरकत में आए एसडीएम, तत्काल मिला न्याय

**15 साल पूर्व हुई थी पिता की मौत, परिजनों ने घर से निकाल दिया था, लोटन की रहने 16 साल की बिटिया ने इस वर्ष दी है 10वीं की परीक्षा**



सदर तहसील सभागार में बिटिया की समस्या सुनते एसडीएम जगप्रवेश व तहसीलदार राम ऋषि रमन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सुबह 11:30 बजे का समय होगा। तहसील परिसर नौगढ़ में एसडीएम जगप्रवेश तहसील दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुन समाधान का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान, लोगों की भीड़ 16 साल की एक बिटिया खड़ी होती है। कहती है- साहब हमारी भी पीड़ा सुन लो। बीमार मां 15 साल से मुझे लेकर दर-बदर की ठोकरें खाती रही है। वह न तो किसी को अपनी पीड़ा बता पाई और न ही किसी ने उसके दर्द को समझने की कोशिश की। आज उसे लेकर आपके दर पर आई हूं। आशा है निराश नहीं होऊंगी।

बिटिया की बात सुन कुछ देर के लिए तहसील परिसर में सन्नाटा छा गया। एसडीएम भी जैसे जड़ हो गए। खुद को संभाल कर बिटिया से मुखातिब हुए। कहा-बेटी, आप निराश न हो। अपनी समस्या बताओ। समाधान अवश्य होगा। बिटिया ने बताया कि उसका नाम प्रिया मणि त्रिपाठी है। मां का नाम कुसुम लता त्रिपाठी है। वह लोटन की रहने वाली है। 15 साल पहले उसके पिता की मौत हो गई थी। तब उसकी उम्र एक साल के करीब रही होगी। पिता की मौत के बाद परिजनों ने घर से निकाल दिया। किसी तरह मां ने मुझे पाला। अब मां हमेशा बीमार रहती है। अब जीवनयापन नहीं हो रहा। बड़ी उम्मीद लेकर आपके पास आई हूं। अब आप ही न्याय दिलाइए।

बिटिया की बातें सुन एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मां-बेटी के साथ उनके घर भेजा। टीम मौके पर पहुंची और बिटिया के परिजनों को बैठाकर बातचीत की। सारी बातें सुनने के बाद टीम ने दोनों पक्षों में लिखित समझौता कराया। समझौते के बाद बिटिया ने कहा कि उसे और उसकी मां को न्याय मिल गया है। इससे उन्हें काफी खुशी हुई है।

## 70 मामलों में पांच का निस्तारण

तहसील समाधान दिवस में आए 70 प्रार्थना पत्रों में पांच का मौके पर निस्तारण हुआ। दो साल से वरासत के लिए भटक रही महिला की समस्या का भी मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील दिवस में आए अधिकांश प्रार्थना पत्र विद्युत, जल निगम, पीडब्ल्यूडी, सफाई विभाग से संबंधित थे। सुनवाई के दौरान तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक सदर शीतल प्रसाद द्विवेदी, सुरेश तिवारी, अमरीश, विजय गुप्ता, रामकरन गुप्ता मौजूद रहे।

# चार साल बाद भी समस्या बरकरार



डुमरियागंज में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनते डीएम और एसपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर/डुमरियागंज।** वर्ष 2019 से जलनिकासी की समस्या के निदान के लिए फरियाद कर रहे पीड़ित ने शनिवार को एक बार फिर संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम से गुहार लगाई। मामला डुमरियागंज कस्बा के इंदिरानगर मोहल्ले का है, जहां कि निवासी अवधेश कुमार श्रीवास्तव के प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद डीएम संजीव रंजन ने नाराजगी जाहिर करते हुए ईओ को तत्काल मामले के निस्तारण के निर्देश दिए।

डुमरियागंज तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में

## डुमरियागंज में पीड़ित ने डीएम से की फरियाद, ईओ को फटकार

डीएम संजीव रंजन ने सुनवाई की। इस दौरान नगर के वार्ड नंबर 11 इंदिरा नगर निवासी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने जलनिकासी की समस्या की गुहार लगाई। उनके मकान के पास जलनिकासी के लिए तहसील रोड पर लगा पानी का पाइप टूटा पड़ा है जिसके कारण नाली का पानी सड़क और घर के अंदर घुस जाता है। बारिश के समय जलभराव से सांसत हो जाती है। वर्ष 2019 एवं 2020 से जलनिकासी की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। जिस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी शिवकुमार से नाराजगी जाहिर करते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान प्रस्तुत हुए 140 प्रार्थना पत्र में राजस्व के सात मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिन के अंदर शत-प्रतिशत निस्तारण को कहा। इस दौरान एसपी डॉ. यशवीर सिंह, डीडीओ शेषमणि सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श आदि उपस्थित रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-06-2022

# दलित महिलाओं व परिजनों के खिलाफ मुकदमा

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार में मकान और खाली भूखण्ड पर कब्जेदारी को लेकर चल रहे विवाद को लेकर शनिवार को धनघटा पुलिस ने दलित पक्ष की महिलाओं व परिजनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बीते दो जून की आधी रात को पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक धनघटा विनय कुमार पाठक और दलित महिलाओं के बीच हुई तीखी नोकझोंक के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई दूसरे पक्ष के हैंसर निवासी शम्भूनाथ पुत्र माधवशरण की तहरीर पर की है। थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार स्थित आराजी नम्बर 119 स और 120 स में निर्मित मकान और खाली भूखण्ड पर कब्जा जमाने के लिए बीते कई महीनों से हैंसर सोनाड़ी गांव निवासी जगन्नाथ व शम्भूनाथ पुत्रगण माधवशरण आदि तथा दलित महिला बुद्धिमानी देवी पत्नी सुखई आदि के बीच विवाद चल रहा है। उक्त आराजी में निर्मित मकान में जगन्नाथ आदि और बुद्धिमानी देवी आदि ने मिलकर अपना अपना ताला बन्द किया है और बुद्धिमानी देवी अपने परिवार के साथ

**दो जून की आधी रात को प्रभारी निरीक्षक धनघटा के साथ दलित महिलाओं की हुई तीखी नोकझोंक के बाद पुलिस ने की मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई**

उसी मकान के एक हिस्से में निवास भी करती है। जगन्नाथ आदि के प्रार्थनापत्र पर बीते दिनों तत्कालीन एसडीएम समेत स्थानीय पुलिस कई बार मौके पर पहुंचकर बुद्धिमानी देवी द्वारा मकान में बन्द किए गए ताले को खुलवाने का प्रयास कर चुके हैं लेकिन दलित बुद्धिमानी देवी समेत परिवार के विरोध के चलते प्रशासन ताला खुलवाने में सफल नहीं हो सका। इसी बीच बीते दो जून की आधी रात को प्रभारी निरीक्षक धनघटा विनय कुमार पाठक भी मौके पर पुलिसबल के साथ पहुंच थे।

प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि वह दूसरे पक्ष द्वारा मकान का ताला तोड़ने का प्रयास करने के दौरान हो रहे विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे लेकिन वहीं बुद्धिमानी देवी समेत उसके परिवार के लोगों का आरोप है कि पुलिसबल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक द्वारा मकान में लगे ताले को तोड़वाकर मकान को खाली कराने का प्रयास किया गया। महिलाओं का हाथ पकड़कर घर से बाहर करने की कोशिश पुलिस द्वारा की गई साथ ही घर में रखा रोजमर्रा का सामान भी पुलिसबल द्वारा बाहर फेंक दिया गया।

हालांकि मामला रात के अंधेरे का रहा इसलिए पुलिस और बुद्धिमानी देवी के परिवार के बीच क्या हुआ यह तो बताना मुश्किल है लेकिन वायरल हो रहे वीडियो पर अगर गौर करें तो मौके पर प्रभारी निरीक्षक और दलित बुद्धिमानी देवी के परिवार की महिलाओं के बीच तीखी नोकझोंक जरूर हुई है। वैसे नोकझोंक के बाद अगले दिन तीन जून को पुलिस ने जहां उक्त विवादित मकान और खाली भूखण्ड को लेकर जमीं के लिए सीआरपीसी की धारा 145 के तहत रिपोर्ट एसडीएम को भेज दिया तो वहीं चार जून को पुलिस ने दूसरे पक्ष के शम्भूनाथ की तहरीर पर विपक्षी दलित बुद्धिमानी देवी समेत उसके परिवार के गुड्डू, बबलू व डब्लू पुत्रगण सुखई, आशा देवी पत्नी रामसकल और सुखई पुत्र नरेश के खिलाफ मकान का ताला तोड़कर भीतर घुसकर घर में रखा सामान उठा ले जाने, घर पर कब्जा करने, गाली गलौच करने तथा जानमाल की धमकी देने के आरोप में आईपीसी की धारा 147, 352, 504, 506, 379, 448 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा विनय कुमार पाठक ने कहा कि जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मारपीट : एससी-एसटी का केस

सेमरियावां (एसएनबी)। बीती रात दुधारा थाना क्षेत्र के गांव दरियाबाद में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने मुकामी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मामले में मुकामी पुलिस ने संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव दरियाबाद निवासिनी तारा देवी पत्नी पालनदास ने मुकामी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही लल्लन पुत्र स्व. शकील अहमद, आखिर पुत्र स्व. शकील अहमद तथा फारूक अहमद पुत्र स्व. मन्नान पर बीती रात लगभग दस बजे पुरानी रंजिश को लेकर गाली गुप्ता देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करना व मारना पीटना व घर का दरवाजा तोड़ देने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष सर्वेश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुअसं 171/22 धारा 323,504,427,3(1) द, 3(1)घ, 3(2) वीए तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बखिरा (एसएनबी)। एसपी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बखिरा पुलिस ने नाबालिगा से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय-जेल भेज दिया। घटना बीते 30 मई की है। पुलिस ने 31 मई को पीड़ित पिता की तहरीर पर मामले में धारा 363 भादवि के तहत केस दर्ज करने के बाद पीड़िता को बरामद करके मामले की विवेचना कर रही थी। बाद में पुलिस ने दुष्कर्म समेत अन्य धाराएं बढ़ा दीं। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजेडीहा चौकी अंतर्गत एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बीते 30 मई की रात में अपनी नाबालिग पुत्री के गायब होने की सूचना दी थी।जिस पर पुलिस सुसंगत धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। जांच के दौरान पीड़िता द्वारा ज्ञात हुआ कि उसे उसके गांव का ही एक लड़का उठा ले गया था और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था।आरोपी ने विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस आरोपी के खिलाफ पूर्व में दर्ज मुकदमे में धारा 376, 506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करके आरोपी की तलाश में जुट गई थी। एसआई विवेकानंद तिवारी व कां. मुकेश वर्मा व दीपक वर्मा ने खजुरी नहर पुलिया के पास से आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया।

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम के सुरक्षा प्रभारी

# आईजी पीएसी ने परखी मुस्तैदी



**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पांच जून 2022 को महामहिम राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत आज संपूर्ण सुरक्षा प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मध्य जोन चन्द्र प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती राजेश मोदक, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के साथ थाना कोतवाली खलीलाबाद अंतर्गत मगहर में स्थित कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस/पीएसी बल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण की ब्रीफिंग की गयी। ब्रीफिंग कार्यक्रम के दौरान जनपद एवं गैर जनपद से ड्यूटी हेतु आये पुलिस/पीएसी बल के अधिकारियों एवं कर्मचारीगण को वीवीआईपी के उच्चतम सुरक्षा श्रेणी को देखते हुए अत्यन्त सतर्कता पूर्वक रहकर ड्यूटी करने व रूट व्यवस्था के बारे में बिन्दुवार बताकर सुरक्षा व्यवस्था के ष्टिगत बनाए गए भिन्न-भिन्न प्वाइंटों पर नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारीगण को पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपनी-अपनी ड्यूटी,,कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया और सेफ हाउस, हेलीपैड, रूट व्यवस्था आदि तथा रास्तों पर आवागमन आदि के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके उपरान्त सुरक्षा व्यवस्था में लगे सम्पूर्ण पुलिस/पीएसी बल द्वारा अपनी-अपनी ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचकर रिहर्सल किया गया। ब्रीफिंग के दौरान जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित गैर जनपद से आये हुए राजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पीड़ितों के खाते में 36 हजार वापस

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** दो व्यक्तियों के खाते से साइबर फ्राड के माध्यम से निकाले गए 36295 ₹ को साइबर हेल्प डेस्क कोतवाली खलीलाबाद द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों के खाते में वापस कराया है। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम व साइबर अपराधों में त्वरित कार्रवाई हेतु साइबर सेल सहित जनपद के समस्त थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में साइबर हेल्प डेस्क टीम थाना कोतवाली खलीलाबाद की उनि श्रीमती प्रतिभा सिंह एवं कां ज्ञानप्रकाश सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों के खाते से साइबर फ्राड के माध्यम से उड़ाए गए 36,295 ₹ वापस कराया गया है। उन्होंने बताया कि थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर साइबर क्राइम टीम को आवेदक नवीन चौधरी पुत्र शिवचकरन चौधरी निवासी ग्राम पिपराकला थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा शिकायत किया गया कि उसके फोनपे से 18295 रुपया तीन मई को फोन काल के जरियें फ्राड कर लिया गया है। इस सूचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवेदक का 18295 उसके बैंक खाते में वापस कराया गया। इसी क्रम में आवेदक मो. इरफान निवासी मुहल्ला काजीपुर मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर द्वारा शिकायत दर्ज कराया गया कि उनके केनरा बैंक खाते से मोबाइल काल के जरिये ओटीपी पूछकर उसके खाते से धनराशि निकाल लिया गया था। इस प्रकरण में भी आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवेदक के बैंक खाते में 18000 वापस कराया गया। जिस पर पीडित द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुये पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# शांतिभंग की आशंका में 12 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें दुधारा पुलिस ने दो, महुली पुलिस ने दो, बखिरा पुलिस ने चार और बेलहर कला पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया। एसपी सोनम कुमार ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि जो भी अशांति फैलाए उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

# एक वारंटी को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत शनिवार को एक वांछित को गिरफ्तार किया गया। बखिरा पुलिस ने रणविजय सिंह निवासी हथवा थाना बखिरा को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। बखिरा पुलिस ने शनिवार को एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया। घटना बीते सोमवार की है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मामले में धारा अपहरण तहत केस दर्ज किया था। पीड़िता के बयान के बाद पुलिस ने मामले में दुष्कर्म व पास्को की धारा बढ़ाई।


प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि थाना के राजेडीहा चौकी अंतर्गत एक गांव के व्यक्ति ने तहरीर में दी कि सोमवार की रात उसकी नाबालिग पुत्री को गांव का एक मनबढ़ उठा ले गया। पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पर अपहरण, जान से मारने की धमकी देने तथा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ है।

# दो के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम तिघरा निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। महुली थाना के तिघरा निवासी महिला संगीता पत्नी जगनरायन ने बताया कि शुक्रवार को भूमि विवाद को लेकर गांव का राम मिलन उसे गाली दे रहा था। जब उसने एतराज किया तो भड़क गया तथा लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

# कई मार्ग सील, मुख्य रास्ते से ही मगहर जा पाएंगे आम लोग

संतकबीरनगर। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लेकर पुलिस प्रशासन ने हाईवे से मगहर कस्बे में जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है। केवल मुख्य मार्ग ही खुला है। यह मार्ग भी गांधी आश्रम के पहले सील कर दिया गया है। वहां के बाद सिर्फ प्रशासन द्वारा जारी किए गए पास वाले लोग ही जा पाएंगे। वाहन पार्किंग में खड़े होंगे वहां से पैदल ही सभी को जाना होगा।



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के आगमन की पूर्व संध्या पर शनिवार को मगहर की सड़कों पर फ्लैग मार्च करते एएसपी, सीओ व अन्य पुलिस कर्मी । • हिन्दुस्तान

## हेलीपैड पर उतरा हेलीकॉप्टर, फ्लीट ने की प्रैक्टिस, हर प्वाइंट पर मुस्तैद हुए अधिकारी

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम का हुआ पूर्वाभ्यास




- हेलीपैड को चेक कर दिए निर्देश, सभी को समझाई गई ड्यूटी
- हर प्वाइंट पर लगे अधिकारियों को डीएम ने दिए जरूरी निर्देश



मगहर में रविवार को राष्ट्रपति के आगमन को लेकर शनिवार को ड्यूटी को लेकर कर्मचारियों को निर्देश देती डीएम दिव्या मित्तल।

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने शनिवार को पूर्वाभ्यास किया। ड्यूटी पर लगाए गए सभी अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस कर्मी मगहर पहुंचे। सभी अपने-अपने तैनाती स्थल पर मुस्तैद हो गए।

इसके बाद करीब पौने दस बजे हेलीपैड पर हेलीकाप्टर लैंड हुआ। उसके बाद फ्लीट के साथ हुए रिहर्सल में डीएम, एसपी के साथ ही सभी अधिकारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे। हेलीपैड से निकली फ्लीट पहले कबीर चौरा पहुंची। वहां से दर्शन कराने का अभ्यास करने के बाद कबीर एकेडमी फिर वहां के कार्यक्रम की रूप रेखा के अनुसार रिहर्सल किया गया। कार्यक्रम के बाद हेलीपैड पहुंचाने तक का पूरा पूर्वाभ्यास करने के साथ एक-एक बिन्दु को चेक किया गया। डीएम दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार शुक्रवार को ड्यूटी पर लगी फोर्स और फ्लीट में लगाए गए वाहनों के साथ मगहर पहुंचे। फ्लीट ड्यूटी में लगे अधिकारी और कर्मचारी को पहले पूरी जानकारी दी गई। कहां रुकना है और किस रास्ते राष्ट्रपति समाधि व मजार पर पहुंचेंगे इसका भी पूर्वाभ्यास किया गया। दर्शन-कराने के बाद पौधरोपण फिर वहां से कबीर एकेडमी जाने के रास्ते का पूर्वाभ्यास करते हुए डीएम ने सभी कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यक्रम खत्म होने के बाद राष्ट्रपति को हेलीपैड पहुंचाने और फिर राज्यपाल और सीएम को हेलीकाप्टर तक पहुंचाने का भी पूर्वाभ्यास हुआ। हर प्वाइंट पर लगे अधिकारियों को डीएम व एसपी ने जरूरी निर्देश दिए।

### कर्मचारियों की हुई फाइनल ब्रीफिंग

ड्यूटी पर लगे सभी अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, कर्मचारियों की संयुक्त ब्रीफिंग हुई। डीएम दिव्या मित्तल ने एक-एक बिन्दु की जानकारी। सभी मजिस्ट्रेट और पुलिस कर्मियों को उनके ड्यूटी से अवगत कराते हुए डीएम ने कहा कि आज सभी लोग अपने प्वाइंट को देख लें और पूरी तैयारी कर लें। रविवार की सुबह छह बजे तक सभी अधिकारी कर्मचारी मगहर पहुंच जाएंगे। उसके बाद पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अपनी ड्यूटी को सभाल लेंगे। सभी को अलग-अलग दायित्व दिए गए हैं। मजिस्ट्रेट अपने दायित्वों को समझते हुए साथ में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर लें। एसपी सोनम कुमार ने पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिए।

### आठ बजे तक ही होगा प्रवेश

राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश सुबह आठ बजे तक ही होगा। उसके बाद आने वालों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रवेश द्वार पर प्रवेश करने वालों की सूची रहेगी। उस सूची से मिलान करने के बाद ही सुरक्षा कर्मी अन्दर प्रवेश देंगे। बिना पास के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# संतकबीरनगर में गला रेत कर चाचा को मार डाला

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद के कांटे चौकी क्षेत्र के डंड़वा गांव में एक नशेड़ी और सनकी भतीजे ने शनिवार को अपने चाचा की गला रेत कर हत्या कर दी। हत्यारा मौके से फरार हो गया।

डंड़वा गांव निवासी रुस्तम अली (50) की बेटी साइना ने बताया कि उसके पिता घर के बाहर चारपाई पर सोए हुए थे। शनिवार की सुबह करीब 5:15 बजे पट्टीदारी के चाचा का लड़का मेराज पुत्र सेबू ने बकरा काटने वाले धारदार हथियार से उसके पिता पर हमला कर दिया। उनकी चीख सुन हम लोग बाहर आए तो देखा मेराज लगातार उनके गले पर वार किए जा रहा था। बचाने के लिए आगे बढ़े तो



रुस्तम अली (फाइल फोटो )

वह हथियार लहराता हुआ वहां से भाग गया। आनन-फानन पड़ोसियों के सहयोग से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस हत्यारे की तलाश कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मेराज ने अपने खून लगे कपड़ों को फाड़कर गांव के बाहर एक तालाब में फेंक दिया।

➤ हत्या की धमकी P06

दो घंटे मगहर में रहेंगे राष्ट्रपति, संतकबीर की समाधि व मजार का दर्शन कर संत कबीर एकेडमी का करेंगे उद्घाटन

# आज आएंगे राष्ट्रपति, स्वागत को तैयार मगहर

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रविवार को सुबह 9.30 बजे मगहर पहुंचेंगे। उनके स्वागत की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। संतकबीर की परिनिर्वाण स्थली पूरी तरह से सजकर तैयार हो गई है। कबीर मठ के संतों से लेकर हर कोई उनके स्वागत को आतुर है। डीएम दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार देर शाम तक तैयारियों को पूरा कराने में जुटे रहे। सभी अधिकारी आधी रात तक कबीर निर्वाण स्थली पर ही रहे। महामहिम करीब दो घंटा मगहर में रहेंगे।

महामहिम मगहर में पहुंचने के बाद समाधि, मजार का दर्शन करेंगे। इसके बाद संत कबीर के दोहे को सुनेंगे। इस बीच पौधरोपण का कार्य भी उनके द्वारा किया जाएगा। वहां से निकलने के बाद कबीर एकेडमी, स्वदेश दर्शन परियोजना का लोकार्पण करेंगे। महामहिम के आगमन को लेकर हर किसी में उत्साह है। 18 वर्ष बाद यह अवसर आया है कि मगहर के लोग महामहिम का स्वागत कर सकेंगे। इससे पहले वर्ष 2004 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मगहर आए थे। मजार और समाधि के साथ ही कबीर गुफा को फूल मालाओं से सजा दिया गया है। कबीर एकेडमी को भी सजाने का काम तेजी से जारी था। प्रशासन की मानें तो देर रात तक पूरी तरह से सजा दिया जाएगा। पूरी रात



मगहर में कबीर चौरा स्थित संतकबीर की समाधि व मजार पर रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आएंगे। • हिन्दुस्तान



मगहर में राष्ट्रपति के लिए बने हेलीपैड पर शनिवार को हेलीकाप्टर उतारकर रिहर्सल किया गया। इस दौरान डीएम और एसपी भी मौजूद थे। • हिन्दुस्तान

## तैयारी पूरी

- समाधि और मजार का दर्शन करने के बाद पौधरोपण भी करेंगे
- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी करेंगे स्वागत

सुरक्षा कर्मी मुस्तैद रहेंगे। सुबह छह बजे से ही अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंट पर अधिकारी, पुलिस कर्मी सहित सभी पहुंच जाएंगे।

**राष्ट्रपति का मिनट टू मिनट कार्यक्रम:** राष्ट्रपति भवन से जारी कार्यक्रम के अनुसार महामहिम सुबह 9.05 बजे गोरखपुर से मगहर के लिए रवाना होंगे। उनका हेलीकाप्टर 9.30 पर मगहर में लैंड करेगा। उसके बाद 9.45 पर कबीर चौरा धाम मगहर पहुंचेंगे। वहां पर मजार, समाधि, गुफा दर्शन के बाद कबीर सद्गुरु संपर्क संस्थान के सदस्यों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी होगी।

10 बजे संत कबीर ऑडिटोरियम के लिए रवाना होंगे। 10.05 पर पहुंचेंगे। 10.15 से 11.10 के बीच उद्घाटन कार्यक्रम होगा। इसमें 10.20 बजे सबसे पहले राष्ट्रगान, फिर 10.22 पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का स्वागत संबोधन होगा। 10.32 बजे महामहिम द्वारा एकेडमी का लोकार्पण किया जाएगा। 10.35 बजे कबीर एकेडमी व स्वदेश दर्शन पर बनी लघु फिल्म का प्रसारण होगा। 10.40 बजे मुख्यमंत्री कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। 10.55 पर महामहिम का संबोधन शुरू होगा। उसके बाद 11.05 पर राष्ट्रगान होने के साथ कार्यक्रम का समापन हो जाएगा। 11.10 पर महामहिम हेलीपैड के लिए निकलेंगे। 11.25 पर हेलीकाप्टर से गोरखपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। 11.50 बजे गोरखपुर पहुंचने का समय है।

## बस्ती और सिद्धार्थनगर के डॉक्टर भी संभालेंगे मोर्चा

- डॉक्टरों ने पुलिस लाइन में दिया योगदान
- राष्ट्रपति के दौरे को लेकर लगाई गई ड्यूटी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। राष्ट्रपति के कार्यक्रम में बस्ती और सिद्धार्थनगर जिले की एक-एक चिकित्सकों की टीम पहुंच गई है। सभी ने पुलिस लाइन में योगदान देने के साथ ही आरटीपीसीआर जांच भी करा कर रिपोर्ट सम्मिलित कर दिया है। इन चिकित्सकों की ड्यूटी सीएमओ की डिमांड पर अपर निदेशक चिकित्सा ने लगाई है।

सिद्धार्थनगर से डा. संजय कुमार फिजीशियन, सर्जन डा. अतुल कुमार मिश्र, बेहोशी चिकित्सक डा. अवधेश पासवान, पैथोलाजिस्ट, डा. मनोज चौधरी, आर्थो सर्जन डा. संजय गुप्त, फार्मासिस्ट सुग्रीव, वार्ड ब्वाय रमेश, स्टाफ नर्स संदीप पांडेय और फार्मासिस्ट जौहर लाल को लगाया गया है। बस्ती जिले में बेहोशी डा. मो. असलम, आर्थो सर्जन डा. एसके सिंह, सर्जन डा. विजय तिवारी, पैथोलाजिस्ट डा. पीएल गुप्त, ईसीजी टेक्नीशियन राधेश्याम, फार्मासिस्ट एसके ओझा और वार्ड ब्वाय अब्दुल अजीज को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीएमओ डा. इंद्र विजय विश्वकर्मा ने दोनों जिलों के चिकित्सकीय टीम की पुष्टि की है।

# साइबर फ्रॉड से पुलिस ने रुपये वापस कराए

संतकबीरनगर। साइबर फ्राड से दो व्यक्तियों के खाते से निकाले गए 36 हजार 295 रुपए को कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को वापस करा दिया। पैसा वापस पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे।

थाना कोतवाली खलीलाबाद की साइबर क्राइम टीम को आवेदक नवीन चौधरी निवासी पिपराकला ने बताया था कि तीन मई 2022 को फोन कॉल के जरिए फोन पे से 18 हजार रुपए का फ्राड हुआ। पुलिस टीम ने इस पर कार्रवाई करते हुए उनके पैसे को वाषस कराया। इसी क्रम में आवेदक मोहम्मद इरफान निवासी मुहल्ला काजीपुर कोतवाली खलीलाबाद ने शिकायत दर्ज कराया था कि उनके केनरा बैंक खाते से मोबाइल काल के जरिए ओटीपी पूछकर खाते से धनराशि निकाल लिया गया था।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं, बखिरा: पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। घटना बीते 30 मई की है, 31 मई को मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने धाराओं में परिवर्तन किया था। बखिरा थाने के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर नाबालिग पुत्री के गायब होने की सूचना दी थी। किशोरी ने बताया कि उसे बलपूर्वक अपहृत करके गांव के युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़ित के बयान के आधार पर धाराओं में परिवर्तन किया गया। शनिवार को थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विवेकानंद तिवारी व कांस्टेबल मुकेश वर्मा, दीपक वर्मा ने खजुरी नहर पुलिया के पास से आरोपित सचिन को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# आज आएंगे राष्ट्रपति, स्वागत को तैयार कबीर की धरती

## कबीर चौरा परिसर में 50 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण, राज्यपाल व मुख्यमंत्री होंगे साथ

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : देश के प्रथम नागरिक राम नाथ कोविन्द रविवार को मगहर आ रहे हैं। उनके स्वागत को कबीर की धरा पूरी तरह से तैयार है। संत की परिनिर्वाण स्थली कबीर चौरा को सजाया गया है। राष्ट्रपति यहां करीब 50 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। उनके स्वागत के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग दिन-रात एक करके जुटा है। जल, थल और नभ तीनों क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर वैसे तो लगभग एक सप्ताह से तैयारियों का सिलसिला चल रहा था। मुख्यमंत्री के आने और उनके निर्देश के बाद इसमें और तेजी आ गई। महामहिम की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जल, थल और नभ तीनों क्षेत्रों में चौकसी बरती जा रही है। शनिवार को मंडलायुक्त गोविंद राजू एनएस और आइजी राजेश मोदक ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार समेत कार्यक्रम में लगाए गए विभिन्न जनपदों के अधिकारियों के साथ कबीर स्थली में बैठक की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ ही परिसर की सफाई में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। राष्ट्रपति के साथ यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आ रहे हैं। यह संतकबीर नगर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने प्रस्तावित निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा करने के बाद संतोष व्यक्त किया।



मगहर में तैयार संतकबीर अकादमी व शोध संस्थान का राष्ट्रपति करेंगे लोकार्पण• जागरण

### सुरक्षा व्यवस्था का हुआ पूर्वाभ्यास

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : देश के सर्वोच्च सैन्य कमांडर और प्रथम नागरिक के आगमन का मामला है। जनपद ही नहीं प्रदेश के प्रशासनिक अमले की सांस अटकी है। कहीं कोई चूक नहीं हो जाए, इसे लेकर एक-एक बिंदुओं पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था का पूर्वाभ्यास भी हुआ। दिन में लगभग तीन बजे दो हेलीकाप्टर कबीर चौरा परिसर में उतरे, इसमें एनएसजी के कमांडो और अधिकारी बैठे थे। अचानक हेलीकाप्टर आने की सूचना पर परिसर के तीनों सेल में तैनात पुलिस कर्मी सक्रिय हो गए। अधिकारी कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे, सभी ने मंडलायुक्त राजू एनएस से वार्ता किया। 3.30 बजे हेलीकाप्टर वापस लौट गए।

**चिकित्सक भी रहे तैनात:** पूर्वाभ्यास के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मोहन झा, डा. अमित सिंह, डा. वीपी पांडेय आदि मौजूद रहे। वहीं, ब्लड बैंक के नित्यानंद तिवारी समेत अनेक कर्मी मुस्तैद रहे। सभी ने खुद को तैयार बताया। डीएम-एसपी पूर्वाभ्यास के दौरान हर बिंदुओं पर नजर रख रहे थे।

**कबीर चौरा परिसर के ऊपर पांच किमी क्षेत्र में नहीं उड़ सकेंगे विमान:** कबीर चौरा परिसर के अंदर की सुरक्षा कमान संभाल रहे पीएसी के मध्य जोन के आइजी चंद्रप्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम स्थल के पांच किमी ऊपर हवाई क्षेत्र में कोई विमान या ड्रोन नहीं उड़ सकेगा।

इस क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। आमी नदी में भी सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ की एक प्लाटून को लगा दिया गया है। सुरक्षा को तीन स्तर पर बांटा गया है। परिसर के बाहर जनपद के पुलिस की जिम्मेदारी होगी, परिसर के अंदर पुलिस और पीएसी के लोग रहेंगे, जबकि कार्यक्रम हाल में सुरक्षा व्यवस्था एनएसजी के कमांडो के हवाले होगी। कबीर चौरा स्थल की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते मंडलायुक्त गोविंद राजू एनएस, आइजी राजेश मोदक • जागरण



हेलीपैड का निरीक्षण करती डीएम दिव्या मित्तल, एसपी सोनम कुमार • जागरण

**आपरेशन थियेटर को बनाया सेफ सेंटर:** चिकित्सा व्यवस्था संभालने के लिए जिला अस्पताल के आपरेशन थियेटर को सेफ सेंटर बनाया है। प्रभारी विजय व एनएसजी के कमांडो ने जायजा लिया।

### चार एसपी संभालेंगे सुरक्षा की कमान

राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सुरक्षा में विभिन्न जनपदों के चार एसपी को लगाया गया है। सात अपर पुलिस अधीक्षक, 20 क्षेत्राधिकारी, 50 इंस्पेक्टर, 145 उपनिरीक्षक, 805 हेड कांस्टेबल, 10 महिला उपनिरीक्षक, 100 महिला आरक्षी, 10 यातायात निरीक्षक, 40 यातायात पुलिस के साथ ही पीएसी की तीन कंपनी लगाई गई है। पूरे परिसर को तीन सेल में बांटा गया है।

---

# दो व्यक्तियों के खाते से उड़ाया धन वापस

- साइबर हेल्प डेस्क ने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई
- धोखे से खाता नंबर जानकार गायब कर दिए थे 36295 रुपये

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: धोखे से दो व्यक्तियों के खाते से निकाले गए 36 हजार 295 रुपये शनिवार को पुलिस की सक्रियता से वापस मिले। शिकायत मिलने पर सक्रिय हुई पुलिस की साइबर सेल के हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्रवाई की।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के पिपरा कला निवासी नवीन चौधरी ने शिकायत किया कि उनके फोन पे से 18 हजार 295 रुपये बीते तीन मई को उड़ा दिए गए। इसी प्रकार मगहर के काजीपुर निवासी मो. इरफान ने केनरा बैंक खाते से मोबाइल काल पर ओटीपी पूछकर खाते से 18 हजार रुपये निकाल लिए जाने की शिकायत दर्ज करवाई।



मामले में साइबर हेल्प डेस्क टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों के खातों से गायब किए धन को खाते में वापस करवाया। पीड़ितों ने साइबर हेल्प डेस्क की निरीक्षक प्रतिभा सिंह, कांस्टेबल ज्ञानप्रकाश सिंह को धन्यवाद दिया।

# महिला समेत दो पर मारपीट का केस दर्ज

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम तिघरा निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**महुली थाना क्षेत्र के ग्राम तिघरा का मामला**

क्षेत्र के तिघरा गांव निवासी महिला संगीता का आरोप है कि शुक्रवार को भूमि विवाद में गांव के राम मिलन उसे गाली दे रहे थे। एतराज करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि संगीता की तहरीर पर राम मिलन, आरती देवी के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# साइबर सेल ने वापस कराए 36,295 रुपये

संतकबीरनगर। साइबर फ्राड करके दो लोगों के खाते में 36,295 रुपये निकाल लिए गए। जिसकी सूचना पीड़ितों ने साइबर हेल्प डेस्क कोतवाली को दी। साइबर सेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़ितों के खाते में पैसा वापस कराया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम व साइबर अपराधों में त्वरित कार्रवाई के लिए हर थाने पर साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। कोतवाली साइबर हेल्प डेस्क पर कोतवाली क्षेत्र के पिपराकला निवासी नवीन ने शिकायत किया था कि उसके फोनपे से 18295 रुपया तीन मई को फ्राड कर निकाल लिया गया है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पीड़ित का 18,295 रुपया बैंक खाते में वापस कराया गया। इसी तरह से मगहर के काजीपुर निवासी मो. इरफान ने शिकायती पत्र देकर कहा कि केनरा बैंक खाते से मोबाइल काल के जरिए ओटीपी पूछकर उसके खाते से 18 हजार निकाल लिया गया था। संवाद

# कबीर चौरा में कड़ी सुरक्षा



राष्ट्रपति के सुरक्षा के मद्देनजर नोडल अधिकारी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मगहर। सद्गुरु कबीर स्थली पर रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का आगमन हो रहा है। उनकी सुरक्षा को देखते हुए कबीर चौरा परिसर को चारों तरफ से बैरिकेटिंग कर सील कर दिया गया है। परिसर के चारों तरफ पुलिस कर्मी तैनात हैं।

कबीर स्थली के मुख्य द्वार, नेशनल हाईवे से कबीर स्थली को जोड़ने वाले रास्ते, नगर के नगर पंचायत रोड से परिसर को जोड़ने वाले मार्ग, राष्ट्रपति के लिए कबीर स्थली के बाहर पश्चिम में बनाए गए हेलीपैड व परिसर में राज्यपाल के लिए बनाए गए हैलीपैड को सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेटिंग कर पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति के अंदर जाने की इजाजत नहीं है।

## कमिश्नर व आईजी ने की समीक्षा बैठक

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए शनिवार को कमिश्नर बस्ती मंडल गोविंद राजू एनएस और आर्जी राजेश मोदक ने संत कबीर अकादमी में अधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से एक-एक योजनाओं की जानकारी ली। डीएम दिव्या मित्तल, एसी सोनम कुमार, एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष सिंह, डीएफओ टी रंगराजू, सीडीओ एसएन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

# मक्के के खेत से पकड़ा गया आरोपी

- गड्ढे में साड़ी के फंदे से लिपटा था महिला का सिर
- आरोपी के भाई ने बताई थी गायब होने की बात

वजीरगंज, संवाददाता। थानाक्षेत्र के एक गांव में 21 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में कई तथ्य सामने आए हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपी चचेरे देवर को बालिका इंटर कॉलेज साहिबापुर के पास से दबोचा गया है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि डॉग स्क्वॉयड शव मिलने के स्थान से मक्के के खेत में पहुंचा, जहां से आरोपी को दबोच लिया गया। उधर, गांव में चर्चा है कि घटना में अन्य लोग भी शामिल थे।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात महिला का पति जब घर पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू हुई। इसी बीच आरोपी चचेरे देवर के भाई ने उसके काफी देर से गायब होने की बात की। इस पर लोग संदेह जताते हुए लोग खेतों में ढूंढ़ने लगे। पीड़ित अपनी पत्नी को बार-बार फोन कर रहा था लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रही था। घर से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर मक्के के खेत में मोबाइल का घंटी सुनाई पड़ने पर लोग उधर पहुंचे। जहां खेत के बगल गड्ढे में महिला की निर्वस्त्र लाश पड़ी थी। यह देखकर सबके होश फाख्ता हो गए। परिजनों ने तत्काल पुलिस को मामले की जानकारी दी।

**आरोपी बताया जा रहा दसवीं का छात्र:** आरोपी चचेरा देवर दसवीं कक्षा का छात्र बताया जा रहा है। वह क्षेत्र में स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। स्थानीय पुलिस जांच-पड़ताल के लिए विद्यालय भी गई थी। हालांकि एसओ का कहना है कि वह आरोपी को पकड़ने के लिए वहां गए थे।

**डाग स्क्वायड टीम ने आरोपी को दबोचा:** घटना की सूचना मिलते ही सीओ, एसओजी, डाग स्क्वायड और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका का शव सूंघने के बाद डॉग स्क्वायड मक्के के खेत की ओर दौड़ा। वहां मौजूद ग्रामीणों का कहना है कि कुछ ही देर में डाग स्क्वायड के साथ एसओजी टीन ने आरोपी को खेत से दबोच लिया। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह पूछे जाने पर आरोपी नाबालिग है कि नहीं, उन्होंने कहा कि जांच के बाद इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है।

## अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

गोण्डा। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने अवैध शराब के निष्कर्षण और परिवहन के विरुद्ध बड़ी पैमाने पर कार्रवाई की है। जिसमें थाना मोतीगंज द्वारा लक्ष्मण पुत्र सन्तराम सोनकर निवासी पिपरा भिटौरा के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है। वहीं थाना कौडिया द्वारा भीमसेन पुत्र बच्चाराम निवासी ग्राम दुमचीपुर मौजा मंगलनगर थाना खरगूपुर के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## छेड़छाड़ मामले का आरोपी पकड़ा

छपिया। छेड़छाड़ करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है। इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने बताया कि छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे आरोपी गया प्रसाद निवासी मूडाडीहा को एसआई अंकुर वर्मा ने टीम के साथ शनिवार को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र की एक गांव की महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाते हुए युवक पर मुकदमा दर्ज कराया था।

## मारपीट मामले में चार लोग धराए

इटियाथोक। बलवा और मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि यार मोहम्मद पुत्र छोटयी, अब्दुल खालिक, ऐश मोहम्मद, रिजवान पुत्रगण यार मोहम्मद को बलवा करने तथा महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों ने भूमि विवाद के चलते वादिनी नूरूलनिशा पत्नी निसार अहमद निवासी परसिया बहोरीपुर नौशहरा के मारपीट की थी। पीड़िता की तहरीर पर उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था।

# दबंगों ने घर में घुस कर युवक को पीटा

तरबगंज। थाना क्षेत्र के सुसेला रामदीन पुरवा में शुक्रवार की रात में राम नरेश के घर दबंग चढ़ आए और उसे पीटकर मरणासन्न कर दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों और उसके पत्नी को सुबह मिल सकी। पत्नी सीमा ने मुकदमा दर्ज कराया है।

एसओ मनोज पाठक ने बताया कि गांव के ही बदरे आलम पुत्र इसहाक सहित चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध जान से मारने की कोशिश सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। पुलिस हर बिन्दुओं की पड़ताल भी करने में जुटी हुई है। वहीं इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा भी की जा रही है। आरोपी पक्ष के लोग भी अपने पक्ष में कई तर्क देते हुए घूम रहे हैं। फिलहाल मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# पुलिस ने चूड़ी वाली गली से हटवाया अतिक्रमण

- गली में जगह न होने से ग्राहकों की फूल जाती थीं सांसें
- अतिक्रमण हटाने की उठ रही थी बहुत समय से मांग

गोण्डा, संवाददाता। शहर के चौक बाजार स्थित चूड़ी वाली गली में शुक्रवार शाम को अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम चलाकर पुलिस ने अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान कई दुकानदारों को चेतावनी दी गई।

शुक्रवार शाम को पाण्डेय बाजार चौकी प्रभारी नागेश्वर पटेल की अगुवाई में पुलिस ने पुरानी गल्लामंडी के चूड़ी गली में किये गए अतिक्रमण को हटाया। पिछले दिनों पुलिस ने बाजारों में अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन का समय दिया था। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ करवाई का संकेत दिए थे। शनिवार को चौकी प्रभारी ने दुकानों के बाहर गली तक हुए अतिक्रमण को हटवाया और सम्बन्धित दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर पुलिस की कार्रवाई पर कुछ दुकानदारों में रोष है। व्यापारियों का कहना है कि गली में ही कुछ दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को नहीं हटवाया गया।

कुछ व्यापारियों का कहना है कि वे अतिक्रमण के पक्ष में नहीं है, लेकिन उनकी मांग है कि पुलिस बिना किसी भेदभाव के सभी दुकानों के बाहर से अतिक्रमण हटवाए। वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को तैयार हैं।

# अतिक्रमण हटाने में दोहरा मानदंड अपनाने का आरोप

कटराबाजार। शासन के निर्देश के क्रम में चल रहे अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान में दोहरा मानदंड दिखाई पड़ रहा है। क्षेत्र के कटराबाजार के पहाडापुर, पीपल चौराहा, शंकर चौराहा, ब्लाक, व थाना के पास सहित पांडे चौराहे पर रेणी, पटरी व खोंचा वाले दुकानदारों को हटा दिया गया।

अभियान के तहत जहां एक ओर संडके खाली व चौराहे मैदान दिखने लगे वहीं दूसरी ओर ठेला लगाकर रोजी रोटी कमाने दुकानदार बेरोजगार हो गये। एक ठेले वाले दुकानदार ने कहा हमारी तो दुकान व रोजी दोनों बंद हो गई। दवा व्यापारी ने बताया सुबह से ही हमारे दुकान के सामने नालियों पर सब्जियों व अन्य दुकानें लग जाती हैं। अब घर का पानी कैसे निकले। नाले की सफाई करते हुए सफाई कर्मी ने कहा नाले पर बडे लोगो ने छत डालकर अतिक्रमण कर लिया है। अब हम नाले की सफाई कैसे करें। थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने बताया कि अवैध अतिक्रमण सबका हटाया जाएगा। एसडीएम कर्नलगंज हीरालाल यादव ने बताया अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद, मौके पर किया कई शिकायतों का निस्तारण

# डीएम ने दो एक्सईएन का वेतन रोका

**समाधान दिवस**

- लाभार्थियों को समाधान दिवस में घरौनी का किया गया वितरण
- अवैध कब्जों को हटवाने के लिए पुलिस फोर्स साथ ले जाने के निर्देश

मनकापुर, संवाददाता। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने पीडब्ल्यूडी और सिंचाई विभाग के एक्सईएन के वेतन पर रोक लगा दी है। दोनों अभियंताओं पर लापरवाही का मामला सामने आया था। एसपी संतोष मिश्रा ने पुलिस से जुड़े मामलों की समस्याएं सुनी और उसका निस्तारण कराया।

डीएम व एसपी ने परिसर में लगे बाल विकास, बैंक, शिक्षा, खाद्य एवं रसद,स्वास्थ्य विभाग के स्टालों का जायजा लिया। मनकापुर के रेताशा निवासी राम छत्तर ने बैंक से एक लाख रुपए लोन के मुकाबले सिर्फ 22 हजार रुपए मिलने की शिकायत की। डीएम ने एलडीएम से जांच कर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं।

बिट्टा मिश्रा निवासी जगन्नाथपुर की महिला ने शिकायत किया कि वह सरकारी योजना के तहत गाय पालन कर रही है। उसका दो वर्ष का प्रोत्साहन धनराशि और चारादाना की धनराशि पशुपालन विभाग नही दे रहा है।

मिश्रौलिया कला के दिनेश कुमार ने शिकायत किया करोड़ो रूपये से पानी टंकी बनी है लेकिन सालों से बंद पड़ी है। गांव वालों को पानी नही मिल रहा है। डीएम ने जल निगम के एई को निर्देशित किया कि 15 दिवस में कार्य कराके पानी चालू करा कर रिपोर्ट दे अन्यथा फर्जी निस्तारण पर कडी कार्यवाई की जायेगी। उपाध्यायपुर ग्रंट निवासी विजय बहादुर सहित आधा दर्जन लोगो ने डीएम से शिकायत किये कि पूर्व प्रधान व लेखपाल की मिली भगत से लगभग सौ बीघा जमीन पट्टा चुपके से कर दिया गया। जबकि मामला उच्चन्यायाल में विचाराधीन था। डीएम ने प्रकरण को सुनकर एसडीएम से रिपोर्ट मांगी है। ज्यादातर राजस्व एवं पुलिस की शिकायते आयीं। इस मौके पर सीएमओ आर एस केसरी, अधिशाषी अभियंता बिजली वाईके चुतुर्वेदी, विनोद कुमार पान्डेय रहे।



मनकापुर में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। • हिन्दुस्तान

करनैलगंज में समाधान दिवस के दौरान कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से मौके पर निस्तारण शून्य रहा। अध्यक्षता सीडीओ गौरव कुमार ने की। वहीं एसडीएम हीरालाल, सीओ मुन्ना उपाध्याय सहित सभी अधिकारी जन समस्याओं को सुन रहे थे।

# हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

इटियाथोक। पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बेंदुली मोड़ से जमाल पुत्र गफ्फार निवासी जगदीशपुर सम्पत को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक अभिषेक वर्मा आरक्षी सत्यव्रत यादव और शैलेंद्र सिंह की टीम ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# गोण्डा में महिला की हत्या चचेरा देवर हुआ गिरफ्तार

- वजीरगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात हुई वारदात
- आरोपी चचेरा देवर 10वीं का छात्र, मुकदमा दर्ज

वजीरगंज (गोण्डा), संवाददाता। वजीरगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में 21 वर्षीय महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप महिला के चचेरे देवर पर लगा है। पुलिस ने महिला के पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया है। महिला के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि महिला से उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। पति का आरोप है कि कुछ महीने से पत्नी का चचेरे भाई से प्रेम-प्रसंग होने की बात सुनने में आ रही थी। महिला का पति टिक्की-चाट बेचने के लिए ठेला लगाता है। पीड़ित ने बताया कि वह शुक्रवार रात एक निमंत्रण में गया था। रात करीब दस बजे जब घर पहुंचा तो पत्नी गायब मिली। पूछने पर परिजनों ने बताया कि वह शौच के लिए खेत गई है। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। इस बीच मक्के के खेत के बगल गड्ढे में महिला का निर्वस्त्र शव पड़ा मिला। उसके गले में साड़ी लिपटी थी। ›मक्के के खेत में मिला आरोपी P 09

# दुष्कर्म के आरोपित समेत दस गिरफ्तार

संसू, गोंडा: पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर दुष्कर्म आरोपित समेत दस को गिरफ्तार किया है। साथ ही पैदल गश्त करके पुलिस अधिकारियों ने लोगों से संवाद स्थापित किया।

छपिया के मूड़ाडीहा निवासी गया प्रसाद, मनकापुर के दतौली निवास चिंताराम वर्मा व कटहर बुटहनी के इंद्रजीत को मिशन शक्ति के तहत छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने पकड़ा है। कटरा बाजार पुलिस ने जयराम जोत के सिराज खान को अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में पकड़ा गया है।

रविवार को जमीन विवाद में हुई मारपीट के मामले में परसिया बहोरीपुर निवासी यार मोहम्मद, अब्दुल खालिक,ऐश मोहम्मद, रिजवान को गिरफ्तार किया गया है। अन्य मामलों में वांछित चल रहे पांच अन्य को पकड़ा गया है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने नगर कोतवाल पंकज सिंह के साथ नगर में भ्रमण करके नागरिकों से बात की गई, साथ ही उन्हें सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी गई।

# देवर ने गला दबाकर भाभी को मार डाला

## वजीरगंज के सहिबापुर में शाम की घटना, आरोपित गिरफ्तार

**संसू, वालेश्वरगंज (गोंडा):** रिश्तों के खून का एक और मामला सामने आया है। वजीरगंज के सहिबापुर में शौच के लिए गई भाभी की चचेरे देवर ने खेत में ही गला दबाकर हत्या कर दी। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है।

वजीरगंज के सहिबापुर निवासी मोहन चौहान का कहना है कि उसकी पत्नी सुनीता शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे खेत में शौच के लिए गई थी। करीब 45 मिनट बीत जाने के बाद भी जब नहीं लौटी तो उनके मोबाइल पर फोन मिलाया। फोन की घंटी बजती रही, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ । इस पर वह अपनी मां कलावती के साथ टार्च लेकर खोजने निकल पड़ा। खेत के पास पहुंचकर जब उसने दोबारा से फोन मिलाया तो घंटी सुनाई दी।



सहिबापुर में मृतक महिला के घर पर रोते बिलखते स्वजन व रिश्तेदार ● जागरण

आरोप लगाया कि जब वह टार्च की रोशनी में उस स्थान पर गया, जहां मोबाइल की घंटी बज रही थी, तो उसने देखा अजय चौहान उसकी पत्नी का गला दबाए हुए था। आरोपित उन्हें देखकर बगल के खेत में भाग गया। नजदीक जाकर देखा तो उसकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी। मृतका जो साड़ी पहने हुए थी, वही उसके गले में कसी हुई थी। एसओ सीपी सिंह ने बताया कि आरोपित अजय चौहान को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। वह मृतका का देवर लगता है। गांव में पुलिस टीम को लगाया गया है।

### पहले भी करता था परेशान

मोहन का कहना है कि आरोपित अजय काफी दिनों से उसकी पत्नी के पीछे पड़ा हुआ था। उसकी पत्नी इस बात की शिकायत भी कर चुकी है। मृतका की ढाई माह पहले शादी हुई थी। उसका पति ठेला लगाता है। वारदात के बाद से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चार पर मुकदमा

इटियाथोक : परसिया ब्होरीपुर के नौशहरा गांव निवासिनी नूरूल निशा ने दी गई तहरीर में कहा कि गांव के कुछ लोग उसकी जमीन हथियाने का प्रयास करते हुए धमकी दी। विरोध करने पर पीटा। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने कहा कि चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**इटियाथोक** : ग्राम पंचायत पूरे सिधारी सहजाजोत निवासी रामपाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर एक महिला से दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। यह जानकारी थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने दी। (संस)

# मारपीट में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**परसपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के ग्राम भौरीगंज छत्रपालपुरवा में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें पांच लोगों को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों की तरफ से दो महिलाओं सहित सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष के बाबूलाल गौतम व दूसरे पक्ष के बाबूलाल की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# धोखाधड़ी करने वाले पर दर्ज हो केस

**गोंडा।** तरबगंज के परियावा पूरे निर्मल गांव के तीन भाइयों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।परियावा निवासी सुनील कुमार, संजय कुमार व प्रदीप कुमार का कहना है कि गांव का ही रहने वाला आरोपी 13 मई को कहा कि जमीन का इकरारनामा कर दो, वह उसके केसीसी ऋण की अदायगी कर देगा। उसने फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा करा लिया। वह लोग नकल निकालने गए तो धोखाधड़ी की जानकारी हुई। बैनामा वापस करने को कहा तो आरोपी व उसके पुत्रों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। (संवाद)

# सामूहिक दुष्कर्म में तीन गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

## देहात कोतवाली क्षेत्र में दो बहनों से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

## सुलह के लिए दबाव बनाने का आरोप, एसपी को पत्र देकर गुहार

**गोंडा।** दो दिन पूर्व देहात कोतवाली के एक गांव में दो सगी बहनों से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मुख्य आरोपी फरार है। पीड़िता की मां ने मुख्य आरोपी सहित देहात कोतवाली पुलिस पर सुलह के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उसने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

देहात कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला ने एसपी को पत्र देकर बताया कि एक जून की रात उसकी दो बेटियां शौच के लिए गई थीं। जहां बबलू उर्फ रत्नेश पांडेय, रजनीश, पवन पांडेय व देशराज उर्फ ददोले ने उसकी बेटियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। बेटियों की गुहार सुनकर बचाने दौड़े मां-बाप को आरोपियों ने पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। देहात कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पीड़िता की मां ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र दिया है। जिसमें कहा है कि मुख्य आरोपी बबलू उर्फ रत्नेश पांडेय फोन करके मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। यही नहीं, देहात कोतवाल व एक दरोगा पर भी मुकदमे में सुलह के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है।

देहात कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी का कहना है कि नामजद आरोपियों में से पवन पांडेय, रजनीश व ददोले को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाल का कहना है कि सुलह के लिए किसी पर दबाव नहीं बनाया गया है। आरोप निराधार व फर्जी है। सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम का कहना है कि नामजद आरोपियों में से तीन की गिरफ्तारी हो गई है। शेष एक आरोपी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है। संवाद

# महिला की गला दबाकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**वजीरगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के सहिबापुर में शुक्रवार देर शाम घर के पास खेत गई एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। महिला के पति ने आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सहिबापुर निवासी मोहन चौहान ने वजीरगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी सुनीता चौहान (23) शुक्रवार रात आठ बजे घर से लगभग 300 मीटर दूर खेत में शौच के लिए गई थी। जहां गांव के ही अजय चौहान ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। रात्रि 10 बजे इसकी जानकारी मिलने पर उसने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नामजद आरोपी अजय चौहान के विरुद्ध हत्या की धारा में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी अजय चौहान को शनिवार दोपहर सहिबापुर बालिका इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

हिन्दुस्तान

# अग्निकांड में क्षति को कम करने के तरीके बताए

बलरामपुर, संवाददाता। गर्मी में तेज पछुआ हवाएं चलने से अग्निकांड बड़े पैमाने पर होते हैं। इससे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण इन घटनाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है।

जिला आपदा प्रबंधन सलाहकार सचिन मदान ने बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर हम अग्निकांड को रोक सकते हैं। कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू, मिट्टी व दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले संपन्न कर लें।

हिन्दुस्तान

फरियादियों की संख्या लगातार हो रही कम, संपूर्ण समाधान दिवस से लोगों का हो रहा मोहभंग

# 72 दिन में भी समस्या का निस्तारण नहीं

**संपूर्ण समाधान दिवस**

- 194 में से 24 शिकायतें ही निपटीं
- कई फरियादी ऐसे मिले जो छह माह से भटक

बलरामपुर, संवाददाता। संपूर्ण समाधान दिवस जिले में मात्र औपचारिक बनकर रह गया है। 72 घंटे की बात तो दूर कई मामले ऐसे सामने आए हैं जिनका निस्तारण 72 दिनों में नहीं हो सका। वहीं शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या भी कम रही जो इस बात का प्रमाण है कि लोगों का इससे मोहभंग होता दिख रहा है। जिले के तीनों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 194 शिकायतें आईं जिसमें मौके पर 24 का ही निस्तारण हो सका।

तुलसीपुर तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में आने वाले लोगों के प्रार्थना पत्र की जांच के बाद उन्हें डीएम के पास जाने दिया गया। वहां पर कई फरियादी ऐसे मिले जो छह माह से समस्या का निस्तारण कराने के लिए भटक रहे हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर आए प्रेमनरायन पांडेय ने बताया कि गांव में उनकी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। पांच बार से लगातार वह संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे रहे हैं लेकिन समाधान नहीं हो सका।

राजेश शुक्ला के घर के सामने रास्ते पर अवैध कब्जा है। लेखपाल की पैमाइश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटा। उन्होंने बताया कि तीन बार शिकायती प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी है। तुलसीपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि नई बाजार बैरागीपुरवा निवासी अधिवक्ता विनोद सिंह के घर में पिछले माह चोरी हो गई थी। पुलिस मामले की छानबीन में आगे नहीं बढ़ी है। एसोसिएशन अध्यक्ष कमलनयन तिवारी व महामंत्री धर्मेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में डीएम व एसपी से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। एसपी ने मामले के विवेचक को बदल दिया। तुलसीपुर में 75 मामलों में से 11 का मौके पर निस्तारण हुआ।



तुलसीपुर तहसील में शिकायतों का निस्तारण करती डीएम व एसपी।

**फरियादी बोले-कई माह से प्रकरण हैं लंबित:** सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में भी फरियादियों की संख्या कम दिखी। यहां पर भी कई फरियादी ऐसे मिले जिनका प्रकरण आठ माह से लम्बित है। बार-बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। थाना ललिया के किला गांव निवासी रामदुलारे ने बताया कि उनकी जमीन पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर लिया है। शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई।

## उतरौला विकास मंच अध्यक्ष ने ज्ञापन दिया

उतरौला। उतरौला तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 मामले आए जिसमें सात का मौके पर निस्तारण हुआ। उतरौला विकास मंच अध्यक्ष आदिल हुसैन ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में हटाई गई ठेले आदि से रोजगार करने वालों को नगर पालिका प्रशासन उचित स्थान मुहैया कराए।

## अधिकांश मामले में कोर्ट में विचाराधीन-सीडीओ

सीडीओ संजीव मौर्य का कहना है कि समस्याओं का समाधान कराने के लिए समय निर्धारित है। मामला कोर्ट में होने पर उसका निस्तारण संभव नहीं होता। अधिकांश ऐसे मामले हैं जो न्यायालय में लंबित हैं। प्रार्थना पत्र देने पर उनका निस्तारण संभव नहीं है।

# चिकित्सक से अभद्रता पर दो का चालान

संवादसूत्र, उतरौला : रेहरा स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्साधिकारी डा. सुजीत कुमार पांडेय के साथ हुई अभद्रता के मामले में पुलिस ने दो का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। दोनों के खिलाफ श्रीदत्तगंज थाने में एनसीआर भी दर्ज की गई है। तहरीर में डाक्टर ने कहा कि शुक्रवार शाम बैठक के बाद वह गाड़ी से आ रहे थे। श्रीदत्तगंज बाजार में शराब के नशे में धुत खरदेवरी निवासी लाल साहब व राजू वर्मा ने उनकी गाड़ी पर हाथ मार दिया। गाली गलौज व मारपीट करने लगे। एसओ विपुल पांडेय ने बताया कि दोनों को हिरासत में लेकर एसडीएम कोर्ट भेजा गया है।

# समाधान दिवस से फरियादियों को राहत नहीं

## डीएम ने तीन दिन में लंबित मामले हल करने के दिए निर्देश, एसपी ने भी की सुनवाई





तुलसीपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई करती डीएम श्रुति, साथ में एसपी राजेश कुमार सक्सेना और फरियादियों की लगी लंबी कतार ● जागरण

**जागरण पड़ताल**

**संवादसूत्र, तुलसीपुर (बलरामपुर)** : संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण फर्ज अदायगी तक सीमित है। इस कारण फरियादियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति और पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना से अपनी समस्या बताने वालों की लंबी कतार लग गई। तुलसीपुर तहसील में पिछले समाधान दिवस में कुल 57 मामले दर्ज किए गए थे। इसमें से छह मामलों का निस्तारण उसी दिन कर दिया गया। बाकी लंबित 50 मामलों को कागज पर तीन जून तक ही निस्तारित दिखा दिया। सिर्फ एक शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक के स्तर पर लंबित है। शनिवार को भीषण गर्मी में 75 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई।

**194 में सिर्फ 24 को न्याय** : डीएम श्रुति ने 75 में 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया। शेष के लिए तीन दिनों में निस्तारण के निर्देश दिए हैं। बलरामपुर तहसील में एडीएम राम अभिलाष ने 47 में से छह और उतरौला में सीडीओ संजीव कुमार मौर्या ने 72 में से सात की समस्या हल की।

**केस 1** बरौली ठाकुरपुर थाना गैसड़ी के अब्दुल तव्वाब, रऊफ, जमाल व फारुख ने बताया कि नाली की जमीन पर गांव के ही दो लोगों ने कब्जा कर लिया है। दो बार शिकायत कर चुके हैं। गुलरिहा अहिरौली के गुरुप्रसाद ने बताया कि उनकी जमीन पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर लिया है। बताया कि लेखपाल ने पैमाइश की उसके बाद भी कब्जा खाली नहीं हुआ।

**केस 2** ग्राम गनवरिया के हैदर अली खान ने बताया कि उनकी जमीन पर दबंग ने कब्जा कर लिया है। शिकायत करने पर लेखपाल निस्तारण के नाम पर फर्जी रिपोर्ट लगा देता है। कब्जा ज्यों का त्यों बरकरार है।

**केस 3** अमरहवा गांव के प्रेमनारायण पांडेय ने बताया कि आबादी की जमीन में लगे पेड़ को दबंगों ने काट लिया है। साथ ही नल लगाकर कब्जा कर लिया। इसकी शिकायत दो बार की है। गनवरिया के प्रधान बुधराज ने खलिहान की जमीन पर खाद गड्ढा बनाकर अतिक्रमण करने की शिकायत की, लेकिन कार्रवाई शून्य है।

# पुलिस कर्मियों को कराटे का प्रशिक्षण



**बलरामपुर।** पुलिस लाइन में शनिवार को कराटे का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षक ने पुलिस कर्मियों को कराटे चलाने का तरीका सिखाया। विषम परिस्थितियों में पुलिस कर्मियों को अभियुक्तों को दबोचने में कराटे का गुर मददगार साबित होगा। एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर पुलिस लाइन में कर्मचारियों को कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व सीओ ललिया की मौजूदगी में पुलिस कर्मचारियों ने कराटे का प्रशिक्षण लिया। दुर्गा प्रसाद यादव ने प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पासपोर्ट शाखा, आईजीआरएस, कोरोना सेल, वीआईपी सेल, जन सूचना सेल, जन शिकायत प्रकोष्ठ, सम्मन सेल, सोशल मीडिया सेल, मॉनीटरिंग सेल, हेड पेसी व यूपी 112 आदि शाखाओं के कर्मियों को कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। (संवाद)

# कांस्टेबल को मिला नकद पुरस्कार

बलरामपुर। व्हाट्स एप ग्रुप में सबसे अधिक लोगों को जोड़ने वाले कांस्टेबल को 500 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। सीओ ने सभी बीट की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ ललिया राधारमण सिंह ने थाना परिसर में शनिवार को पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। इसमें कहा कि जनसंपर्क स्थापित करके क्षेत्र में होने वाली घटनाओं में अंकुश लगाया जा सकता है। बीट बुक चेक करते हुए सीओ ने पुलिस अफसरों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कांस्टेबल राम सिंगार गौड़ ने अपनी बीट में सबसे अधिक संभ्रात व्यक्तियों को व्हाट्स एप ग्रुप से जोड़ा, इसके लिए सीओ ने कांस्टेबल को 500 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। (संवाद)

# शिकायतों को निपटाने में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अफसरों को दी कड़ी चेतावनी, 194 फरियादियों ने लगाई गुहार

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। फरियादियों के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अफसरों को कड़ी चेतावनी दी है। बार-बार प्रार्थना पत्र दिए जाने की शिकायत को डीएम ने संज्ञान में लिया है। तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान 194 फरियादियों ने शिकायतों का निस्तारण कराने के लिए गुहार लगाई। तीनों तहसीलों में मौके पर कुल 24 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया, और बाकी बचे 170 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के पोर्टल पर अपलोड कराकर तीन दिन में गुणवत्तापूर्ण ढंग से मामले निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए।



तुलसीपुर में फरियादियों की फरियाद सुनतीं डीएम श्रुति व एसपी राजेश कुमार सक्सेना।

तुलसीपुर तहसील सभागार में डीएम श्रुति और एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनी। कई फरियादियों ने डीएम से शिकायत की कि बार-बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। फरियादियों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अफसरों को सख्त निर्देश दिया कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में हीलाहवाली न बरतें।

# गोवध अधिनियम का वांछित गिरफ्तार

बलरामपुर। उतरौला कोतवाली की पुलिस ने गोवध अधिनियम के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि एसआई रमेशचंद्र उपाध्याय की टीम ने बक्सरिया पेट्रोल पंप के पास से ग्राम रजया हरनीडीह निवासी मोनू कुरैशी को गोवध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।(संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-06-2022

# पुलिस ने रेप आरोपी को गिरफ्तार किया

बहराइच। नानपारा कोतवाली पुलिस ने किशोरी से रेप मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गहन पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। नानपारा कोतवाल शमसेर बहादुर सिंह ने बताया कि एक किशोरी से रेप की वारदात के मामले में रेप व पाक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। निरीक्षक अपराध योगेन्द्र कुमार सिंह, सिपाही अजय यादव ने दबिश देकर आरोपी मैना नैवरिया गांव निवासी नफीस उर्फ चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कच्ची शराब बनाते दो लोग गिरफ्तार

बहराइच। खैरीघाट थाने की पुलिस ने दबिश देकर दो लोगों को कच्ची शराब बनाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गहन पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

एसएचओ निखिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि बौंडी के गौड़िहा में अनिल शुक्ला के घर चोरी छिपे तरीके से कच्ची शराब बनाई जा रही है।

जिस पर उपनिरीक्षक अनिल यादव, सिपाही देवेन्द्र यादव, मोहम्मद जुएब ने अनिल शुक्ला के घर दबिश देकर कच्ची शराब बना रहे अनिल शुक्ला उर्फ छोटू व कृपा शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 10 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई है।

# एसएसबी ने 25 लाख की भारतीय मुद्रा बरामद की

**कार्रवाई**

**रुपईडीहा, संवाददाता।** एक भारतीय नागरिक के पास नेपालगंज से रुपईडीहा आते समय स्थानीय एसएसबी की पोस्ट के जवानों ने शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे 25 लाख रुपये भारतीय मुद्रा बरामद की है। एसएसबी के अधिकारियों से कई बार पूछने के बावजूद जानकारी नहीं मिल सकी।

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक मोतीपुर थाने के मिहींपुरवा निवासी 33 वर्षीय उवैद अहमद के पास यह मुद्रा बरामद हुई है। इनकम टेक्स बहराइच के अधिकारियों को बुलाकर यह केस उनके सुपुर्द कर दिया गया। बैंक में धनराशि जमा कर दी गयी। भारत-नेपाल के बीच नए व्यापारिक आदेशों के अनुसार बैंक टू बैंक व्यापार का नियम बन गया है। इस आदेश के अनुसार नेपाल का व्यापारी यदि कोई माल भारत से मंगाना चाहता है तो नेपाल के बैंक में अग्रिम सम्पूर्ण माल का दाम जमा करना पड़ेगा।

**आबकारी महकमे की छापेमारी में 65 लीटर शराब बरामदः बहराइच।** जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने सदर और महसी के रामगांव और बौंडी थाने के धोबीघाट, पत्थर घाट, भोगाजोत, करेहना, मुरव्वा और निम्बुवारी में आबकारी निरीक्षक कैसरगंज और महसी की ओर से औचक छापेमारी की गई। गयी। दबिश के दौरान लगभग 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। लगभग 500 किग्रा लहन नष्ट किया गया।

# 7.29 लाख रुपये की रिकवरी का आदेश

बहराइच। पयागपुर तहसील के हुजूरपुर ब्लॉक के नकहरा अब्बोपुर गांव में विकास कार्यों के दौरान भारी घोटाला किया गया। जांच में धन गबन की पुष्टि होने पर दोषियों के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए 7.29 लाख की धनराशि की रिकवरी के आदेश जारी किए गए हैं।

रिकवरी के लिए डीएम बहराइच को पत्र भेजा गया है तथा जिला मुख्य विकास अधिकारी एवं पुलिस कप्तान को भी फर्जी एवं गलत सरकारी धन निकासी के सम्बन्ध में प्रधान समेत कई कर्मचारियों पर मुकदमा लिखने के लिए लोकपाल मनरेगा कार्यालय से चिट्ठी भेजी गई है। पत्र प्राप्त होने के बाद प्रशासन ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

# गलत वरासत दर्ज करने पर लेखपाल निलम्बित

## कार्रवाई

- प्रकरण का डीएम ने कड़ा संज्ञान लिया, राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी
- दोषी कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू

बहराइच, संवाददाता। नानपारा तहसील इलाके के एक पंचायत में गलत वरासत दर्ज किए जाने पर दोषी लेखपाल को निलम्बित कर दिया गया है। जबकि राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है। इन दोषी कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

नानपारा तहसील ग्राम पाठकपुरवा में खाता संख्या 99 व 102 पर अंकित खातेदार स्व. खेलावन पुत्र छंगा की भूमि की वरासत क्षेत्रीय लेखपाल संजीव कुमार रवि व राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह की ओरसे मृतक के भाई राममिलन पुत्र छंगा के नाम कर दी गयी। जबकि मृतक की जायज वारिस पुत्री लक्ष्मी उर्फ नीता पुत्री स्व. खेलावन पत्नी रमेश निषाद थी। प्रकरण संज्ञान में आने पर न्यायालय तहसीलदार नानपारा की ओर से इस वरासत को निरस्त कर भूमि की वरासत लक्ष्मी उर्फ नीता पुत्री स्वर्गीय खेलावन पत्नी रमेश निषाद के नाम अंकित कर दी गयी।

गलत वरासत दर्ज करने के प्रकरण का कड़ा संज्ञान लेते हुये जिला अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देश पर लेखपाल संजीव कुमार रवि को निलम्बित कर इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है तथा राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गयी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 699 में 43 मामलों का निस्तारण



मिहींपुरवा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। मिहींपुरवा तहसील में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, एसपी केशव कुमार चौधरी, एसडीएम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी फरियादियों की समस्याएं सुनी। डीएम ने समस्याओं के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

ग्राम गूढ़ की दुर्गावती की खतौनी के खाता संख्या 935 पर अंकित मगन के नाम दुरुस्ती प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने दुरुस्त खतौनी फरियादी को तत्काल उपलब्ध करा दी। समाधान दिवस में 104 प्रार्थना पत्रों में से छह का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। स्टालों के निरीक्षण के दौरान आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर डीएम व एसपी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्रासन भी कराया। सीएमओ डा. एसके सिंह, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, सीवीओ डा. एमके सचान मौजूद रहे।

तहसील सदर बहराइच में सीडीओ कविता मीना ने एसडीएम सौरभ गंगवार के साथ समस्याएं सुनी। यहां आए 43 प्रार्थना पत्रों में तीन, महसी में 81 में चार, नानपारा 112 में आठ, कैसरगंज 165 में 13 व पयागपुर में 194 में नौ प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# गहमा-गहमी के बीच हुई क्षेत्र पंचायत शिवपुर की बैठक

**संसू, शिवपुर (बहराइच):** क्षेत्र पंचायत शिवपुर की बैठक विकास खंड कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक में अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं संबंधित जानकारी दी। प्रधानों ने समस्याओं के बारे में बताया।

प्रधानसंघ ने सीएचसी प्रभारी डा. नलिन राजा से कहा कि एएनएम प्रधानों से कोई संपर्क नहीं रखती है। पशु अस्पताल शिवपुर के प्रभारी डा. एसबी यादव ने पशु अस्पतालों को भी एंबुलेंस की सेवा के बारे में बताया कि कोई भी 1962 नंबर मिलाकर पशु एंबुलेंस की सेवा हासिल कर सकता है। मुख्य अतिथि विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा महिलाओं का उत्थान ही सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में खंड शिक्षाधिकारी बलदेव प्रसाद, घनश्याम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम सिंह जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सालिकराम लोधी, रामगोपाल लोधी, प्रधान संघ के अध्यक्ष कमल प्रसाद, बुल्लू सिंह आदि मौजूद रहे।

## पंचायत सदस्यों की बैठक में पौधारोपण पर चर्चा

**रुपईडीहा :** ग्राम सचिवालय केवलपुर के सभागार में पंचायत सदस्यों की बैठक में पर्यावरण पर दिवस पौधारोपण कराने की योजना पर चर्चा की गई। पंचायत सदस्यों ने रामलीला और सेंट्रल बैंक चौराहे पर एक सप्ताह पूर्व लगी हाईमास्ट लाइटें न जलने की शिकायत की। कस्बे की जल निकासी व पूर्व में बनी स्वच्छता समिति के प्रपत्र देखने की मांग की गई। स्वच्छता समिति में निष्क्रिय सदस्यों को हटा कर नए सदस्य जोड़ने की योजना बनी। बैठक में प्रधान हाजी अब्दुल कलीम, डा. सनत कुमार शर्मा, व्यापार संघ रुपईडीहा के अध्यक्ष विजय कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र, किसान संघ के भीमसेन मिश्र, जेई अजयकुमार वर्मा व ग्राम पंचायत सदस्य शेर सिंह कसौधन मौजूद रहे।

# मानकों के विपरीत चल रहे सरकारी वाहनों पर अब कसेगा शिकंजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले के विभिन्न विभागों में पंजीकृत सरकारी वाहनों की फिटनेस, वाहन प्रदूषण मुक्त प्रमाणपत्र व हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट आदि को लेकर शासन के निर्देश पर एआरटीओ महकमे ने शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। महकमा सरकारी विभागों के जिम्मेदारों को नोटिस भेजकर वाहनों के मानकों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए है।

जनपद के जिला चिकित्सालय, वन विभाग, पूर्ति विभाग, नगर पालिका, पुलिस, बिजली, मंडी परिषद, जिला पंचायत समेत एक दर्जन से अधिक ऐसे विभाग हैं, जिनको सरकार की ओर से वाहन मुहैया कराया गया है। विभाग को मुहैया कराए गए वाहन की कई वर्षों से फिटनेस आदि की जांच नहीं हुई है। वाहनों के प्रदूषण मुक्त प्रमाणपत्र निर्गत नहीं हुए हैं। सरकार की ओर से जारी की

## शासन के निर्देश पर एआरटीओ ने विभागों के जिम्मेदारों को जारी किया नोटिस

गई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट भी कई वाहनों में नही लगाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद वाहनों पर विभाग के जिम्मेदार बैठकर अपने विभागीय कार्य को निस्तारित कर रहें हैं।

शासन की ओर से अब ऐसे मानक के विपरीत सड़कों पर फर्राटा भर रहे सरकारी वाहनों को मानक के अनुसार चलाने के निर्देश जारी किए हैं। शासन की ओर से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को पत्र जारी कर ऐसे वाहनों को चिह्नित कर वाहनों के नियमानुसार कागजों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं। एआरटीओ प्रशासन ने सरकारी विभागों के वाहनों को चिह्नित कराकर अब विभाग के जिम्मेदारों को नोटिस भेजने की कवायद में जुट गया है।

### शिविर लगाकर होगी जांच

जिले के विभिन्न सरकारी विभाग के 450 वाहनों को चिन्हित किया गया है। वाहनों के मानकों को पूरा करने के लिए सहायक संभागीय कार्यालय में शिविर लगाकर वाहन प्रदूषण मुक्त प्रमाणपत्र निर्गत कराया जाएगा। वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाकर सभी के फिटनेस आदि का जांच कराकर ही वाहनों पर सड़को संचालित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी। **-राजीव कुमार,** एआरटीओ प्रशासन

एआरटीओ महकमे की मानें तो जिले के सरकारी विभागों में 450 ऐसे वाहन संचालित हो रहे हैं। जिनके मानक केंद्रीय मोटरयान नियमावली के प्रावधानों के तहत पूरे नहीं हैं।

# एसएसबी ने बरामद किए 25 लाख रुपये

**रूपईडीहा (बहराइच)।** सशत्र सीमाबल 42वीं वाहनी की टीम ने शनिवार की शाम नेपाल से आ रहे एक व्यक्ति के पास तालाशी के दौरान 25 लाख की नगदी बरामद किया है। व्यक्ति द्वारा रूपए के लेनदेन की सही जानकारी न देने पर टीम ने मौके पर इनकम टैक्स के अधिकारियों को बुलाकर बरामद रकउ को उनके सुपुर्द कर दिया है।

एसएसबी 42वीं वाहिनी के उपकमांडेंट अनिल यादव ने बताया कि एसएसबी के निरीक्षक अरुण कुमार की अगुवाई में शनिवार की शाम भारत नेपाल सीमा पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

बताया कि इसी दौरान नेपाल से रूपईडीहा आ रहे एक व्यक्ति के पास से जांच के दौरान 25 लाख रूपए की नगदी बरामद हुई। उपकमांडेंट यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम मिहींपुरवा निवासी उबैद बताया। रकम के बारे में वह कोई सही कारण नहीं बता पाया, इसलिए बरामद रूपए को मौके पर इनकम टैक्स के अधिकारियों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया है। (संवाद)

# ढाई क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद

**बहराइच।** शासन के निर्देश पर नपाप की टीम ने शनिवार की सुबह शहरी क्षेत्र में प्रतिबंधित पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने बड़ी सब्जी मंडी समेत अन्य दुकानों से दो क्विंटल 70 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर 17 हजार 725 रुपये जुर्माना वसूला। टीम की अचानक छापा मारने पर सब्जी मंडी में प्रतिबंधित पॉलीथिन बेच रहे विक्रेता पॉलीथिन छोड़कर भाग खड़े हुए।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी की अगुवाई में सफाई निरीक्षक सुरेश गोविंद मिश्रा, अवनीश दूबे, आरआई सतीश यादव, डीपीएम गौतम मिश्रा, चौकी चौक प्रभारी राम सुधार की टीम ने शहर के चौक बाजार में शनिवार की भोर बड़ी सब्जी मंडी परिसर में छापेमारी की। टीम ने यहां से ढाई क्विंटल प्रतिबंधित पालिथीन बरामद की। टीम की अचानक छापेमारी से प्रतिबंधित पॉलीथिन बेच रहे विक्रेता पॉलीथिन छोड़कर भाग खड़े हुए। इसके बाद टीम ने चौक बाजार स्थित दुकानों को खंगालना शुरू किया। इस दौरान टीम ने

## नपाप प्रशासन की टीम ने भोर में अभियान चलाकर की कार्रवाई



**विभिन्न दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ छापामारी करते अधिकारी।** -संवाद

दुकानों से भी 20 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन को बरामद कर 17 हजार 725 रुपये का जुर्माना वसूला। डीपीएम मिश्रा ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रतिबंधित प्लास्टिक की निर्मित वस्तुओं का प्रयोग न करें। कपड़े से निर्मित झोले का ही प्रयोग करते हुए नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में नपाप प्रशासन को अपना सहयोग प्रदान करें।

# गलत वरासत पर लेखपाल निलंबित

**बहराइच।** तहसील नानपारा के ग्राम पाठकपुरवा के खाता संख्या 99 व 102 पर अंकित खातेदार स्व. खेलावन पुत्र छंगा की भूमि की वरासत क्षेत्रीय लेखपाल संजीव कुमार रवि व राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह द्वारा मृतक के भाई राममिलन पुत्र छंगा के नाम कर दी गई। जबकि मृतक की वारिस पुत्री लक्ष्मी उर्फ नीता पत्नी रमेश निषाद थी। यह प्रकरण संज्ञान में आने पर न्यायालय तहसीलदार नानपारा द्वारा उक्त वरासत को निरस्त कर भूमि की वरासत लक्ष्मी उर्फ नीता पुत्री स्व.खेलावन के नाम अंकित कर दी गई। गलत वरासत दर्ज करने का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र के निर्देश पर लेखपाल संजीव कुमार रवि को निलंबित कर इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। (संवाद)

# अवैध शराब व लहन के साथ एक गिरफ्तार

## ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** आबकारी विभाग की ओर से अवैध शराब का कारोबार करने वालों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को भी लगातार तीसरे दिन विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध शराब व लहन बरामद किया। इसके साथ ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान तीन अभियोग पंजीकृत किए गए।

आबकारी विभाग की टीम ने तहसील महसी अंतर्गत थाना रामगांव व बौंडी के धोबीघाट, पत्थर घाट, भोगाजोत, करेहना, मुख्वा व निम्बुवारी में छापा मारा गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों से लगभग 65 लीटर कच्ची शराब व पांच सौ किलोग्राम लहन बरामद की गई। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। अवैध शराब के धंधे में लिप्त एक अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार भी किया गया। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल रवाना कर दिया गया। जबकि कुल तीन अभियोग पंजीकृत किए गए। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि बीते कई दिनों से जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों में छापा मारा जा रहा है। अभियान के दौरान भारी मात्रा में शराब व शराब बनाने के उपकरण समेत कई अभियुक्त भी गिरफ्तार किए गए हैं।



महसी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ छापा मारती आबकारी विभाग की टीम। -संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-06-2022

# 80 वाहनों का चालान किया

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 80 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर एक लाख 11 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# हत्यारोपी की जमानत अर्जी खारिज

**श्रावस्ती।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने भिनगा नगर में हुई महिला की हत्या के आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। भिनगा नई बाजार में 24 अप्रैल 2022 को घर में घुसकर ममता आर्य पत्नी अरुण प्रकाश आर्य की हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने दीपू मिश्रा निवासी भिनगा को आरोपी बनाया था। दीपू मिश्रा की ओर से न्यायालय में जमानत अर्जी प्रस्तुत की गई थी।

# जमानत खारिज

**श्रावस्ती।** इकौना थाना क्षेत्र निवासी सनत कुमार कसौधन ने थाने में तहरीर देकर एक मोटरसाइकिल एजेंसी के नाम पर धोखाधड़ी कर खाते में रुपया जमा करवाने का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में नई दिल्ली निवासी अशोक सिंह उर्फ महिपाल को पुलिस ने आरोपी बनाया था और जेल भेजा था। अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह ने बताया कि महिपाल सिंह की ओर से जनपद एवं सत्र न्यायाधीश के यहां जमानत अर्जी प्रस्तुत की गई थी जिसे जनपद न्यायाधीश ने खारिज कर दिया है।

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

## मिशन शक्ति

श्रावस्ती, संवाददाता। बीट पुलिस अधिकारी व शक्ति मोबाइल की ओर से महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को शक्ति मोबाइल की टीम ने भीड़ भाड़ वाले स्थानों में जाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं व लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया।

पुलिस विभाग की ओर से मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसके पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर थाना स्तर पर गठित शक्ति मोबाइल, महिला बीट पुलिस अधिकारी की टीम की ओर से विभिन्न कस्बों, क्षेत्रों, बाजारों, मॉल व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जांच अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा दल में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला सिपाहियों ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। महिलाओं को इसका सदैव अहसास होना चाहिए। कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें।

# पांच पर गैंगस्टर की कार्रवाई

श्रावस्ती। अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। थाना गिलौला पुलिस की ओर से पांच शातिर अपराधी जाबिर अली, आशिक अली निवासीगण नुरूद्दीनचक जनपद बहराइच, छोटू निवासी दरगाह शरीफ, बाबू पुत्र सुल्तान व आफताब उर्फ भैया पुत्र अशरफ बंजारा निवासीगण नुरूद्दीन चक दरगाह थाना दरगाह शरीफ बहराइच के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी। पुलिस के अनुसार इनका एक संगठित गिरोह है। जिसका लीडर जाबिर पुत्र शाबिर है।

# व्यापारी ने रची थी खुद के साथ लूट की साजिश

**खुलासा**

- पुलिस को व्यापारी ने दी थी झूठी लूट की सूचना
- छह घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

**लक्ष्मनपुर (श्रावस्ती), संवाददाता।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक सनसनी खेज खुलासा किया। पुलिस ने खुद के साथ लूट की साजिश रचने वाले चाचा भतीजे को गिरफ्तार कर लूट के रुपये भी बरामद कर लिए। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र भिनगा के ग्राम संग्रामगंज निवासी गल्ला व्यवसायी अब्दुल करीम उर्फ कल्लू पुत्र छेदन ने शुक्रवार को थाना कोतवाली प्रार्थना पत्र देकर खुद के साथ लाखों रुपये लूट होने की शिकायत दर्ज कराई। अब्दुल ने पुलिस को जानकारी दी कि वह देर शाम को बाइक से घर जा रहा था। इस दौरान भिनगा से बठिहवा जाने वाली सड़क पर स्थित रेहली भट्टे के पास दो बाइक पर सवार चार लोगों ने उसके तीन लाख 45 हजार रुपये के साथ ही एक मोबाइल लूट लिए हैं। इस सूचना पर पुलिस की ओर से मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई।

मामले की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से रात में ही घटना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने घटना का सफल अनावरण करने व घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा के साथ ही पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को लगा दिया। संयुक्त टीम ने छह घण्टे के अन्दर लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह आरोपी कोई और नहीं बल्कि लूट की सूचना देने वाला अब्दुल करीम व उसका भतीजा अकबर हसन निकला। शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि अब्दुल किसानों से गल्ला खरीदने का व्यवसाय करता है। जिसने कई किसानों से गल्ला खरीदा था और शुक्रवार को उसे डीसीएम पर लाद कर बहराइच बेंचने गया था। किसानों को उनके रुपये न देना पड़े। इसलिए अब्दुल ने अपने भतीजे अकबर हसन पुत्र कलहे के साथ मिलकर लूट की झूठी साजिश रची और पुलिस को गुमराह किया। टीम ने सीसीटीवी खंगाले व घटनास्थल का निरीक्षण किया तो मामला संदिग्ध लगा। इस पर पुलिस ने अब्दुल को हिरासात में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो सारा सच सामने आ गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन लाख 45 हजार रुपये व मोबाइल फोन बरामद कर जब्त कर लिया है। साथ ही दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## समाधान दिवस में 12 शिकायतें निस्तारित

**श्रावस्ती।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने भिनगा तहसील में समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस मौके पर कुल 282 शिकायतें आयीं जिसमें मात्र 12 का निस्तारण किया जा सका। डीएम ने कहा कि भूमि विवादों को निष्पक्ष ढंग से निपटाने के निर्देश दिए हैं।

# छह घंटे में लूट की झूठी घटना का किया राजफाश

- घटना बनाने वाला आरोपित व उसका भतीजा गिरफ्तार
- तीन लाख 45 हजार रुपये व मोबाइल फोन बरामद

**जासं, श्रावस्ती :** शुक्रवार को संग्रामगंज गांव निवासी युवक ने भिनगा कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि भिनगा-बंठिहवा मार्ग पर रेहली भट्ठे के पास दो बाइक पर सवार चार लोग उसका तीन लाख 45 हजार रुपये व मोबाइल फोन छीन कर भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छह घंटे के अंदर लूट की झूठी घटना बनाने वाले आरोपित व उसके भतीजे को रुपये व मोबाइल फोन समेत दबोच लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम को एसपी ने 15 हजार रुपये पुरस्कार दिया है।

एसपी ने बताया कि संग्रामगंज गांव के अब्दुल करीम उर्फ कल्लू की ओर से भिनगा कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया गया कि भिनगा से बठिंहवा जाने वाली रोड पर रेहाली भट्ठे के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग उसके तीन लाख 45 हजार रुपये व मोबाइल फोन छीन कर भाग गए हैं। एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर तत्काल अनावरण करने व इसमें शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को लगाया। संयुक्त टीम ने छह घंटे के अंदर लूट की घटना का राजफाश करते हुए आरोपित अब्दुल करीम उर्फ कल्लू व उसके भतीजे अकबर हसन को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अब्दुल करीम उर्फ कल्लू से कड़ाई से पूछताछ व सीसी कैमरे के फुटेज की मदद ली गई, तो पता चला कि वादी किसानों से खरीदा हुआ गल्ला डीसीएम में लदवाकर बेचने के लिए बहराइच गल्ला मंडी भतीजे अकबर हसन के साथ बाइक से गया था।

गल्ला तीन लाख 45 हजार रुपये का बिका था। गल्ला का रुपया किसानों को न देना पड़े, इसलिए उसने लूट की झूठी घटना बनाई थी।

# चरस के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : मल्हीपुर पुलिस टीम ने सुजान डीह जंगल के पास से बदला चौराहा निवासी मेराज अहमद व बहोरवा गांव के कासिम को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से क्रमश: 600 ग्राम व 400 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपितों पर कार्रवाई की गई। (वि.)

# 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

श्रावस्ती : गिलौला पुलिस टीम ने रामप्यारी कैथौली निवासी दद्दू को गिरफ्तार कर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। कार्रवाई की गई है। (वि.)

# 277 शिकायतों में सिर्फ 12 निस्तारित

## डीएम बोलीं– कागज पर नहीं धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण

**संपूर्ण समाधान दिवस**

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** शनिवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 277 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से मौके पर सिर्फ 12 का निस्तारण किया जा सका। डीएम नेहा प्रकाश ने भिनगा तहसील में आयोजन की अध्यक्षता की। कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याएं सुनें। फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिकायतों का निस्तारण कागज पर नहीं धरातल पर दिखना चाहिए। इसमें फर्जीवाड़ा मिला तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

डीएम ने कहा कि सरकार के मंशानुसार तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारी अपने तैनाती स्थल पर निवास करें। फरियादियों की समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से मामले को निस्तारित कराए। इसमें लापरवाही न बरती जाएं। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें। किसी भी क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों का थानाध्यक्ष समय-सीमा के अंदर निस्तारित करें।



भिनगा तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम ( बाएं से दूसरे ) व एसपी ● जागरण

**प्राप्त शिकायतें और निस्तारण का विवरण**

| तहसील | प्राप्त शिकायत | निस्तारित |
|---|---|---|
| भिनगा | 72 | 05 |
| जमुनहा | 77 | 05 |
| इकौना | 128 | 02 |
| कुल | 277 | 12 |

# व्यापारी की पत्नी के हत्यारोपित की जमानत खारिज

भिनगा : जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) केपी सिंह ने बताया कि 24 अप्रैल को भिनगा के नई बाजार मुहल्ले में व्यापारी की पत्नी की दिनदहाड़े चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। शनिवार को आरोपित की जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने खारिज दी। (संसू)

# पांच बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**जासं, श्रावस्ती :** गिलौला पुलिस टीम ने पांच शातिर अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। आरोपितों की ओर से गैरजनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया गिलौला पुलिस टीम की ओर से बहराइच जिले के दरगाह क्षेत्र के नूरुद्दीनचक निवासी जाबिर अली, आशिक अली, बाबू, आफताब उर्फ भैया व टांडा बगिया दरगाह शरीफ निवासी छोटू के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। इनका एक संगठित गिरोह है। इसका लीडर जाबिर अली है।

बवासीर
खूनी, मस्से, मोके, पुरानी
से पुरानी बवासीर के लिए

# किसानों का पैसा हजम करने के लिए रची लूट की साजिश

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** किसानों से खरीदे गए अनाज का पैसा न देना पड़े। इसके लिए बिचौलिए ने भतीजे के साथ मिल कर लूट का नाटक रचा। घटना का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने बिचौलिए चाचा व उसके भतीजे को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से पुलिस ने लूट का पूरा पैसा व मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि तीन जून को कोतवाली भिनगा के ग्राम संग्रामगंज निवासी अब्दुल करीम उर्फ कल्लू पुत्र छेदन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें उसका आरोप था कि बठिंहवा जाने वाले मार्ग पर रेहाली भट्टे के पास दो मोटरसाइकिल सवार चार लोगों ने उससे 3,45,000 रुपये व एक मोबाइल छीन लिया था। जिसका मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना का खुलासा करते हुए अब्दुल करीम व उसके भतीजे अकबर हसन पुत्र कलहे को गिरफ्तार किया गया।

## चाचा ने भतीजे के साथ मिल कर किया लूट का नाटक, दोनों गिरफ्तार

पूछताछ में वादी मुकदमा अब्दुल करीम ने बताया कि वह किसानों से खरीदा हुआ गल्ला डीसीएम में लदवाकर बेचने के लिए बहराइच गल्ला मंडी अपने भतीजे अकबर हसन के साथ मोटरसाइकिल से गया था। जहां गल्ला 3,45,000 रुपये का बिका था। गल्ला का रुपया किसानों को ना देना पड़े इसलिए उसने लूट की झूठी घटना बनाई थी। वादी के निशादेही पर पुलिस द्वारा वादी के घर से घटना मे दर्शाया गया पूरा पैसा व मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया। वादी अब्दुल करीम व उसके भतीजे अकबर हसन के विरुद्ध संबंधित धारा में कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

# हत्याआरोपी नौकर की जमानत खारिज

**श्रावस्ती।** भिनगा नगर के व्यवसायी अरुण प्रकाश आर्य की पत्नी ममता आर्य की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने उसके नौकर चितईपुर के मजरा उदईपुर निवासी दीपू मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दीपू द्वारा जिला जज न्यायालय पर जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह द्वारा विरोध किया गया। इसके बाद जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने हत्याआरोपी नौकर की जमानत खारिज कर दिया। (संवाद)

# जालसाज की जमानत खारिज

**श्रावस्ती।** इकौना थाना क्षेत्र के इकौना बाजार निवासी संत कुमार कसौंधन ने एक मोटरसाइकिल एजेंसी लेने के लिए उत्तराखंड के जिला व थाना अल्मोड़ा अंतर्गत कचुला निवासी अशोक सिंह उर्फ महिलापाल सिंह बोरा से संपर्क किया था। जिसके द्वारा संत कुमार से अपने खाते में छह लाख 87 हजार 200 रुपये जमा कराया गया। इसके बाद उसे एजेंसी नहीं दी गई। संत कुमार की तहरीर पर इकौना पुलिस ने अशोक सिंह के विरुद्ध जालसाजी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिसके द्वारा जिला जज न्यायालय पर जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केपी सिंह द्वारा विरोध किया गया। इसके बाद जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी अशोक सिंह उर्फ महिलापाल सिंह बोरा की जमानत खारिज कर दी है। (संवाद)

## एक किलोग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार शाम दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने एक किलोग्राम चरस बरामद की। मल्हीपुर थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह शुक्रवार शाम क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि सुजानडीह जंगल के पास दो लोग मौजूद हैं। जिनके द्वारा चरस का कारोबार किया जाता है। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर पहुंच कर छापा मारा। जहां से दो लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान गिरफ्तार मेराज अहमद निवासी बदला चौराहा के कब्जे से 600 ग्राम व कासिम निवासी बहोरवा के कब्जे से 400 ग्राम चरस बरामद की। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट मे कार्रवाई कर जेल भेजा गया। (संवाद)

# समाधान दिवस में निपटे 12 मामले



श्रावस्ती। जिले की तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 280 शिकायतें आईं। इनमें से 12 मामलों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। भिनगा में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने की। इस दौरान यहां पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य की उपस्थिति में कुल 72 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। इकौना में 128 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण किया गया। जबकि जमुनहा में कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से मौके पर ही पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान भिनगा में एसडीएम प्रवेंद्र कुमार, डीएफओ एपी यादव, तहसीलदार भिनगा रामप्यारे, डीडीओ विनय कुमार तिवारी, पीडी इंद्रपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व फरियादी मौजूद रहे। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

श्रावस्ती। गिलौला पुलिस ने शुक्रवार को गश्त के दौरान टेड़वा पुलिया के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के लोधनपुरवा निवासी मोतीलाल के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की। (संवाद)

# चौपाल लगा महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों के गांवों में शक्ति मोबाइल टीम में शामिल महिला आरक्षियों द्वारा महिलाओं व युवतियों को एकत्र कर उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार भिनगा कोतवाली क्षेत्र के सरदारपुर, गुलहरिया, सलारपुर, कुरशाहा में महिला आरक्षी सोनी देवी व अर्जिता यादव द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090 व उनके अधिकार के बारे में बताया। वहीं महिला आरक्षी द्वारा महिलाओं को सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस दौरान छात्राओं व ग्रामीणों को पंफलेट भी वितरित किया गया। इसी के क्रम में नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती, गिलौला, सोनवा थाना क्षेत्र में नारी सुरक्षा दल द्वारा भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। (संवाद)

# पांच शातिरों पर लगा गैंगेस्टर

**श्रावस्ती।** गिलौला थाना क्षेत्र में अपराध का पर्याय बने पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इनमें बहराइच के थाना दरगाह शरीफ अंतर्गत नूरूद्दीनचक निवासी जाबिर अली, बाबू, आफताब उर्फ भैया व आशिक अली, टंडा बगिया निवासी छोटू का नाम शामिल है। पुलिस के अनुसार ये सभी एक संगठित गिरोह चलाते हैं। जिनका लीडर जाबिर अली है। जिनके द्वारा आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए आसपास के जिलों में चोरी की घटनाएं की जाती रही हैं। (संवाद)